kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-15 | अंक-148 | रविवार, 28 जून 2026 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम की लंबी अवधि की सफलता के लिए इनोवेशन, टेक्नोलॉजी को अपनाना और लगातार सीखते रहना जरूरी है। सीपी राधाकृष्णन

दो साल में 500 शहरों और गांवों तक पहुंचेगी सेवा 11

पंजाब में एक जुलाई से लागू होगी विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन योजना 12

## संक्षेप

### लाल किला धमाका: तीन और आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पिछले साल दिल्ली लाल किला बम धमाके में तीन और आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। इनमें एक फरार पीडियाट्रिशियन (बच्चों का डॉक्टर) भी शामिल है, जिसकी पहचान एक आतंकी मॉड्यूल के संस्थापक सदस्य के रूप में हुई। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि एनआईए ने पटियाला हाउस कोर्ट में दाखिल पूरक आरोप पत्र में जमीर अहमद अहंगर, तुफैल अहमद भट और फरार मुज़फ्फर अहमद (उर्फ फराज उर्फ जफर) को आरोपी बनाया है। ये सभी जम्मू-कश्मीर के रहने वाले हैं। अधिकारियों ने बताया कि अब तक कुल 13 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। इनमें मुख्य आरोपी डॉ. उमर उन नबी भी शामिल है, जो विस्फोटक से भरी कार का ड्राइवर थ और धमाके में मारा गया था। एनआईए के बयान के मुताबिक, पीडियाट्रिशियन (एमबीबीएस, एमडी) मुजफ्फर अहमद सह-आरोपी डॉ. अदील अहमद राथर का बड़ा भाई और अंसार गजवत-उल-हिंद (एजीयूएच) का संस्थापक सदस्य है। यह संगठन अल-कायदा से जुड़ा है.

### क्रॉस वोटिंग मामले में भाजपा की जांच समिति ने रिपोर्ट सौंपी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में हाल ही में संपन्न विधान परिषद (एमएलसी) चुनाव में हुई क्रॉस-वोटिंग की जांच के लिए बनाई गई भाजपा की तीन सदस्यीय तथ्य खोज समिति ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट राज्य इकाई के अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र को सौंप दी। सूत्रों के अनुसार, संदिग्ध माने जाने वाले लोगों की एक सूची तैयार की गई और उनसे बातचीत की गई। समिति के प्रमुख और वरिष्ठ एमएलसी सी.टी. रवि ने कहा कि रिपोर्ट में जांच के दौरान जुटाई गई जानकारी शामिल है और इसमें उन क्षेत्रों की पहचान की गई है जहां भाजपा को अधिक आंतरिक सावधानी बरतनी चाहिए थी।

### प्रदेश में स्कूल बसों के खिलाफ पहली से जांच अभियान

**लखनऊ।** परिवहन विभाग एक जुलाई से स्कूली बसों की फिटनेस जांच के लिए विशेष अभियान चलाएगा। इस दौरान बसों की तकनीकी खराबी, फिटनेस, सुरक्षा मानको की जांच की जाएगी। साथ ही चालकों का भी भौतिक सत्यापन, जांच भी होगी। बॉडी की संरचना, बस की छत की निर्धारित भार मानक के अनुसार मजबूत, सीट तथा सीट एवं एंकरेज ट्रेट, बॉडी चेसिस माउंटिंग टेस्ट, आपातकालीन गेट की जांच होगी। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि अभियान का लक्ष्य न केवल नियम लागू करना बल्कि स्कलू परिवहन को जवाबदेह और पारदर्शी बनाना है। बसों में क्षमता के अनुरूप (02 केजी) एबीएस टाइप, ड्राई पाउडर, फायर उपकरण की जांच की जाएगी। अभियान के दौरान यह भी देखा जाएगा कि स्कूल बसों के लिए अधिनियम 125-सी सीएमवीआर 1989 के उपनियम दो के तहत विशेष मानक निर्धारित किए गए है।

# जेवर बनेगा भारत का सोलर मैन्युफैक्चरिंग हब : योगी

## यूपी में 20 हजार मेगावाट रिन्यूएबल एनर्जी पैदा करने का लक्ष्य

एजेंसी



- गौतम बुद्ध नगर में 8200 करोड़ रुपये के निवेश से एसएईएल के सोलर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का शिलान्यास किया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने
- पीएम सूर्यघर योजना से 6 लाख परिवारों का बिजली बिल 60 प्रतिशत तक घटा, यूपी में बढ़ी सौर ऊर्ज़ा की ताकत
- सोलर प्रोजेक्ट से 20 हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार, कंपनी वर्ष 2030 तक 20 हजार करोड़ रुपये तक बढ़ाएगी निवेश

जेवर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रिन्यूएबल व ग्रीन एनर्जी आज की आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश ने 20 हजार मेगावाट रिन्यूएबल एनर्जी पैदा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है और जेवर क्षेत्र जल्द ही भारत का सोलर मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा। इससे चीन आदि देशों पर निर्भरता कम होगी। पीएम सूर्यघर योजना से प्रदेश के 6 लाख परिवारों का बिजली बिल 60 प्रतिशत तक घटा है, यह यूपी में बढ़ती सौर ऊर्ज़ा शक्ति का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री शनिवार को गौतम बुद्ध नगर के जेवर क्षेत्र में 8200 करोड़ रुपये के निवेश से एसएईएल के इंटीग्रेटेड सोलर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का शिलान्यास करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश बनाने में एसएईएल की बड़ी भूमिका होगी। मुझे विश्वास है कि हम जल्द ही यूपी को सोलर मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित करने का काम करेंगे। पीएम मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में पिछले 12 वर्ष में भारत ने दुनिया में एक नई सशक्त पहचान बनाई है। लोग सबसे तेज अर्थवस्थवस्था के रूप में भारत को बढ़ता देख रहे हैं। हमारा लक्ष्य अगले दो-तीन वर्षों में यूपी में 20 हजार मेगावाट रिन्यूएबल एनर्जी पैदा करना है। सीएम ने कहा कि मोदी जी ने दुनिया के देशों को प्रदूषण मुक्त वातावरण देने के लिए प्रेरित किया। रिन्यूएबल व ग्रीन एनर्जी के लिए आक्रामक रणनीति अपनाई। उसी का परिणाम है कि यूपी जैसे राज्य में 6 लाख से अधिक परिवार पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर पैनल लगाकर ऊर्जा की आत्मनिर्भरता प्राप्त कर रहे है। इनके बिजली बिलों में भी लगभग 50-60 प्रतिशत की कमी आई है। आज यूपी 2 हजार मेगावाट से अधिक बिजली सोलर पैनल से उत्पन्न कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी योजना अगले दो-तीन वर्षों के अंदर यूपी में 20 हजार मेगावाट तक रिन्यूएबल एनर्जी का लक्ष्य प्राप्त करना है। फिलहाल हम 6 हजार मेगावाट तक रिन्यूएबल एनर्जी से प्राप्त कर रहे हैं। ग्रीन एनर्जी का स्रोत सोलर के अलावा पराली भी है। किसान पराली को जलाकर प्रदूषण न करें, बल्कि उसे सीबीजी प्लांट तक पहुंचा दें तो वहां इससे सीएनजी, कंप्रेस्ड बायोगैस और इथेनॉल बन सकता है। किसानों को अतिरिक्त आय भी होगी। सीएम ने कहा कि एथेनॉल ब्लेंडिंग पॉलिसी लागू होने के बाद यूपी सबसे ज्यादा एथेनॉल उत्पादन वाले राज्य के रूप में स्थापित हुआ है। इसने हमारी शुगर इंडस्ट्री को आत्मनिर्भर बना दिया है। करीब एक दशक पहले हताशा-निराशा से जूझ रहे किसानों को हमने पिछले 9 वर्ष के अंदर 3.22 लाख करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान किया। हम गन्ने से चीनी व एथेनॉल भी बना रहे हैं। देश का लगभग 55 फीसदी एथेनॉल उत्पादन अकेले उत्तर प्रदेश कर रहा है। सबसे ज्यादा सीबीजी प्लांट यूपी में लगे हैं। हमारा लक्ष्य अगले एक वर्ष में 100 सीबीजी प्लांट स्थापित करना है। सीएम योगी ने कहा कि एसएईएल ने नई तकनीक के साथ सोलर मैन्युफैक्चरिंग कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है। इस प्लांट से 5 गीगावाट सोलर सेल और 5 गीगावाट सोलर मॉड्यूल निर्माण क्षमता विकसित करने का लक्ष्य है। यह सोलर मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में भारत की निर्यात क्षमता को बढ़ाने में बड़ी भूमिका का निर्वहन करेगा। अभी तक जिन कार्यों के लिए हमें चीन या दुनिया के अन्य देशों पर निर्भर रहना पड़ता था, अब वह टेक्नोलॉजी इसी जेवर में तैयार होगी। इसके माध्यम से हजारों प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन भी ● शेष पेज 11 पर

# सेशेल्स भारत का अहम समुद्री साझेदार: मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सेशेल्स हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का महत्वपूर्ण समुद्री साझेदार है। शनिवार को तीन दिवसीय यात्रा पर सेशेल्स पहुंचे प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट में ये बात कही। उन्होंने कहा कि ये यात्रा दोनों देशों के संबंधों को मजबूत बनाने का आधार बनेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सेशेल्स भारत का घनिष्ठ मित्र है। मैं इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को और मजबूत करने और नागरिकों के हित में सहयोग बढ़ाने को लेकर सार्थक चर्चा होगी। यात्रा पर रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री ने सेशेल्स को महत्वपूर्ण समुद्री पड़ोसी बताते हुए कहा था कि यह देश भारत के विजन महासागर पहल और ग्लोबल साउथ के हितों को आगे बढ़ाने के प्रयासों में अहम भूमिका निभाता है। प्रधानमंत्री मोदी की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा ऐसे समय हो रही है जब सेशेल्स अपने राष्ट्रीय दिवस की स्वर्ण जयंती मना रहा। प्रधानमंत्री मोदी इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय दिवस समारोह में शामिल होंगे। समारोह 1976 में ब्रिटेन से स्वतंत्रता प्राप्त करने के 50 वर्ष पूरे होने पर आयोजित किया जा रहा। विदेश मंत्रालय के अनुसार, हिंद महासागर क्षेत्र भारत-सेशेल्स संबंधों में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध लंबे समय से मजबूत रहे हैं। प्रधानमंत्री की यह यात्रा दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी ● शेष पेज 11 पर



### दुनिया के सबसे बुजुर्ग जानवर जोनाथन से मिले प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेशेल्स में दुनिया के सबसे अधिक उम्र के जानवर से मुलाकात की। जोनाथन नाम के कछुए की उम्र करीब 194 साल है। दक्षिण अटलांटिक महासागर के पास स्थित सेंट हेलेना का गर्वनर आवास 'प्लांटेशन हाउस' जोनाथन का ठिकाना है। इसका वजन करीब 150 किलोग्राम के बीच है। जोनाथन समेत तीन कछुओ को 50 साल की उम्र में सेशेल्स के सेंट हेलेना लाया गया था, यहा हेलेना के गर्वनर सर स्पेंसर डेविस ने इसका नाम रखा था। जोनाथन 32 गर्वनरों के साथ अबतक रह चुका है। जोनाथन सेशेल्स का सबसे बुजुर्ग और विशाल कछुआ है। इसका जन्म 1832 में हुआ था। वर्ष 2022 में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में ये दुनिया के सबसे अधिक उम्र के जानवर के रूप में दर्ज हुआ था। जोनाथन की उम्र इतनी अधिक होने के बाद भी वह पूरी तरह स्वस्थ है। पशु चिकित्सकों की निरंतर निगरानी और देखभाल की वजह से उसे कोई गंभीर समस्या नहीं है। सेशेल्स में ये आकर्षण का केंद्र है। ● शेष पेज 11 पर

# तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट ने की चंपत राय और अनिल मिश्रा के इस्तीफ़े की पुष्टि

एजेंसी



अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम मंदिर में चढ़ावे और प्रसाद व्यवस्था को लेकर उठे विवाद के बीच शनिवार को स्पष्ट किया कि महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा के इस्तीफ़े प्राप्त हो गए हैं, जिन पर अंतिम निर्णय ट्रस्ट की अगली बैठक में लिया जाएगा। ट्रस्ट ने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जा रही है और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ट्रस्ट की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि मंदिर परिसर में हाल में हुई घटनाओं से ट्रस्ट अत्यंत दुखी और चिंतित है। ट्रस्ट का उद्देश्य पूरे मामले के तथ्यों को सामने लाना तथा श्रद्धालुओं का विश्वास बनाए रखना है। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे किसी भी भ्रामक अथवा अपुष्ट सूचना पर विश्वास न करें और केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें। बयान में कहा गया कि महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा के त्यागपत्र ट्रस्ट को प्राप्त हो चुके हैं। इन पर अंतिम निर्णय ट्रस्ट की आगामी बैठक में लिया जाएगा। ट्रस्ट ने स्पष्ट किया कि जिन श्रद्धालुओं ने व्यक्तिगत रूप से मंदिर अधिकारियों को चांदी की ईंटें, आभूषण अथवा अन्य बहुमूल्य वस्तुएं भेंट की थीं, उनका पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित है और सभी वस्तुएं पूर्णतः संरक्षित हैं।

उल्लेखनीय है कि राम मंदिर के दानपात्र में प्राप्त चढ़ावे में कथित गड़बड़ी की शिकायतों के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था। एसआईटी की अंतरिम रिपोर्ट मिलने के बाद ट्रस्ट ने प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसके ● शेष पेज 11 पर

## दिल्ली-उत्तराखंड में खालिस्तानी आतंकी खतरे का अलर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली-उत्तराखंड में संभावित खालिस्तानी आतंकी खतरे को लेकर खुफिया एजेंसियों ने अलर्ट जारी किया है। खुफिया तंत्र से जुड़े सूत्रों के अनुसार इनपुट मिला है कि खालिस्तानी आतंकवादी आने वाले दिनों में कुछ प्रमुख स्थानों को निशाना बना सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक अलर्ट में दिल्ली और उत्तराखंड के मंदिरों पर संभावित हमले की आशंका जताई गई है। इसके अलावा सरकारी प्रतिष्ठानों, रेलवे स्टेशनों और पुलिस प्रतिष्ठानों पर भी हमले की योजना है। सूत्रों ने बताया कि धमकी ईमेल के जरिए मिली है जिसमें कई मंदिरों, सरकारी कार्यालयों और नेताओं को निशाना बनाने की बात कही गई है। अलर्ट के बाद उत्तराखंड पुलिस, खुफिया एजेंसियों और दिल्ली पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। एहतियात के तौर पर संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है और उसे और मजबूत किया जा रहा है. सूत्रों के अनुसार दिल्ली पुलिस ने धमकी भरे ईमेल की सत्यता और इसका स्रोत पता लगाने के लिए ● शेष पेज 11 पर

# बिल्डर संदीप सिंह हत्याकांड के मुख्य शूटर पुलिस मुठभेड़ में ढेर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### एफएसएल जांच के लिए भेजी कार्बाइन

मुठभेड़ में ढेर हुए बदमाश के पास से पुलिस को एक कार्बाइन मिली है। एएसपी का कहना है कि यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि कार्बाइन किसकी है। संजय को कार्बाइन कैसे मिली थी। कहीं उसने किसी पुलिसकर्मी या किसी सुरक्षा एजेंसी के गार्ड से तो नहीं लूटी है। बरामद हुई कार्बाइन को फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) में जांच के लिए भेजा गया है।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) ने पिछले महीने पीजीआई क्षेत्र में हुए चर्चित बिल्डर संदीप सिंह हत्याकांड के मुख्य शूटर तथा एक लाख रुपये के इनामी बदमाश संजीव कुमार उर्फ संजय उर्फ संजू को शनिवार तड़के लखनऊ के बीबीडी थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में मार गिराया। गंभीर रूप से घायल बदमाश को अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। गौरतलब है कि 27 मई को लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र में बिल्डर संदीप सिंह की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड ने राजधानी में कानून-व्यवस्था को लेकर व्यापक चर्चा छेड़ दी थी। पुलिस जांच में सामने आया था कि हत्या सुपारी देकर कराई गई थी और इस मामले में संजीव कुमार उर्फ संजय उर्फ संजू मुख्य शूटर के रूप में वांछित था। उसकी गिरफ्तारी पर लखनऊ पुलिस आयुक्त द्वारा एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

एसटीएफ के अनुसार पुख्ता सूचना मिली थी कि संजीव कुमार अपने एक साथी से मिलने तथा किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना के तहत लखनऊ आने वाला है। सूचना के आधार पर एसटीएफ ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से बीबीडी थाना क्षेत्र में घेराबंदी की। पुलिस टीम को देखकर बदमाश मोटरसाइकिल से भागने लगा, लेकिन घेराबंदी के दौरान वह असंतुलित होकर गिर गया और पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में वह ● शेष पेज 11 पर

# आयुष्मान के पात्रों की सूची से हटेंगे मृतकों-शिफ्ट होने वालों के नाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




- आयुष्मान योजना के पात्रों के डेटा सुधार को चलेगा विशेष अभियान
- मृत, स्थानांतरित और अनुपलब्ध लाभार्थियों का होगा सत्यापन

लखनऊ। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभदिलाने के लिए स्टेट नोडल एजेंसी साचीज ने विशेष अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य ऐसे लाभार्थियों के डाटा में सुधार करना है, जिनके रिकॉर्ड में किसी प्रकार की त्रुटि या विसंगति होने के कारण आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहे हैं। उन मामलों की भी पहचान की जाएगी, जिनमें लाभार्थी की मृत्यु हो चुकी है या वह कहीं और चले गए हैं या स्थानीय स्तर पर उपलब्ध नहीं हैं।

साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि लाभार्थियों के डाटा को त्रुटिरहित बनाने और कार्ड निर्माण प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। दरअसल, जनपदों द्वारा लगातार आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं, लेकिन कार्ड निर्माण के दौरान सामने आया कि कई लाभार्थियों के नाम, पता, पारिवारिक विवरण या अन्य जानकारियों में आंशिक त्रुटियां मौजूद हैं। इनके कारण कार्ड बनाने और उसके अनुमोदन की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। कई मामलों में लाभार्थियों की पहचान का सत्यापन भी नहीं हो पा रहा है। पात्र लाभार्थियों की सूची में ऐसे लोगों के नाम भी शामिल हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है या जो अब संबंधित क्षेत्र में नहीं रहते हैं। कुछ लाभार्थी ऐसे भी हैं जो स्थानीय स्तर ● शेष पेज 11 पर

# अमेरिकी हमलों के बाद ईरान का पलटवार

## बहरीन पर ड्रोन बरसाए, अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया

एजेंसी

दुबई। शांति समझौते के बाद पश्चिम एशिया में एक बार फिर जंग भड़क गई। अमेरिका ने शुक्रवार को ईरान पर हवाई हमले किए। ईरान ने इसके जवाब में शनिवार को बहरीन पर ड्रोन हमला किया। लगातार हो रहे हमलों ने संघर्ष विराम की स्थिति को अस्थिर और कमजोर कर दिया है।

इन घटनाओं ने एक बार फिर संकेत दिया है कि ईरान से जुड़ा संघर्ष दोबारा गंभीर रूप ले सकता है। यह सब ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध समाप्त करने के उद्देश्य से अंतिम समझौते की दिशा में अंतरिम सहमति बनी हुई है। अमेरिका ने शुक्रवार रात ईरान पर हवाई हमले किए थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने शुक्रवार को उन हवाई हमलों का वीडियो जारी किया, जिनमें ईरान के मिसाइल और ड्रोन भंडारण स्थलों तथा तटीय रडार ठिकानों को निशाना बनाया गया। अमेरिका के अनुसार यह कार्रवाई होर्मुज से गुजर रहे एक वाणिज्यिक पोत पर ईरानी ड्रोन हमले के जवाब में की गई। वहीं, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने जारी बयान में कहा कि उसने क्षेत्र में अमेरिकी सेना के कई ठिकानों को निशाना बनाया है। हालांकि उसने हमलों के स्थानों का खुलासा नहीं किया। ईरान ने इस हमले को अपनी प्रतिबद्धताओं को तोड़ने के अमेरिका के पुराने ढर्रे का हिस्सा बताया। बयान में कहा गया है कि इस हमले के लिए अमेरिका ने कई बहाने बनाए, जिसमें होर्मुज में नियम तोड़ने वाले पोत के अनधिकृत रास्ते से गुजरने की बात भी शामिल है। ईरान की संसद के सदस्य इब्राहिम अजीगी ने एक्स पर लिखा कि अमेरिका ने एक बार फिर बातचीत के बीच ईरान पर हमला किया है। युद्धविराम का यह उल्लंघन अमेरिका के लिए पीछे हटने और पछतावे की वजह बनेगा।

इसी बीच, अमेरिकी नौसेना की निगरानी वाले बहुराष्ट्रीय जॉइंट मैरीटाइम इंफॉर्मेशन सेंटर (जेएमआईसी) ने घोषणा की कि ओमान के तट के पास पोतों के आने-जाने के लिए समुद्री मार्ग का विस्तार किया जाएगा। इसे भी ईरान के साथ संभावित नए तनाव का कारण माना जा रहा है। बहरीन पर हमला कई मायनों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बहरीन ईरान का मुखर आलोचक रहा है और यहां अमेरिकी नौसेना का 5वां बेड़ा तैनात है। हाल ही में बहरीन ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की मेजबानी की थी, जहां गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) के विदेश मंत्रियों ने ईरान के हमलों की निंदा करते हुए होर्मुज को पूरी तरह खुला रखने की मांग की थी। बहरीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान के कई ड्रोन देश को निशाना बनाकर भेजे गए। मंत्रालय ने इसे नागरिकों और निवासियों की सुरक्षा के लिए स्पष्ट खतरा बताया। ईरान पहले ही कह चुका है कि होर्मुज से गुजरने वाले पोतों को उसके निर्देशों का पालन करना होगा और वह इस मार्ग से गुजरने वाले पोतों से शुल्क (टोल) वसूलना शुरू कर सकता है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय होर्मुज को एक अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग मानता है, भले ही यह ईरान और ओमान के क्षेत्रीय जलक्षेत्र से होकर गुजरता हो। हालांकि अमेरिका और खाड़ी के अरब देशों ने ईरान की इस मांग को खारिज कर दिया है। होर्मुज जलडमरूमध्य में शनिवार को एक टैंकर पर हमला हुआ। यह घटना उस समय हुई है जब बहरीन ने कहा कि ईरान ने उसे निशाना बनाकर हमला किया है। ब्रिटेन की सेना के 'यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस' केंद्र ने इस हमले की पुष्टि करते हुए बताया कि पोत का पूरा चालक दल सुरक्षित है और इस घटना से पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। फिलहाल किसी भी पक्ष ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। ● शेष पेज 11 पर



### इजरायल और लेबनान में समझौते पर बनी सहमति

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की मध्यस्थता में इजरायल और लेबनान के बीच शुक्रवार को एक समझौते (फ्रेमवर्क) पर सहमति बनी। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे दोनों देशों के बीच स्थायी शांति और सुरक्षा की दिशा में पहला महत्वपूर्ण कदम बताया। रुबियो ने एक्स पर कहा कि अमेरिका की मध्यस्थता और समर्थन से लेबनान की संप्रभु सरकार और इजरायल सरकार के बीच एक फ्रेमवर्क समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत युद्धविराम लागू किया जाएगा, लेकिन इसके लिए हिजबुल्ला को सभी तरह की गोलीबारी बंद करनी होगी और दक्षिणी लेबनान से अपने लड़ाकों को हटा लेगा। अमेरिका में लेबनान की राजदूत नादा हमादेह ने वार्ता की मेजबानी और दोनों देशों के सहयोग के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह लंबी और कठिन बातचीत थी, लेकिन राष्ट्रपति जोसेफ औन, प्रधानमंत्री नवाफ सलाम, राजदूत करम और ● शेष पेज 11 पर

# महापौर ने दिए सख्त निर्देश, स्कूलों की कर आपत्तियां एक सप्ताह में हों निस्तारित

❒ स्मार्ट सिटी में समीक्षा बैठक के दौरान नाला सफाई, सड़क निर्माण की गुणवत्ता और सीएम ग्रिड परियोजना की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखने पर दिया विशेष जोर




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में शनिवार को स्मार्ट सिटी सभागार में नगर निगम की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर आयुक्त गौरव कुमार जी सहित नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न विकास कार्यों, कर संबंधी आपत्तियों, अतिक्रमण, सफाई व्यवस्था, नाला सफाई तथा सड़क निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। महापौर ने सभी अधिकारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्कूलों की एआरवी एवं जलकल कर संबंधी आपत्तियां एक सप्ताह में निस्तारित करने के निर्देश

बैठक में स्कूलों के एनुअल रेंटल वैल्यू (एआरवी) एवं जलकल कर से संबंधित लंबित आपत्तियों की समीक्षा की गई। महापौर सुषमा खर्कवाल ने इन मामलों के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए नगर आयुक्त गौरव कुमार जी के माध्यम से सभी जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्कूलों की सभी लंबित आपत्तियों का निस्तारण कर एक सप्ताह के भीतर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं कि उनके जोन में कोई भी आपत्ति लंबित नहीं है। बैठक में आगामी मानसून को देखते हुए नाला सफाई कार्यों की भी समीक्षा की गई। महापौर ने सभी अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नाला सफाई कार्य पूर्ण होने के उपरांत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। इसके अलावा उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों में प्राथमिकता तय करने के निर्देश देते हुए कहा कि पहले उन क्षेत्रों में सड़कें बनाई जाएं जहां पहले से आबादी और मकान मौजूद हैं। खाली प्लॉट वाले क्षेत्रों में सड़क निर्माण बाद में किया जाए। उन्होंने सड़क निर्माण की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने तथा सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप कराने के भी निर्देश दिए।

### सीएम ग्रिड परियोजना की सड़कों पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं होगा

महापौर एवं नगर आयुक्त ने शहर में अतिक्रमण के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। विशेष रूप से सीएम ग्रिड परियोजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। उन्होंने समस्त जोनल अधिकारियों को नियमित अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने, जुर्माना लगाने तथा शहर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों से कहा गया कि वे स्वयं क्षेत्र का नियमित निरीक्षण करें और जहां भी गंदगी फैलाने वाले लोग मिलें, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### बरसात से पहले नाला सफाई और सिल्ट उठान हर हाल में पूरा करें

बैठक को संबोधित करते हुए महापौर सुषमा खर्कवाल जी ने कहा कि नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता नागरिकों को बेहतर एवं सुगम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात शुरू होने से पहले सभी बड़े एवं छोटे नालों की सफाई तथा उनसे निकली सिल्ट का शत-प्रतिशत उठान हर हाल में पूरा कराया जाए।

# कोरांव तहसील में राजस्व विभाग की बड़ी लापरवाही उजागर

❒ 2019 में बिकी जमीन पर 2021 में मृतक विक्रेता के बेटों की दर्ज कर दी वरासत, पीड़ित ने एसडीएम से लगाई गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। कोरांव तहसील क्षेत्र के बड़ोखर गांव में राजस्व कर्मियों की बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान शुभेन्द्र द्विवेदी ने आरोप लगाया है कि उनकी खरीदी हुई जमीन पर लेखपाल और राजस्व निरीक्षक ने मिलीभगत कर मृतक विक्रेता के बेटों की अवैध वरासत दर्ज कर दी।

शुभेन्द्र द्विवेदी पुत्र स्व. जगदीश प्रसाद द्विवेदी निवासी ग्राम बड़ोखर ने उपजिलाधिकारी/तहसीलदार कोरांव को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने मौजा बड़ोखर की गाटा संख्या-1397 रकवा 0.2880 हे. का बैनामा दिनांक 30.10.2019 को तहसीलदार न्यायालय कोरांव से कराकर नामांतरण



कराया था और तभी से काबिज दखिल काश्तकार चले आ रहे हैं।

पीड़ित का आरोप है कि कर्मचारियों की लापरवाही के चलते विक्रेता उदासकली पत्नी हीरालाल के जीवित रहते ही चोरी-छिपे ढंग से खतौनी बनाते समय 1429 फसली के प्रपत्र आर.सी 9 में राजस्व निरीक्षक बड़ोखर द्वारा दिनांक 05.10.2021 को मृतक उदासकली के स्थान पर दिनेश कुमार त्रिपाठी, विद्याकांत त्रिपाठी, अमरनाथ तिवारी, विरेन्द्र कुमार त्रिपाठी पुत्रगण हीरालाल का नाम बतौर वारिस दर्ज कर दिया गया। शुभेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि विक्रेता द्वारा सन् 2019 में अपने सम्पूर्ण हिस्से की भूमि का बैनामा निष्पादित होने के बाद वरासत दर्ज होना पूरी तरह गलत और अनुचित है। उन्होंने वरासत आदेश को निरस्त कर बैनामा के आदेश का खतौनी पर अनुपालन कराने की मांग की है।

### 27 जून को जन सुनवाई पोर्टल पर भी दर्ज करायी है शिकायत

उनका कहना है कि यदि समय पर न्याय नहीं मिला तो उनकी अपूर्णनीय क्षति होगी। अब देखना यह है कि शिकायत के बाद तहसील प्रशासन पीड़ित को न्याय दिला पाता है या नहीं।

## थाना खीरी व कोरांव में आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस, अफसरों ने सुनीं फरियादें



**प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज जनपद के थाना खीरी में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में तहसीलदार रोशनी सोलंकी पहुंचीं और फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान नायब तहसीलदार रण विजय सिंह भी मौजूद रहे। वहीं थाना कोरांव में इ्क्व कोरांव संदीप तिवारी ने थाना समाधान दिवस में पहुंचकर लोगों की शिकायतों की सुनवाई की। इंस्पेक्टर कोरांव सत्येंद्र कुमार भी इस दौरान मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों को गंभीरता से सुना और संबंधित कर्मचारियों को मौके पर ही समुचित निस्तारण करने का निर्देश दिया। थाना समाधान दिवस में जमीन–जायदाद, पैमाइश, चकरोड व आपसी विवाद से जुड़े मामले आए। अधिकारियों ने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य जनता को उनके थाना क्षेत्र में ही त्वरित और सुलभ न्याय उपलब्ध कराना है।

## डीएम–एसपी ने थाना दिवस पर सुनी लोगों की शिकायतें



**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने थाना लालगंज पहुँचकर नागरिकों की समस्याएं सुनीं। थाना दिवस के दौरान विभिन्न प्रकरणों में भूमि विवाद, पारिवारिक, राजस्व संबंधी शिकायते व सड़क एवं सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए टीम बनाकर मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य जनता को त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है, इसलिए अधिकारी मौके पर उपस्थित होकर शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से करें। थाना दिवस में उपजिलाधिकारी लालगंज राजेश श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी लालगंज सुजीत कुमार राय सहित पुलिस/राजस्व विभाग के कार्मिक मौजूद रहे।

## संघ से जुड़ा हर व्यक्ति राष्ट्र के लिए समर्पित




**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की अर्जुन नगर के सभी स्वयंसेवक कार्यकर्ताओ द्वारा महाराजा वीर छत्रपति शिवाजी के राज्याभिषेक 'हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव' के पावन उपलक्ष्य में एक उत्सव में सम्मिलित हुए। यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छह उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. उमेन्द्र पाल (सह विभाग कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख) ने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक समरसता, हिन्दू एकता, संगठन की आवश्यकता तथा राष्ट्रनिर्माण में प्रत्येक स्वयंसेवक की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा संघ से जुड़ा हर व्यक्ति राष्ट्र के लिए समर्पित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर संचालक अशोक जी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी स्वयंसेवक बंधुओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नगर कार्यवाह रतन , डॉ. अरविंद तथा सेवा भारती के रुद्र जी नगर समरसता प्रमुख,दक्षिण भाग के उपाध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा विजय नारायण आदि लोग उपस्थित रहे।

## तालाब में मिला किशोरी का शव



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के सराय करोरा गांव में शनिवार सुबह एक 16 वर्षीय किशोरी का शव तालाब में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान आम्रपाली उर्फ अंजुमन (16) पुत्री स्वर्गीय बृजेश कुमार गौतम निवासी सुभाष नगर, सीतापुर के रूप में हुई है। वह सराय करोरा में किराए के मकान में रहने वाली अपनी बुआ लक्ष्मी देवी के साथ रह रही थी। पुलिस ने बताया गया कि आम्रपाली शुक्रवार देर रात करीब 1 बजे से घर से लापता थी। घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में वह रात करीब 1 बजे घर से निकलकर तालाब की ओर जाती हुई दिखाई दे रही थी। शनिवार सुबह उसका शव वही क तालाब के किनारे पानी में उतराता मिला।

## गोसाईगंज में मिला अज्ञात युवक का शव

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज इलाके में शुक्रवार की शाम शाम रायपुर गांव के पास माइनर में एक अज्ञात सो पुलिस को बरामद हुआ जिसकी सी करने का प्रयास किया गया लेकिन शव की सेनाक नहीं हो सकी पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर गोसाईगंज के अनुसार शुक्रवार की शाम रायपुर गांव के पास ही युवक 32 का शो नहर के माइनर में पल के नीचे फंसे होने की सूचना प्राप्त हुई इसके बाद मौके पर जाकर शव को बाहर निकाल कर तलाशी ली गई लेकिन कुछ बरामद नहीं हुआ जिससे शिनाख्त हो सके। आसपास के क्षेत्र में पहचान करने का प्रयास किया गया लेकिन सेनाप्त नहीं हो पाई शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उचित एवं आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## गांजे के साथ एक व्यक्ति गिरफ़्तार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईंगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने देर रात चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को गांजे के साथ गिरफ़्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। पुलिस के मुताविक बाराबंकी निवासी कौशिक मिश्र शुक्रवार की रात मोहनलालगंज रोड पर एक झोला लेकर खड़ा था। तभी गश्त के दौरान पुलिस ने संदिग्ध समझ कर शक्ति से पूछताछ की जिससे बाद वह पास में गांजा होने की बात स्वीकार की। जिसे तत्काल गिरफ्तार कर थाने लाया गया । तलाशी के दौरान उसके पास से एक किलो गांजा बरामद हुआ। जिसे शनिवार की सुबह जेल भेज दिया गया।

## एलडीए में 50 जूनियर इंजीनियरों की होगी भर्ती

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर में बढ़ते अवैध निर्माणों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण प्रवर्तन व्यवस्था को और मजबूत करने जा रहा है। इसके तहत आउटसोर्सिंग के माध्यम से 50 जूनियर इंजीनियरों की भर्ती की जाएगी। इन अभियंताओं को जरूरत के अनुसार प्रवर्तन के सातों जोनों में तैनात किया जाएगा। शनिवार को एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने अधिकारियों के साथ बैठक कर भर्ती का प्रस्ताव जल्द तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर का लगातार विस्तार हो रहा है, ऐसे में निर्माण कार्यों की निगरानी और अवैध निर्माणों पर समय रहते कार्रवाई के लिए पर्याप्त तकनीकी स्टाफ की आवश्यकता है। एलडीए के अनुसार अतिरिक्त जूनियर इंजीनियरों की तैनाती से सभी प्रवर्तन जोनों में नियमित निरीक्षण, शिकायतों का त्वरित निस्तारण और सीलिंग व ध्वस्तीकरण जैसी कार्रवाइयों में तेजी आएगी। इससे अवैध निर्माणों की समय रहते पहचान कर उन पर प्रभावी कार्रवाई करना आसान होगा। उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को भर्ती से संबंधित सभी औपचारिकताएं जल्द पूरी कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यक स्वीकृति मिलने के बाद भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा सके।

# सिंगल–यूज प्लास्टिक का प्रयोग घटाएं, सतत अपशिष्ट प्रबंधन अपनाएं : डॉ. रश्मि सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कानपुर । सिंगल-यूज प्लास्टिक का बढ़ता उपयोग पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य और वन्यजीवों के लिए गंभीर चुनौती बन रहा है। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सतत अपशिष्ट प्रबंधन अपनाते हुए कचरे का पृथक्करण, पुनर्चक्रण और पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा देना चाहिए। यह बातें शनिवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ. रश्मि सिंह ने कहीं।

महाविद्यालय की ओर से अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सिंगल-यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना और पर्यावरण संरक्षण के लिए सतत अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में टीचिंग एसोसिएट एलेना ताखेल्लाम्बम और डॉ. स्वप्निल सिंह ने प्रतिभागियों को दैनिक जीवन में अपशिष्ट प्रबंधन के प्रभावी तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिंगल-यूज प्लास्टिक जैव-अवक्रमणीय नहीं होती, जिससे भूमि, जल और मृदा प्रदूषण बढ़ता है। प्रतिभागियों को एकल-उपयोग प्लास्टिक का प्रयोग कम करने, पुनः उपयोग योग्य उत्पाद अपनाने, स्रोत स्तर पर कचरे का पृथक्करण, रीसाइक्लिंग तथा अपशिष्ट के वैज्ञानिक निस्तारण के उपाय बताए गए।कार्यक्रम में ''लैंडफिल के लिए पार्कों का विकासऽएक पर्यावरण-अनुकूल दृष्टिकोण'' विषय पर भी चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने क्ले कैपिंग और फाइटोकैपिंग तकनीकों की जानकारी देते हुए बताया कि फाइटोकैपिंग अपेक्षाकृत अधिक टिकाऊ, पर्यावरण-अनुकूल और किफायती तकनीक है। इससे लैंडफिल से निकलने वाले हानिकारक उत्सर्जन और लीचेट को कम करने के साथ ऐसे स्थलों को हरित क्षेत्र और पार्क के रूप में विकसित करने में भी मदद मिलती है।

# लेडियारी पहुंचा ग्राम न्यायालय



कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ मोबाइल कोर्ट में दंडाधिकारी अभयदीप विश्वकर्मा ने किया मामलों का निस्तारण

कोरांव, प्रयागराज। ग्राम न्यायालय कोरांव जनपद प्रयागराज के अंतर्गत मोबाइल कोर्ट चल न्यायालय का आयोजन ग्राम लेडियारी के पंचायत भवन में किया गया। दंडाधिकारी अभयदीप विश्वकर्मा ने 35 मामलों में 31 मामलों की सुनवाई कर मौके पर ही वादों का निस्तारण किया।

'ग्राम न्यायालय आपके द्वार' योजना के तहत ग्रामीणों को उनके गांव में ही सस्ता और सुलभ न्याय मिल रहा है। इससे लोगों को जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं और समय व धन दोनों की बचत हो रही है। इस दौरान स्टेनो अवनीश त्रिपाठी, पुलिस कर्मी, अधिवक्ता, वादी एवं प्रतिवादी पक्ष के लोग मौजूद रहे। दंडाधिकारी ने सभी पक्षों को सुनकर न्यायपूर्ण निर्णय दिए। ग्रामीणों ने मोबाइल कोर्ट की सुविधा पर खुशी जताई और कहा कि इससे गरीबों को बड़ी राहत मिली है।

# मतदान केंद्रों का समयबद्ध सत्यापन पूरा करें सभी उप जिलाधिकारी : जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर । हर मतदाता को उसके निकट, सुरक्षित और सभी मूलभूत सुविधाओं से युक्त मतदान केंद्र उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। यदि किसी मतदान केंद्र पर कोई कमी है तो उसे तत्काल दूर किया जाए और जहां आवश्यक हो वहां वैकल्पिक भवन का प्रस्ताव भेजा जाए। यह बातें शनिवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने शनिवार को विभिन्न मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान कहीं।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद में मतदान केंद्रों के भौतिक सत्यापन और रेशनलाइजेशन की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय शिवराजपुर तथा महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के सेंट जोसेफ सेकेंडरी स्कूल, बाल निकेतन बालिका जूनियर हाई स्कूल और राजकीय श्रम कार्यालय स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने पेयजल, शौचालय, विद्युत, रैंप समेत एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटीज (एएमएफ) की उपलब्धता का जायजा



लिया और व्यवस्थाओं को निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों (एसडीएम) को अपने-अपने क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का समयबद्ध सत्यापन पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां भी किसी प्रकार की कमी मिले उसे तत्काल दूर कराया जाए। जिन भवनों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना संभव नहीं है, वहां नियमानुसार दूसरे उपयुक्त भवनों का प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि यदि किसी मतदाता को मतदान केंद्र अधिक दूर होने, सड़क, रेलवे लाइन या नहर जैसी बाधाओं के कारण परेशानी होती है अथवा परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग मतदान केंद्रों पर दर्ज हैं तो वे अपने सुझाव संबंधित एसडीएम, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) या बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को दे सकते हैं। प्राप्त सुझावों पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा के बाद निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप निर्णय लिया जाएगा। जुलाई के अंत तक मतदान केंद्रों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय शिवराजपुर-प्रथम में बच्चों से बातचीत की और उनकी पढ़ाई से जुड़े सवाल पूछे, जिनका बच्चों ने संतोषजनक उत्तर दिया। मतदान केंद्रों के निरीक्षण के साथ जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय हरजिंदर नगर का भी औचक जायजा लिया। यहां 87 पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष केवल पांच बच्चे उपस्थित मिले। इस पर उन्होंने शिक्षकों को घर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क करने और बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय में मिड-डे मील व्यवस्था की भी समीक्षा की। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि अक्षय पात्र के माध्यम से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

# राष्ट्रीय लोक कला महोत्सव में दिखी भारतीय संस्कृति की अनूठी झलक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ कलाकारों ने दर्शकों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से रूबरू कराया।

लखनऊ । भारतीय लोक कला, संगीत एवं सांस्कृतिक विरासत को समर्पित ळ्राष्ट्रीय लोक कला महोत्सवङ्क का आयोजन वाइब्रेंट फोक आर्ट एंड कल्चर सोसाइटी, लखनऊ द्वारा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से सोमवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सुशान्त गोल्फ सिटी के सेक्टर-1, अटलपुरी, नीलमथा, लखनऊ में हुआ, जहां प्रदेश के विभिन्न शहरों से आए लोक कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय लोक संस्कृति की विविधता और सुंदरता को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध लोक गायिका वंदना मिश्रा, वरिष्ठ समाज सेविका हेमलता त्रिपाठी, राष्ट्रीय हिंदू सेना के अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, कृष्ण देव त्रिपाठी, एवं सेवा भारती की मंजू सिंह दीदी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश के कई शहरों के कलाकारों ने पारंपरिक लोक गीत, संगीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से रूबरू कराया।

# नवसृजित जनपदों के नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों का 12 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सिविल डिफेंस के लखनऊ स्थित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान में गत 12 दिनों से संचालित सिविल डिफेंस बेसिक ओरिएंटेशन कोर्स का सफलतापूर्वक समापन हो गया। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले सभी प्रशिक्षार्थियों को संस्थान की कमांडेंट पीसीएस अधिकारी प्रियंका सिंह के हस्ताक्षरयुक्त प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जनपदों में नागरिक सुरक्षा विभाग का विस्तार किया गया है। स्वयंसेवक आधारित इस विभाग के तहत विभिन्न जनपदों में अवैतनिक स्वयंसेवकों की भर्ती की गई है। इसी क्रम में नवसृजित जनपद उन्नाव, रायबरेली, बाराबंकी, सुलतानपुर, हरदोई, सीतापुर और गोंडा के नवनियुक्त स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण के लिए लखनऊ



भेजा गया।वरिष्ठ अधिकारी योगेश कुमार के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान बरेली सिविल डिफेंस के उपनियंत्रक राकेश कुमार मिश्रा, कानपुर सिविल डिफेंस के वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक विष्णु कुमार शर्मा, लखनऊ सिविल डिफेंस के वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक मनोज वर्मा, बीकेटी प्रखंड के डिविजनल वार्डे न रमेश सिंह चौहान तथा अग्निशमन विभाग के लीडिंग फायरमैन ब्रजेश कुमार शुक्ला ने प्रशिक्षार्थियों को सिविल डिफेंस का इतिहास, संगठनात्मक ढांचा, अग्निशमन, प्राथमिक उपचार, रेस्क्यू एवं आपदा प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सीपीआर, पट्टियों के उपयोग, अग्निशमन यंत्र संचालन, कैजुअलिटी लोडिंग-अनलोडिंग तथा क्षतिग्रस्त भवनों में सुरक्षित प्रवेश एवं बचाव कार्य का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी कराया गया।प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में उन्नाव से अमित कुमार श्रीवास्तव, शिव प्रसाद, प्रमोद कुमार, सुश्री नीलम एवं प्रियंका; रायबरेली से दीपक सिंह, दिलीप, धर्मेंद्र कुमार, ऋतुराज सिंह एवं अरविंद कुमार; सुलतानपुर से विनय सेन, मुकेश अग्रहरि एवं राज कुमार सोनकर; बाराबंकी से विजयकांत वर्मा, सुश्री रुचि वर्मा, शिवानी वर्मा, कोमल एवं धर्मेंद्र कुमार वर्मा; सीतापुर से वीर अर्जुन, प्रवीन कुमार, आशीष कुमार, संदीप कुमार एवं भूपेंद्र सिंह; हरदोई से पुनीत कुमार, महेश, जयप्रकाश दीक्षित, मो. जाहिद, संदीप बाजपेई एवं सुश्री अलका देवी तथा गोंडा से दीपक सिंह, मनोज कुमार, वैभव मौर्य एवं कृष्ण गोपाल आर्य शामिल रहे।

# भगवान जगन्नाथ का 108 घड़ों के जल से होगा महाभिषेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ 29 जून को निकलेगी भव्य विश्राम यात्रा : राजेश केसरवानी

प्रयागराज । ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर 29 जून को भगवान नील माधव जगन्नाथ स्वामी की स्नान एवं विश्राम यात्रा परंपरागत श्रद्धा और भव्यता के साथ निकाली जाएगी। उक्त जानकारी शनिवार को मीडिया से श्री जगन्नाथ जी महोत्सव समिति ट्रस्ट के रथयात्रा संयोजक राजेश केसरवानी ने दी।

उन्होंने बताया कि यात्रा से पहले प्रयागेश्वर जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ का 108 घड़ों के पवित्र जल से महाभिषेक (स्नान विधि) कराया जाएगा, जिसके बाद भगवान को रथ पर विराजमान कर भव्य विश्राम यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि यात्रा में भगवान जगन्नाथ के साथ उनके भ्राता बलभद्र और बहन सुभद्रा भी रथ पर विराजमान रहेंगे। इसके अलावा भगवान गणेश, हनुमान जी, गरुड़ महाराज, राधा-कृष्ण, कृष्ण-बलदाऊ की सुसज्जित झांकियां, डीजे, बैंड, ढोल-नगाड़े, भांगड़ा दल और आकर्षक प्रकाश सज्जा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। समिति के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित होने वाली यह विश्राम यात्रा कटघर स्थित प्रयागेश्वर जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर कटघर, सालिकगंज, मुट्ठीगंज, रामभवन, बहादुरगंज, मानसरोवर, मोतीमहल, एस.सी. बसु मार्ग, अग्रसेन चौराहा होते हुए आर्य भवन, जीरो रोड पर संपन्न होगी। समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ के दर्शन एवं विश्राम यात्रा में सहभागिता करने का आह्वान किया।

# नेट ज़ीरो सरोजनी नगर मिशन 2040 के तहत विद्यालयों को नि:शुल्क रेन वॉटर हार्वेस्टिंग से जोड़ने का अभियान

- डॉ. राजेश्वर सिंह की देश में पहली पहल
- एक विधायक, एक मिशन: डॉ. राजेश्वर सिंह का संकल्प, नि:शुल्क रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से विद्यालय बनेंगे भारत की पहली नेट ज़ीरो विधानसभा की नींव



कैनविज टाइम्स संवाददाता।

लखनऊ । पर्यावरण संरक्षण, जल सुरक्षा और सतत विकास की दिशा में एक अभिनव एवं दूरदर्शी पहल करते हुए सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सरोजनीनगर के विद्यालयों को पत्र लिखकर नेट ज़ीरो सरोजनीनगर मिशन 2040 के अंतर्गत नि:शुल्क रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित कराने का आमंत्रण दिया है। इस पहल का उद्देश्य विद्यालयों को जल संरक्षण, पर्यावरणीय नेतृत्व और सतत विकास के केंद्र के रूप में विकसित करना है। यह देश की किसी भी विधानसभा में अपनी तरह का पहला अभियान होगा।

इस पहले डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा पूर्व में डिजिटल लैब से सुसज्जित किए गए 60 विद्यालयों को सबसे पहले डिजिटल से ग्रीन स्कूल की दिशा में आगे बढ़ने का आमंत्रण दिया गया है। इन विद्यालयों में नि:शुल्क रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित कर उन्हें नेट ज़ीरो सरोजनीनगर मिशन 2040 का अग्रदूत बनाया जाएगा। इसके साथ ही अन्य विद्यालयों को भी इस अभियान से पत्र लिखकर जुड़ने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह पहल शिक्षा, तकनीक और पर्यावरण संरक्षण को एकीकृत करते हुए सरोजनीनगर को देश के लिए एक मॉडल विधानसभा के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

विद्यालयों को लिखे अपने पत्र में डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा, मैं मानता हूँ कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसके विद्यालयों में आकार लेता है। हमारे विद्यालय केवल शिक्षा के केंद्र नहीं, बल्कि समाज में परिवर्तन के सबसे प्रभावी माध्यम भी हैं। यदि हमें सरोजनीनगर को भारत की पहली नेट ज़ीरो विधानसभा बनाना है, तो इसकी शुरुआत हमारे विद्यालयों से ही होगी। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा भूजल उपभोक्ता देश है और प्रतिवर्ष लगभग 251 अरब घन मीटर भूजल का दोहन करता है। जलवायु परिवर्तन, अनियमित वर्षा और लगातार गिरते भूजल स्तर को देखते हुए अब केवल जागरूकता पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यवहारिक क्रियान्वयन आवश्यक है। जब विद्यार्थी स्वयं देखेंगे कि वर्षा की प्रत्येक बूंद किस प्रकार भूजल का पुनर्भरण करती है, तब जल संरक्षण उनके लिए केवल पाठ्यपुस्तक का विषय नहीं बल्कि जीवन का संस्कार बन जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पहल के अंतर्गत इच्छुक विद्यालयों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली पूर्णतः नि:शुल्क स्थापित की जाएगी। विद्यालयों को किसी प्रकार का वित्तीय व्यय नहीं करना होगा। नेट ज़ीरो सरोजनीनगर मिशन 2040 की तकनीकी टीम विद्यालय परिसर का सर्वेक्षण, उपयुक्त डिज़ाइन, स्थापना तथा आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराएगी, ताकि प्रत्येक विद्यालय वर्षा जल संरक्षण का एक प्रभावी मॉडल बन सके।

डॉ. सिंह ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य केवल रेन वॉटर हार्वेस्टिंग तक सीमित नहीं है। सहभागी विद्यालयों को चरणबद्ध रूप से ग्रीन स्कूल एवं लिविंग ग्रीन डेमॉन्स्ट्रेशन सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा, जहाँ विद्यार्थी व्यवहारिक रूप से रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, भूजल पुनर्भरण, क्लाइमेट रेज़िलिएंस, ऊर्जा दक्षता, सौर ऊर्जा, वृक्षारोपण, जैव विविधता संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, सर्कुलर इकोनॉमी तथा सतत जीवनशैली जैसे विषयों को सीखेंगे।

विद्यालयों में स्थापित रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली विद्यार्थियों के लिए लिविंग लेबोरेटरी का कार्य करेगी, जहाँ वे प्रत्यक्ष रूप से जल संरक्षण की वैज्ञानिक प्रक्रिया को समझ सकेंगे। इससे पर्यावरण शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित न रहकर व्यवहारिक अनुभव में परिवर्तित होगी और विद्यार्थी अपने परिवार एवं समाज में भी पर्यावरण संरक्षण के प्रभावी दूत बनेंगे। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल जल संरक्षण नहीं, बल्कि विद्यालयों को पर्यावरणीय नेतृत्व, नवाचार और सतत विकास का केंद्र बनाना है। उन्होंने सभी प्रधानाचार्यों, प्रबंधकों और शिक्षकों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।

## पति से कहासुनी के बाद नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान, डेढ़ साल पहले हुई थी शादी

कैनविज टाइम्स संवाददात

- मोहनलालगंज के सोहावा गांव की घटना, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

मोहनलालगंज, लखनऊ । मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के सोहावा गांव में शनिवार सुबह एक नवविवाहिता ने घर के कमरे में साड़ी के सहारे पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही मोहनलालगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर आवश्यक वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित किए।पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान 23 वर्षीय काजल पत्नी कमलेश, पुत्री रामू, निवासी सोहावा के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घटना से पहले किसी बात को लेकर काजल की अपने पति कमलेश से कहासुनी हुई थी। इसके बाद वह कमरे में चली गई और साड़ी के सहारे पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के मुताबिक पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही मृतका के पति कमलेश और उसके भाई पिंटू ने शव को फंदे से नीचे उतार लिया था। सूचना मिलने पर मृतका के मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए, जिससे गांव में शोक का माहौल बन गया।जानकारी के अनुसार काजल का विवाह लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व कमलेश के साथ हुआ था। विवाह के इतने कम समय में हुई इस घटना को देखते हुए पुलिस सभी पहलुओं को गंभीरता से जांच रही है।मोहनलालगंज कोतवाल बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि, ''महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटनास्थल का फॉरेंसिक टीम द्वारा निरीक्षण कराया गया है और सभी आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिक जांच तथा अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। मामले के प्रत्येक पहलू की निष्पक्ष एवं गहन जांच की जा रही है।फिलहाल पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

## टंकी पर चढ़ा युवक, नीचे खड़ी रही पूरी व्यवस्था, मगर 'विकास' फिर भी मौके पर नहीं पहुंचा!

- आश्वासनों की सड़क से तंग युवक चढ़ा टंकी पर, विकास आज भी 'रास्ते में' है
- विकास की तलाश में टंकी पर चढ़ा युवक, नीचे खड़े अधिकारी देते रहे भरोसे की डोज!

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दुबग्गा, लखनऊ। कहते हैं कि सरकार विकास को घर-घर पहुंचाने में जुटी है। लेकिन दुबग्गा के टाडखेड़ा गांव में विकास शायद रास्ता भटक गया। नतीजा यह हुआ कि उसे खोजने के लिए एक युवक को पानी की टंकी पर चढ़ना पड़ गया।

शनिवार को लालजी टंडन वार्ड क्षेत्र के जेहटा रोड स्थित टाड खेड़ा गांव निवासी राजू यादव 45 वर्ष पुत्र स्व धर्मलाल युवक पानी की टंकी पर चढ़ गया। वजह कोई पारिवारिक विवाद नहीं थी। बल्कि टूटी सड़कें, बजबजाती नालियां, जलभराव और विकास कार्यों की लगातार अनदेखी। युवक का कहना था कि शिकायतें इतनी कीं कि अब आवेदन कम और धूल ज्यादा जमा हो गई है। लेकिन हालात वहीं के वहीं हैं।

जैसे ही युवक टंकी पर चढ़ा, वर्षों से सुस्त दिखने वाला सरकारी तंत्र अचानक फुर्तीला हो गया। पुलिस पहुंची, नगर निगम पहुंचा, प्रशासन पहुंचा, फायर ब्रिगेड पहुंची। ऐसा लगा मानो विकास तो नहीं। लेकिन पूरा सरकारी अमला जरूर मौके पर पहुंच गया हो।

इसी दौरान काकोरी की पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं समाजवादी पार्टी की मलिहाबाद से पूर्व विधायक प्रत्याशी राजबाला रावत भी मौके पर पहुंचीं। युवक ने प्रशासन से कहा कि वह उन्हीं से बात करेगा। अनुमति मिलने पर राजबाला रावत स्वयं टंकी पर चढ़ीं। युवक से बातचीत की और उसकी मांगों को अधिकारियों तक गंभीरता से पहुंचाने का भरोसा दिलाया। काफी देर की समझाइश के बाद वह राजू यादव को सुरक्षित नीचे लेकर आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने उनके साहस और सूझबूझ की सराहना की। घटना तो शांत हो गई, लेकिन कई सवाल हवा में छोड़ गई। आखिर ऐसी कौन-सी व्यवस्था है। जिसमें शिकायत नीचे से ऊपर नहीं पहुंचती, लेकिन शिकायतकर्ता ऊपर चढ़ जाए तो पूरा सिस्टम नीचे खड़ा हो जाता है?

स्थानीय लोगों का कहना है कि टाडखेड़ा ही नहीं फरीदीपुर, विशाल सिटी, बेबी मार्टिन रोड, हाजी कॉलोनी और अंधे की चौकी जैसे कई इलाके वर्षों से टूटी सड़कों, जाम नालियों और जलभराव की समस्या झेल रहे हैं। मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायतें होती हैं। जवाब भी आता है समस्या का निस्तारण कर दिया गया है। बस, निस्तारण शायद फाइलों तक सीमित रह जाता है। क्योंकि मोहल्लों में तो लोग आज भी उसी समस्या के साथ रह रहे हैं।

नगर निगम की कार्यशैली पर भी लोगों के सवाल हैं। उनका कहना है कि सफाई अभियान अक्सर कागजों में ज्यादा चमकता है। जबकि गलियों में गंदगी अपनी स्थायी नागरिकता बनाए हुए है। अधिकारी कभी निरीक्षण पर आते हैं। कभी आश्वासन दे जाते हैं और जनता अगली बारिश का इंतजार करने लगती है।

### मौके पर पहुंचे इन विभागों के अधिकारी

टंकी के नीचे पुलिस , नगर निगमफायर ब्रिगेड, प्रशासन के अधिकारी, राजबाला रावत ,भीड़, कैमरे और आश्वासन थे। अगर कोई नहीं था, तो वह था 'विकास'। शायद विकास अभी भी किसी फाइल में नोटिंग का इंतजार कर रहा है। किसी बैठक में विचाराधीन है। किसी टेंडर की मंजूरी में अटका है। या फिर हमेशा की तरह रास्ते में है।

## शराब के नशे में बेकाबू बाइक सवार ने ग्रामीण को मारी टक्कर, विरोध पर पिटाई

निगोहां, लखनऊ। क्षेत्र के कुर्मिनखेड़ा मजरा उतरावां में शराब के नशे में बाइक चला रहे एक युवक ने एक ग्रामीण को टक्कर मार दी। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए पीड़ित की बेरहमी से पिटाई कर दी और उसके बाल पकड़कर मुंह सड़क पर रगड़ दिया, जिससे जबड़े समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। कुर्मिनखेड़ा निवासी रामशरन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह गांव की दुकान से सामान लेने जा रहे थे। इसी दौरान गांव की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे शिवेंद्र ने शराब के नशे में अपनी बाइक (यूपी 32 जेवाई 4666) से उन्हें टक्कर मार दी। आरोप है कि हादसे के बाद आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़ित की तहरीर पर निगोहां पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## नीम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव, बहनों ने लगाया मानसिक प्रातड़ना का आरोप

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम थाना क्षेत्र के कुबहरा गांव में शनिवार को एक युवक ने घर के पास स्थित नीम के पेड़ से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में शोक की लहर फैल गई। मृतक की पहचान सनेही पुत्र स्वर्गीय सुखराम निवासी कुबहरा के रूप में हुई है। पिता का पहले ही निधन हो चुका था। वह अपनी नेत्रहीन मां सरोजनी के साथ रहता था, जबकि उसकी तीनों बहनों का विवाह हो चुका है। मामले ने उस समय नया मोड़ ले लिया जब मृतक की बहनों सन्नो, ऊषा और निशा ने गांव के ही दो युवकों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर आरोप लगाया कि वे सनेही को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे, जिससे वह तनाव में रहने लगा था। उन्होंने आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की बहनों की तहरीर प्राप्त हुई है और आत्महत्या के कारणों सहित सभी आरोपों की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मोबाइल सिम हैक कर साइबर ठगों ने उड़ाए साढ़े चार लाख रुपये, पीड़ित ने साइबर सेल से की शिकायत

**मोहनलालगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** साइबर अपराधियों ने एक व्यक्ति का मोबाइल सिम हैक कर उसके बैंक खातों से करीब साढ़े चार लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत लखनऊ साइबर क्राइम सेल से कर जांच और कार्रवाई की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के कुढ़ा निवासी संदीप कुमार पुत्र रामनिधि ने साइबर क्राइम सेल को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह बीते 3 जून को हरिद्वार गए थे। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें फोन कर कहा कि उनके मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा गया है और यदि ओटीपी नहीं बताया तो सिम बंद कर दिया जाएगा। संदीप कुमार के अनुसार उन्होंने ओटीपी साझा करने से इनकार कर दिया, जिसके तुरंत बाद उनका मोबाइल सिम बंद हो गया।

पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद बीते 5 जून से 21 जून के बीच यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की मोहनलालगंज शाखा में स्थित उनके दोनों बैंक खातों से लगभग साढ़े लाख रुपये निकाल लिए गए। उन्होंने बताया कि बैंक खाते से रकम निकलने के संबंध में उनके मोबाइल पर कोई एसएमएस भी प्राप्त नहीं हुआ।पीड़ित ने बैंक से खातों का विस्तृत स्टेटमेंट प्राप्त कर साइबर क्राइम सेल को सौंपते हुए पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तथा निकाली गई धनराशि वापस दिलाने की मांग की है।

## काम के दौरान मजदूर की बिगड़ी तबियत, अस्पताल में मौत

**बंथरा,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र में स्थित एक प्लाई कंपनी में काम के दौरान एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।जानकारी के अनुसार, उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाना क्षेत्र के लालपुर गांव निवासी अवधेश उर्फ बबलू (40) बंथरा के भौकापुर स्थित एक प्लाई कंपनी में मजदूरी करता था और परिवार के साथ यहीं रह रहा था। बताते हैं कि शनिवार सुबह करीब 11 बजे कंपनी में काम करते समय उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई।कंपनी प्रबंधन ने तत्काल परिजनों को सूचना दी और उसे बंथरा के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने उसे सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रेफर कर दिया। सीएचसी पहुंचने पर डॉक्टरों ने अवधेश को मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना पर बंथरा पुलिस अस्पताल पहुंची और पोस्टमार्टम कराने का सुझाव दिया, लेकिन परिजनों ने इससे इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया।मृतक अपने पीछे पत्नी गीता, दो बेटियों और एक बेटे को छोड़ गया है। मजदूर की अचानक हुई मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## ई रिक्शा की आमने-सामने टक्कर, तीन हालत गंभीर

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** माल क्षेत्र में केड़ौरा गांव के पास शनिवार सबेरे बाइक और ई रिक्शा में आमने सामने जोरदार टक्कर हो गयी। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से माल सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने घायलों की गंभीर हालत देख, ट्रामा सेंटर भेज दिया।माल भरावन रोड़ पर आभा खेड़ा गांव निवासी जगदीश 25 व शुभम 22 वर्ष दोनों बाइक पर सवार होकर अटारी की तरफ जा रहे थे तभी केडौरा गांव के समीप भरावन की तरफ से सवारी लेकर आ रहे ई रिक्शा में जोरदार भिड़ंत हो गयी। भिड़ंत इतनी तेज थी कि ई रिक्शा सड़क किनारे खंदक में जा कर पलट गया। जिससे उसमें बैठा भरावन निवासी संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया।साथ ही मोटर साइकिल सवार जगदीश व शुभम भी घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने घायलों की हालत गंभीर देखते हुए तीनों को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

## सीलिंग की कार्रवाई से राजधानी के व्यापारी उलझन में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- व्यापारियों से सुरक्षा के सभी उपायों के क्रियान्वन की अपील, हजारों लोगों के सामने रोजी रोटी का संकट आ जाएगा : संजय गुप्ता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को लेकर वे सांसद राजनाथ सिंह , उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, लखनऊ विकास प्राधिकरण ,आवास विकास परिषद के वरिष्ठ अधिकारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों से मिलकर आदर्श व्यापार मंडल व्यापारियों के लिये उचित समाधान निकालने का प्रयास करेगा।

बताते चले कि राजधानी के अलीगंज क्षेत्र में घटित अग्निकांड में 15 बच्चों की आसामायिक दर्दनाक मृत्यु पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्त ने शोक व्यक्त किया। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा बच्चों की मृत्यु बहुत ही दुखदाई है व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा इस प्रकार की घटना की पुर्नरावर्ति ना हो, इसके लिए केवल सीलिंग की कार्रवाई समस्या का स्थाई समाधान नहीं है उन्होंने कहा अग्नि अथवा अन्य किसी प्रकार की आपदा से बचने के लिए सुरक्षा के समुचित उपाय पर ध्यान देना होगा तथा सुरक्षा के सभी उपायो के क्रियान्वयन पर फोकस करने की आवश्यकता है

व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा सीलिंग की कार्रवाई से हजारों व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट आ जाएगा तथा अन्य विसंगतिया उत्पन्न होगी उन्होंने बताया उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल इस संबंध में रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, उप मुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक राज्यसभा सांसद डॉक्टर दिनेश शर्मा एवं लखनऊ विकास प्राधिकरण तथा आवास विकास विभाग के अधिकारियों तथा शासन के अधिकारियों से मिलकर उचित रास्ता निकालने का प्रयास करेगा । घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों में सुरक्षा के समुचित उपाय एवं व्यवस्थाओं के क्रियान्वन हेतु व्यापारियों को भी अभियान चला कर जागरूक किया जाएगा।

## डालीगंज पहुंचे विधायक ने अतिक्रमण पर दिखाई सख्ती

- नोटिस के बाद हो ध्वस्तीकरण : डा. नीरज बोरा, जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश
- नाला ढकने, पुलिया चौड़ीकरण, मछली मंडी व कूड़ा पड़ाव घर हटाने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । विधायक डा. नीरज बोरा ने शनिवार को नगर निगम एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ डालीगंज मुख्य बाजार का स्थलीय निरीक्षण कर क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अतिक्रमण, जल निकासी, सफाई एवं यातायात व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि चिन्हित अतिक्रमणकारियों को तत्काल नोटिस जारी किए जाएं। निर्धारित समयावधि के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाने वालों के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने रामलीला मैदान से मोहन मीकिन की ओर जाने वाले बड़े नाले की आधुनिक मशीनों से कराई जा रही सफाई का अवलोकन किया। उन्होंने नाले पर हुए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश देते हुए नगर निगम को अवस्थापना निधि से नाले की रिटेनिंग वॉल का निर्माण कर उसे ढकने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को संबंधित पुलिया का चौड़ीकरण कराने के लिए भी निर्देशित किया। डा. बोरा ने डालीगंज में संचालित मछली मंडी को अन्यत्र स्थानांतरित करने, कलक्टरगंज स्थित डालीगंज स्टेशन रोड पर किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाने तथा कलक्टरगंज के कूड़ा पड़ाव घर को हटाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों से क्षेत्र में नियमित एवं प्रभावी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने और क्षतिग्रस्त सड़क की शीघ्र मरम्मत कराने को भी कहा। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्ता, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता सत्येंद्र नाथ, जोनल अधिकारी मनोज यादव, भाजपा महानगर महामंत्री घनश्याम अग्रवाल, महानगर उपाध्यक्ष सौरभ वाल्मीकि, पार्षद प्रतिनिधि सुदर्शन कटियार, मंडल अध्यक्ष रमन निगम, अमित गुप्ता, मनीष गुप्ता, संदीप वर्मा, योगेंद्र पांडेय, आयुष वाल्मीकि, सुनील अग्रवाल, भारत भूषण गुप्ता सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन पर उठे सवाल, दो मासूमों की मौत के बाद पसरा मातम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- मोहर्रम जुलूस के दौरान छज्जा गिरने की घटना के दूसरे दिन भी गमगीन रहा माहौल, सुरक्षा इंतजामों को लेकर लोगों में नाराजगी

बख्शी का तालाब, लखनऊ । महोना कस्बे में मोहर्रम के जुलूस के दौरान शुक्रवार रात हुए दर्दनाक हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। हादसे के दूसरे दिन शनिवार को भी महोना में सन्नाटा पसरा रहा। हर गली, चौराहे और बाजार में लोग घटना की चर्चा करते नजर आए। वहीं, दो मासूमों की मौत के बाद धार्मिक आयोजनों में सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

महोना के वार्ड नंबर-9 निवासी मुश्ताक के घर के बाहर मोहर्रम जुलूस के दौरान सबील लगाई गई थी, जहां श्रद्धालुओं को पानी, कोल्ड ड्रिंक और खाद्य सामग्री वितरित की जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सामग्री लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग घर के बाहर बने छज्जे पर चढ़ गए। अधिक भार पड़ने से छज्जा अचानक भरभराकर गिर पड़ा।

इस हादसे में 12 वर्षीय अरमान और अली की मलबे में दबकर मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने जुलूस के दौरान भीड़ नियंत्रण के पर्याप्त इंतजाम न होने पर नाराजगी जताई। नागरिकों का कहना है कि यदि समय-समय पर सार्वजनिक घोषणाओं के जरिए लोगों को कमजोर निर्माणों, छतों और छज्जों पर एकत्र न होने की चेतावनी दी जाती, तो संभवतः यह हादसा टल सकता था।हादसे में घायल सना, अजमल, मोहम्मद हसीब और जियांग की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया, जबकि अन्य घायलों का इलाज स्थानीय अस्पतालों में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों ने मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।दो मासूमों की असमय मौत से पूरे कस्बे में मातम पसरा हुआ है। शनिवार को बड़ी संख्या में लोग पीड़ित परिवारों के घर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। मृतक अली एक निजी विद्यालय में कक्षा चार का छात्र था, जबकि अरमान महोना के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कक्षा छह में अध्ययनरत था। दोनों बच्चों की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### जुलूस मार्ग पर लगातार होतीं सार्वजनिक घोषणाएं

मोहर्रम जुलूस जैसे बड़े आयोजनों के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लगातार सार्वजनिक घोषणाएं बेहद जरूरी होती हैं। यदि माइक के माध्यम से समय-समय पर लोगों से छतों, छज्जों, बालकनियों और कमजोर निर्माणों पर एकत्र न होने की अपील की जाती, तो हादसे की संभावना काफी हद तक कम की जा सकती थी। इसके अलावा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लोगों को सतर्क रहने, बच्चों पर विशेष नजर रखने और निर्धारित मार्ग पर ही रहने संबंधी निर्देश भी लगातार प्रसारित किए जाने चाहिए थे।

### कमजोर भवनों और छज्जों का पहले से होता सर्वे

त्योहारों और धार्मिक जुलूसों से पूर्व प्रशासन, पुलिस और स्थानीय आयोजकों को जुलूस मार्ग का संयुक्त निरीक्षण करना चाहिए। इस दौरान पुराने, जर्जर और कमजोर भवनों, छज्जों तथा बालकनियों की पहचान कर उन्हें चिह्नित किया जा सकता था। ऐसे स्थानों को बैरिकेडिंग कर प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित करने और लोगों की आवाजाही रोकने से इस प्रकार की दुर्घटनाओं की आशंका को काफी हद तक कम किया जा सकता था। साथ ही, संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल और स्वयंसेवकों की तैनाती भी प्रभावी साबित हो सकती थी।

## खुशियों की पाठशाला के तहत ब्लॉक प्रिंटिंग एक्टिविटी में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के राज्य संग्रहालय संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित ॣखुशियों की पाठशालाॣ ग्रीष्मकालीन इंटरएक्टिव गतिविधियों की शखला के अंतर्गत शनिवार को ॣब्लॉक प्रिंटिंग एक्टिविटीॣ का सफल आयोजन किया गया। इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, कलात्मक अभिरुचि तथा पारंपरिक भारतीय कला विधाओं के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा।

कार्यक्रम में सिटी मोंटेसरी स्कूल एवं लखनऊ पब्लिक स्कूल के 06 से 14 वर्ष आयु वर्ग के कुल 61 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने ब्लॉक प्रिंटिंग की विभिन्न तकनीकों को सीखा एवं अपने सृजनात्मक कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर लखनऊ राज्य संग्रहालय के निदेशक डॉ. विनय कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। उन्होंने अपने संबोधन में बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा उन्हें भारतीय कला एवं संस्कृति से जोड़ने का प्रभावी माध्यम हैं।

कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. मीनाक्षी खेमका, सहायक निदेशक, सज्जा कला द्वारा किया गया। उनके कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल संचालन संपन्न हुआ। राज्य संग्रहालय, लखनऊ भविष्य में भी बच्चों एवं युवाओं के लिए इस प्रकार की शैक्षिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा, जिससे सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता एवं सहभागिता को बढ़ावा मिल सके।

# थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी का सख्त संदेश जन शिकायतों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

❒ सुनवायी के दौरान डीएम ने मौके पर दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर । आज जनपद सीतापुर में *थाना समाधान दिवस* के अवसर पर जिलाधिकारी सीतापुर महोदय डॉ. राजागणपति आरध एवं पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से थाना महमूदाबाद पर उपस्थित रहकर जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को बेहद गंभीरतापूर्वक सुना गया। प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जमीन से जुड़े विवादों के मामलों में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें और कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। अधिकारियों ने मातहतों को सचेत किया कि जन-सुनवाई में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पीड़ित की समस्या का समाधान पूरी पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ होना चाहिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी महमूदाबाद एवं क्षेत्राधिकार महमूदाबाद सहित पुलिस व राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## परिषदीय विद्यालयों का बदला समय

सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के परिषदीय विद्यालय सुबह 8 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक संचालित हो रहे थे। तेज धूप, भीषण गर्मी को देखते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सीतापुर ने पत्र भेजकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से स्कूल संचालन अविध में बदलाव किए जाने की मांग की थी। जिलाधिकारी सीतापुर द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय संचालन अवधि को परिवर्तित कर दिया । आदेश के मुताबिक विद्यालय अब अग्रिम आदेश तक 7:30 से 12:30 बजे तक संचालित होगे। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सीतापुर ने इस आदेश की सराहना की।

# परमवीर कैप्टन मनोज पांडेय की जयंती पर रुढ़ा में भव्य आयोजन एडीजी एनसीसी ने युवाओं में भरा राष्ट्रसेवा का जज़्बा

❒ कार्यक्रम का उद्देश्य देश के युवाओं एवं एनसीसी कैडेट्स में राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा एवं सेवा भाव की भावना को सुदृढ़ करना था

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर। परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद कैप्टन मनोज कुमार पांडेय की 51वीं जयंती के अवसर पर उनकी जन्मस्थली रुढ़ा गांव में 22वीं यूपी बटालियन एनसीसी, सीतापुर द्वारा भव्य श्रद्धांजलि एवं प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य देश के युवाओं एवं एनसीसी कैडेट्स में राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा एवं सेवा भाव की भावना को सुदृढ़ करना था। इस गरिमामयी अवसर पर उत्तर प्रदेश निदेशालय, लखनऊ के अपर महानिदेशक (इक्क्क गएए) मेजर जनरल गौरव गौतम, वीएसएम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम के प्रत्येक चरण का स्वयं अवलोकन किया तथा कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत गतिविधियों की सराहना की। मेजर जनरल गौरव गौतम ने प्रत्येक कैडेट से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया, उनके प्रयासों की प्रशंसा की तथा उनके साथ स्मृति स्वरूप समूह एवं व्यक्तिगत फोटो भी खिंचवाए। उनका आत्मीय व्यवहार कैडेट्स के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा।

कार्यक्रम के समापन पर उन्होंने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता केवल उपलब्धियों से नहीं, बल्कि अच्छे चरित्र, अनुशासन, ईमानदारी और एक श्रेष्ठ इंसान बनने से प्राप्त होती है। उन्होंने युवाओं को सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी। रुढ़ा गांव के ग्रामीणों एवं विशेष रूप से बच्चों के साथ बातचीत के दौरान मेजर जनरल गौरव गौतम का भावनात्मक पक्ष भी देखने को मिला। वे गांव के प्रत्येक बच्चे और युवा में परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज कुमार पांडेय की वही अदम्य वीरता, देशभक्ति और नेतृत्व क्षमता की झलक तलाशते दिखाई दिए। उनका यह आत्मीय संवाद उपस्थित सभी लोगों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं भावुक क्षण बन गया।

यह आयोजन न केवल अमर शहीद कैप्टन मनोज कुमार पांडेय को भावभीनी श्रद्धांजलि था, बल्कि नई पीढ़ी के मन में राष्ट्रसेवा, त्याग और उत्कृष्ट चरित्र के आदर्शों को आत्मसात करने की एक सशक्त प्रेरणा भी बना।

# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला उद्योग बन्धु की बैठक, दिए निर्देश

❒ अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस : युवाओं को मिला स्वरोजगार का बड़ा तोहफा

❒ डीएम ने लाभार्थियों को टूलकिट व 05-05 लाख के चेक किए वितरित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर, खीरी । जिले में औद्योगिक विकास को गति देने और उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से अटल सभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उद्यमियों, व्यापारियों एवं निर्यातकों की सभी जायज समस्याओं का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनपद में औद्योगिक गतिविधियों को और अधिक मजबूती मिल सके। बैठक का संचालन एडीएम न्यायिक ब्रजपाल सिंह ने किया।

डीएम ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का समाधान शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि त्वरित निस्तारण से न केवल औद्योगिक माहौल बेहतर होता है बल्कि प्रशासन के प्रति उद्यमियों का विश्वास भी बढ़ता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही उद्यमी किसी भी समय कार्यालय या दूरभाष के माध्यम से अपनी समस्याएं प्रशासन को अवगत करा सकते हैं।

बैठक में डीएम ने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से देरी के कारणों की जानकारी ली और सभी प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम युवा उद्यमी योजना एवं सीएम स्वरोजगार योजना के लंबित आवेदनों की बैंकवार समीक्षा करते हुए तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही इन्वेस्टर समिट के अंतर्गत जीबीसी में स्थापित औद्योगिक इकाइयों की प्रगति की समीक्षा की। डीएम ने सभी परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन और निवेशकों को आवश्यक सुविधाएं व समन्वित सहयोग उपलब्ध कराने पर जोर दिया।औद्योगिक आस्थान की जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए भी बैठक में विस्तृत चर्चा हुई। जिला पंचायत द्वारा नगर पंचायत सीमा तक नाला निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जबकि शेष कार्य नगर पंचायत खीरी द्वारा कराया जाएगा, जिससे जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित हो सकेगा। बैठक में पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, ओडीओपी, एमवाईएसवाई सहित विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं की भी समीक्षा की गई। एडीएम न्यायिक ब्रजपाल सिंह ने पिछली बैठक के अनुपालन और जनपद में निवेश की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की।

### अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस : युवाओं को मिला स्वरोजगार का बड़ा तोहफा

डीएम ने लाभार्थियों को टूलकिट व 05-05 लाख के चेक वितरित किया साथ ही अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों को टूलकिट एवं आर्थिक सहायता प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में टेलरिंग एवं कारपेंटर ट्रेड के लाभार्थियों को टूलकिट दिए गए, जबकि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत विभिन्न युवाओं को 05-05 लाख रुपये के चेक वितरित किए गए। डीएम ने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को बढ़ावा देना है।

### अध्यक्ष विक्रम सिंह ने की अपील, सभी कोचिंग संचालक विशेष पंजीकरण कैम्प में अवश्य हों शामिल

रायबरेली। कोचिंग फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया, रायबरेली के अध्यक्ष विक्रम सिंह ने जनपद के समस्त कोचिंग संचालकों से अपील की है कि वे जिला प्रशासन द्वारा आयोजित विशेष पंजीकरण एवं मानक अनुपालन कैम्प में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपने संस्थानों का पंजीकरण एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करें। जिला प्रशासन द्वारा माननीय जिलाधिकारी श्रीमती सरनीत कौर ब्रोका के निर्देशानुसार 29 जून, 30 जून एवं 1 जुलाई 2026 को दोपहर 12 से 2 बजे तक रायबरेली विकास प्राधिकरण सभागार में विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विकास प्राधिकरण, माध्यमिक शिक्षा, अग्निशमन एवं विद्युत सुरक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# गन्ने के खेत में पड़ा मिला अज्ञात युवती का शव

❒ गला दबाकर की गई हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। थाना सिंधौली क्षेत्र में गन्ने के खेत में एक अज्ञात युवती का शव पड़ा मिला है। सूचना पर तत्काल पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भंवरे और क्षेत्राधिकारी पुवायां के साथ घटनास्थल का मौका मुआयना किया और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। एसपी ने जल्द घटना के खुलासे के निर्देश दिए हैं। पुलिस के अनुसार, युवती की दुपट्टे से गला दबाकर हत्या की गई है। युवती की उम्र करीब 20 वर्ष होगी, युवती ने पीला रंग का प्रिंटेड सूट पहन रखा है। आसपास के लोगों से घटना की जानकारी ली गई। साथ ही शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने बताया कि आज पीआरवी को सूचना मिली कि थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव गंधरपुर में नहर किनारे गन्ने के खेत में एक अज्ञात युवती का शव पड़ा है। सूचना पर एसपी के साथ घटनास्थल का मौका मुआयना किया गया और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। उन्होंने आशंका जताई है कि युवती की दुपट्टे से गला दबाकर हत्या की गई है। युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

### दो बसों समेत 65 वाहनों के काटे चालान

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त के निर्देश पर प्रणव झा सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) बरेली और शाहजहांपुर के सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) हरिओम तथा यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से दो दिवसीय सघन प्रवर्तन अभियान चलाया। जिसके तहत टीम ने लगभग 37 बसों की चेकिंग की। जिसमें 02 बसों के खिलाफ चालान/बन्द की कार्रवाई की। अभियान के दौरान संयुक्त टीम ने एक वाहन पर अनाधिकृत रूप से राजनितिक दल का झण्डा एवं हूटर हटवाया। इसके अलावा ओवर स्पीडिंग, ड्रन्क एण्ड ड्राइव, बिना फिटनेस, बिना परमिट, माल वाहन में यात्री वाहन, एचएसआरपी, बिना/धुंधली नम्बर प्लेट, ओवरलोड माल/यात्री वाहन एवं अवैध पार्किंग में 63 वाहनों के चालान किए। अभियान के दौरान वाहन स्वामियों को निर्देशित किया गया कि किसी भी वाहन को नियम के विरूद्ध संचालन कदापि न किया जाए, यदि नियम विरूद्ध वाहन संचालित मिले, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अभियान में शाहजहांपुर के यात्री/मालकर अधिकारी आरपी गौतम, सहायक क्षेत्रिय प्रबन्धक अरूण कुमार, यातायात निरीक्षक बच्चू सिंह, यातायात उपनिरीक्षक पूरन सिंह आदि मौजूद रहे।

# हनुमान पूजन के बाद विशाल भंडारा, अधिकारियों, पत्रकारों और आमजन ने ग्रहण किया प्रसाद



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । जिला सूचना कार्यालय, सीतापुर परिसर में आज विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। जिला सूचना अधिकारी विपिन कुमार द्वारा हनुमान जी की प्रतिमा पर पूजा अर्चना करते हुये अपराह्न 12.30 बजे से प्रारम्भ हुआ। इस अवसर पर सूचना विभाग के कर्मचारी अभिषेक मिश्रा, प्रिन्स सक्सेना, कुलदीप कुमार, आदर्श तिवारी एवं अनिकेत मौर्य उपस्थित रहे।

साथ ही भंडारे में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, पत्रकार बंधु तथा बड़ी संख्या में आमजन ने सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया तथा पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, सेवा एवं सौहार्द का वातावरण बना रहा। उपस्थित सभी लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की तथा आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और सेवा भावना को बढ़ावा देते हैं। भंडारे का उद्देश्य जनसामान्य को एक साथ जोड़ते हुए सेवा एवं सद्भाव का संदेश देना है।

# डीएम व एसपी ने गेंगासो गंगा पुल का किया स्थलीय निरीक्षण

❒ शीघ्र ही भारी वाहनों के आवागमन के लिए भी होगा प्रारंभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने गेंगासो गंगा पुल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुल पर कराए गए मरम्मत कार्य की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं आवागमन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि गेंगासो गंगा पुल वर्ष 1970 के दशक में निर्मित हुआ था। समय के साथ पुल क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से इस पर यातायात बंद कर दिया गया था। पुल की आवश्यक मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया गया, जो अब पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी ने बताया कि मरम्मत कार्य पूर्ण होने के उपरांत पुल को फिलहाल हल्के वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया गया है। उन्होंने कहा कि पुल पर शेष तकनीकी परीक्षण एवं आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण होने के पश्चात शीघ्र ही भारी वाहनों के आवागमन के लिए भी खोल दिया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुल पर यातायात के दौरान सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित कराया जाए, आवश्यकता अनुसार संकेतक बोर्ड एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं प्रभावी ढंग से संचालित रहें, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना की संभावना न रहे। गेंगासो गंगा पुल के पुनः संचालित होने से रायबरेली सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा व्यापारिक एवं सामाजिक गतिविधियों को भी गति प्राप्त होगी। इस मौके पर उपजिलाधिकारी लालगंज राजेश श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी लालगंज सुजीत कुमार राय सहित संबंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

### मछरेहटा पुलिस ने 14 वर्षीय गुमशुदा बालक को सकुशल किया बरामद

**मछरेहटा, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे गुमशुदा बरामदगी अभियान के तहत थाना मछरेहटा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने गुमशुदगी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 14 वर्षीय गुमशुदा बालक को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार, मु0अ0सं0 130/26, धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत दर्ज मामले में ग्राम जमलापुर उत्तरी, थाना मछरेहटा निवासी रविन्द्र कुमार (उम्र लगभग 14 वर्ष) के गुम होने की सूचना पर तत्काल तलाश शुरू की गई। लगातार प्रयासों के बाद 27 जून 2026 को थाना मछरेहटा पुलिस ने बालक को सकुशल बरामद कर लिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) दुर्गेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी मिश्रिख बृजेश कुमार के नेतृत्व में की गई। बरामदगी के बाद बालक के संबंध में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में शामिल रहेः प्रभारी निरीक्षक प्रभात कुमार गुप्ता उपनिरीक्षक धीरेंद्र सिंह कांस्टेबल यादवेंद्र यादव पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम की सराहना की।




### बड़ी मालियत के बैनामों पर डीएम का एक्शनः महमूदाबाद में संपत्तियों का किया स्थलीय निरीक्षण, पारदर्शिता के दिए सख्त निर्देश

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर0 ने आज बड़ी मालियत के लेखपत्रों के अंतर्गत अंतरित संपत्तियों का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण किया माह मई 2026 के बड़ी मालियत के लेखपत्रों के निरीक्षण के क्रम में आज दिनांक 27 जून, 2026 को जिलाधिकारी महोदय द्वारा तहसील महमूदाबाद, जनपद सीतापुर के ग्राम बेहटा छावनी की पंजीकृत विलेख संख्या 4228/2026 तथा महमूदाबाद अंदर नगर क्षेत्र की पंजीकृत विलेख संख्या 4227/2026 द्वारा अंतरित संपत्तियों का सहायक महानिरीक्षक निबंधन, सीतापुर की उपस्थिति में स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अभिलेखों एवं अंतरित संपत्तियों का सत्यापन किया गया तथा प्रकरणों का गहन परीक्षण किया गया। जिलाधिकारी महोदय ने निरीक्षण के उपरांत संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए राजस्व एवं निबंधन संबंधी कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता, गुणवत्ता तथा निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बड़ी मालियत के लेखपत्रों की नियमित जांच से राजस्व हितों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने किया निरीक्षण, ग्रामीणों को बाढ़ से राहत की उम्मीद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ डीएम ने दौलतापुर क्षेत्र में चल रहे कटाव निरोधक कार्यों की प्रगति जानी

❒ डीएम अंजनी कुमार सिंह के निर्देश, गुणवत्ता, समयबद्धता पर विशेष बल, कार्य प्रगति अंतिम चरण में

लखीमपुर खीरी। शारदा नदी के कटान से गांवों और कृषि भूमि को सुरक्षित रखने के लिए चल रही कटान निरोधक परियोजना का शनिवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह ने स्थलीय निरीक्षण किया। पलिया तहसील के दौलतापुर क्षेत्र में पहुंचकर डीएम ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, प्रगति, तकनीकी मानकों की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कार्य संतोषजनक मिला।

निरीक्षण के दौरान डीएम अंजनी कुमार सिंह ने निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिए कि शेष कार्य गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से पूर्ण किए जाएं। जनहित से जुड़ी परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। अधिशासी अभियंता, बाढ़ खंड अजय कुमार ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि यह परियोजना 02 अप्रैल से प्रारंभ हुई है, जिसकी अनुबंध लागत 5 करोड़ 34 लाख 97 हजार 420 रुपये है तथा कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 01 जुलाई है। उन्होंने बताया कि परियोजना अंतिम चरण में है और अगले दो-तीन दिनों में इसे पूर्ण कर लिया जाएगा। परियोजना के तहत शारदा नदी के कटान को रोकने के लिए जियो बैग, नायलॉन क्रेट, आरबीएम भराई तथा बोल्डर पिचिंग जैसे तकनीकी एवं संरचनात्मक कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे नदी के तेज बहाव से गांवों और आसपास की अवसंरचना को सुरक्षित रखा जा सके। ईई ने बताया कि इस परियोजना के पूर्ण होने पर दौलतापुर, कचनारा एवं करतारपुर सहित तीन गांवों की लगभग 5,950 आबादी तथा 45.73 हेक्टेयर कृषि भूमि को शारदा नदी के कटान से स्थायी सुरक्षा प्राप्त होगी। साथ ही मैलानी-पलिया मीटर गेज रेलवे लाइन को भी कटान के खतरे से सुरक्षित संरक्षण प्राप्त होगा।

### बझेड़ा में क्षतिग्रस्त तटबंध की मरम्मत युद्धस्तर पर, डीएम ने किया निरीक्षण

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने तहसील गोला अंतर्गत शारदा नदी के दाहिने किनारे स्थित ग्राम बझेड़ा में वर्ष 2021 में निर्मित कटान निरोधक परियोजना के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत कार्य का भी स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि नदी का प्रवाह वर्तमान में परियोजना से सटकर बह रहा है, जिससे संरचना पर दबाव बढ़ गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सुरक्षा के लिए 5 मीटरˆ 5 मीटर आकार के 10 कटरों का निर्माण कराया गया है, ताकि नदी की धारा को मोड़कर तटबंध से दूर किया जा सके।

इसके साथ ही चार अलग-अलग स्थानों पर बालू का पर्याप्त स्टॉक तैयार रखा गया है, ताकि आपात स्थिति में तुरंत कटान रोकने की कार्रवाई की जा सके। डीएम ने निर्देश दिए कि मरम्मत कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए और हर हाल में ग्राम एवं संरचना की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

# भीषण गर्मी की चपेट में लखीमपुर, देश का दूसरा सबसे गर्म शहर बना

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ 44-45 डिग्री तापमान से जनजीवन बेहाल, लू के थपेड़ों ने बढ़ाई मुश्किलें, मानसून का इंतजार

लखीमपुर खीरी। तराई का जिला लखीमपुर इन दिनों भीषण गर्मी की आग में तप रहा है। शुक्रवार को जारी अधिकतम तापमान की राष्ट्रीय सूची में लखीमपुर देश का दूसरा सबसे गर्म शहर दर्ज किया गया। हरियाणा का रोहतक पहले स्थान पर रहा, जबकि उत्तर प्रदेश का बांदा तीसरे स्थान पर रहा। लगातार बढ़ते तापमान और चल रही गर्म हवाओं ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है।

मौसम विभाग के अनुसार जिले का अधिकतम तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। जरूरी कार्यों से ही लोग घरों से बाहर निकले, जबकि बाजारों में भी सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम भीड़ देखने को मिली। तेज धूप और लू के कारण बच्चों, बुजुर्गों तथा बाहर काम करने वाले मजदूरों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। गर्मी का असर बिजली और पेयजल व्यवस्था पर भी दिखाई दिया। कई क्षेत्रों में बिजली की बढ़ी मांग के चलते लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं अस्पतालों में भी गर्मी और लू से संबंधित समस्याओं वाले मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि फिलहाल प्रदेश में गर्म एवं शुष्क पछुआ हवाओं का प्रभाव बना हुआ है, जिसके कारण तापमान सामान्य से काफी ऊपर बना हुआ है। हालांकि जून के अंतिम दिनों में मानसून के सक्रिय होने की संभावना जताई जा रही है। मानसून के आगमन के साथ बारिश होने पर तापमान में गिरावट आएगी और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, हल्के सूती कपड़े पहनने तथा बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों का विशेष ध्यान रखने की अपील की है। साथ ही लू के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करने की सलाह दी गई है।

### किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**शाहजहांपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना बण्डा पुलिस ने किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बीती 13 जून को एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर थाना बण्डा क्षेत्र के गांव नवादा ढाह निवासी शरद सिंह, प्रमोद सिंह और झुनकू सिंह के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि उक्त लोग उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गए हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपह्रत पीड़िता को सकुशल बरामद किया और उसकी मेडिकल रिपोर्ट व बयानों के आधार पर दर्ज अपहरण की रिपोर्ट में दुष्कर्म आदि धाराओं में बढ़ोत्तरी की। इसी क्रम में आज बण्डा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियोग में नामित अभियुक्त शरदवीर सिंह उर्फ शरद सिंह को ग्राम देवकली से गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त शरद सिंह को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना बण्डा के प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह के साथ उपनिरीक्षक जयचन्द गिरी और हेड कांस्टेबल रामसंजीवन मौजूद रहे।

### 72 लीटर अवैध कच्ची शराब व 300 किलो लहन बरामद कर नष्ट

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी अभियान के अन्तर्गत आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 प्रशांत कुमार मय हमराह व आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 व थाना खीरों के अन्तर्गत पुलिस चौकी सेमरी की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। टीमों द्वारा थाना-भदोखर अंतर्गत ग्राम-भदोखर व मनहेरु तथा थाना खीरों के अंतर्गत महारानीगंज, सेमरी तथा बेहटा साटनपुर में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों में दबिश देकर कुल 72 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद व 300 किलो लहन बरामद कर लहन को मौके पर नष्ट किया गया एवं 05 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए।

# सीओ सिटी की विदाई, अच्छे कार्यों की लोग कर रहे प्रशंसा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। जिले की कप्तान अंकिता शर्मा द्वारा सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय को जनपद कासगंज स्थानांतरण होने पर भावभीनी विदाई दी गई। आपको बता दें कि पुलिस कप्तान अंकिता शर्मा द्वारा पुलिस लाइन सभागार में सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय के जनपद कासगंज स्थानांतरण के उपलक्ष्य में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसपी सिटी अभिषेक कुमार सिंह, एसपी ग्रामीण डॉ. हृदेश कठेरिया, समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं जनपद के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा रजनीश उपाध्याय के कार्यकाल के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों, कर्तव्यनिष्ठा, नेतृत्व क्षमता एवं प्रशासनिक दक्षता की सराहना की गई। वहीं रजनीश उपाध्याय को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं नवीन कार्यस्थल पर सफल कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दी गई।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उनके साथ कार्य करने के अनुभव साझा करते हुए उनके योगदान की प्रशंसा की तथा भावभीनी विदाई दी।

# बच्ची से दरिंदगी, मेडिकल में हुई पुष्टि आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। अलापुर थाना क्षेत्र में चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म किया गया। मेडिकल रिपोर्ट में यह बात सामने आई। एसएसपी ने आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीमें गठित की हैं। आपको बता दें कि अलापुर थाना क्षेत्र में घर के बाहर सड़क पर ताजिया देखने के दौरान चार वर्षीय बच्ची को एक शख्स उठा ले गया। आरोपी ने बच्ची से दरिंदगी की। लापता होने के बाद करीब 18 घंटे के बाद बच्ची शुक्रवार तड़के पांच बजे मक्का के खेत में रोते मिली। शनिवार को आई मेडिकल रिपोर्ट में बच्ची के साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट आने के बाद एसएसपी अंकिता शर्मा ने बताया कि बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है। आरोपी की तलाश में टीमें लगाई हैं। अलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी चार साल की नातिन के लापता होने की शिकायत अलापुर थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की। शुक्रवार तड़के पांच बजे बच्ची गांव के बाहर मक्के खेत में रोते मिली। बच्ची के कपड़े खून से लथपथ थे। घटना की स्थिति देखते हुए पुलिस ने बच्ची की काउंसलिंग कराते हुए जिला महिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया था। पुलिस अफसरों ने बच्ची के साथ दुष्कर्म होने की आशंका को लेकर अपनी जांच शुरू की। अलापुर पुलिस, एसओजी और फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य भी जुटाए। वहीं, देर रात एसएसपी ने कहा था कि मेडिकल रिपोर्ट मिलने के बाद सही बात सामने आएगी। इधर,मेडिकल रिपोर्ट में बच्ची से दुष्कर्म होने की पुष्टि हो गई। एसएसपी अंकिता शर्मा ने बताया कि बच्ची के मेडिकल परीक्षण में दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। दर्ज मामले में पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म की धाराएं बढ़ा दी गई है। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीमें मौके पर जुटी हैं। बच्ची की काउंसलिंग कराने के साथ परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कानपुर सेंट्रल–नौबस्ता मेट्रो सेक्शन पर सीएमआरएस का तीन दिवसीय जायजा शुरू

कानपुर। कानपुर सेंट्रल से नौबस्ता तक मेट्रो के शेष सेक्शन पर यात्री सेवाएं शुरू करने की दिशा में महत्वपूर्ण चरण शुरू हो गया है। मेट्रो रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा तीन दिनों तक सुरक्षा और तकनीकी मानकों का विस्तृत परीक्षण किया जाएगा, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और विश्वस्तरीय मेट्रो सेवा उपलब्ध कराई जा सके। यह जानकारी शनिवार को उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (यूपीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने दी।

मेट्रो रेल संरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) नीलाभ्र सेनगुप्ता ने अपनी पांच सदस्यीय टीम के साथ कानपुर सेंट्रल से नौबस्ता तक कॉरिडोर-1 के शेष सेक्शन के तीन दिवसीय जायजा की शनिवार को शुरुआत की। कानपुर पहुंचने के बाद उन्होंने यूपीएमआरसी के अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें परियोजना से जुड़े विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की गई।

बैठक के बाद सीएमआरएस ने नवीन मार्केट से कानपुर सेंट्रल स्टेशन तक मेट्रो से यात्रा की। इसके बाद मोटर ट्रॉली के माध्यम से कानपुर सेंट्रल से झकरकटी के बीच डाउन लाइन टनल और ट्रैक का जायजा लिया। झकरकटी स्टेशन पर एस्केलेटर, फायर अलार्म, आपातकालीन सुरक्षा व्यवस्था तथा यात्रियों की सुविधा से जुड़े विभिन्न प्रावधानों की भी बारीकी से पड़ताल की गई।

यूपीएमआरसी के अनुसार 28 और 29 जून को भी यह प्रक्रिया जारी रहेगी। इस दौरान कानपुर सेंट्रल से नौबस्ता तक के पूरे सेक्शन में सिग्नलिंग, इलेक्ट्रिकल, ट्रैक, सिविल और अन्य तकनीकी प्रणालियों का परीक्षण किया जाएगा। सभी सुरक्षा और तकनीकी मानकों के अनुरूप पाए जाने के बाद आगे की वैधानिक प्रक्रिया पूरी की जाएगी, जिसके बाद इस सेक्शन पर मेट्रो संचालन का मार्ग प्रशस्त होगा।

## डिजिटल लर्निंग महाअभियान के तहत कार्यकर्ताओं को तकनीकी रुप से बनाया जाएगा दक्ष : अनिल दीक्षित

कानपुर। डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम के माध्यम से कार्यकर्ताओं को तकनीकी रूप से अधिक सक्षम और संगठनात्मक रूप से मजबूत बनाया जाएगा। 23 जून से छह जुलाई तक चलने वाले इस अभियान में बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। यह बातें शनिवार को भाजपा कानपुर उत्तर के जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित ने जिला कार्यालय में आयोजित डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम की जिला कार्यशाला में कहीं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में संगठन के प्रशिक्षण अभियान को मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर प्रभावी ढंग से पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन द्वारा पार्टी स्थापना दिवस के अवसर पर डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम की शुरुआत की गई थी, जिसे अब 23 जून से 6 जुलाई तक अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर प्रशिक्षण से जुड़े कार्यकर्ताओं के साथ सोशल मीडिया और आईटी विभाग के पदाधिकारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला, मंडल, शक्ति केंद्र, बूथ समितियों, मोर्चों, प्रकोष्ठों तथा सक्रिय कार्यकर्ताओं की भागीदारी इस प्रशिक्षण में सुनिश्चित की जाएगी। अनिल दीक्षित ने बताया कि ऑनलाइन प्रशिक्षण 12 वैकल्पिक भाषाओं में उपलब्ध रहेगा। इसमें भाजपा का परिचय, मोदी सरकार की प्रमुख लाभार्थी योजनाएं, नमो ऐप तथा पार्टी के प्रमुख संगठनात्मक कार्यक्रमों से जुड़े चार विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ता मोबाइल के माध्यम से अध्ययन सामग्री पढ़ेंगे, वीडियो और ऑडियो सामग्री का अध्ययन करेंगे तथा प्रश्नोत्तरी में भाग लेंगे। कोर्स पूरा करने वाले प्रतिभागियों को क्रेडिट बैज और प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा ने बताया कि अभियान के लिए जिला उपाध्यक्ष डॉ. जन्मेजय सिंह को संयोजक तथा पारस मदान एवं जीतू कश्यप को सहसंयोजक बनाया गया है।

## हत्यारोपित पति गिरफ्तार, पत्नी की लोहे की रॉड से प्रहार कर की थी हत्या

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम ने शनिवार को हत्यारोपित पति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हत्यारोपित ने शुक्रवार को देर रात्रि में अपनी पत्नी की लोहे की रॉड से प्रहार कर हत्या की थी। थाना शिकोहाबाद क्षेत्र अंतर्गत प्रतापपुर रोड जैन ईंट भट्टा निवासी राम नरेश उर्फ जगमोहन ने शुक्रवार की देर रात अपनी पत्नी सरिता की लोहे की रॉड से प्रहार कर हत्या कर दी। घटना की जानकारी के बाद पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। इधर शनिवार को राजबहादुर सिंह पुत्र बृजमोहन सिंह निवासी नगला चतुरी, थाना नगला खंगर ने थाना शिकोहाबाद पर शिकायत दर्ज कराई। राजबहादुर ने आरोप लगाया कि उसकी पुत्री सरिता की शादी लगभग 22 वर्ष पूर्व अभियुक्त रामनरेश उर्फ जगमोहन से हुई थी। अभियुक्त रामनरेश शराब पीने का आदी था तथा आये दिन अपनी पत्नी के साथ मारपीट एवं गाली-गलौज करता था। शुक्रवार की देर रात्रि में पारिवारिक विवाद के उपरान्त जब सरिता अपने बच्चों एवं सास के साथ अपने देवर के मकान की छत पर सो रही थी, तभी अभियुक्त पीछे की ओर से छत पर चढ़ आया और लोहे की रॉड से सिर पर प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त की तलाश शुरू कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक देहात अनुज चौधरी ने बताया कि थाना शिकोहाबाद प्रभारी अनुज कुमार पुलिस टीम के साथ शनिवार को क्षेत्र में गशत पर थे तभी उन्होंने सूचना पर काशीराम कॉलोनी तिराहा, थाना शिकोहाबाद के पास से पत्नी की हत्या में वांछित अभियुक्त रामनरेश उर्फ जगमोहन पुत्र वंगाली बाबू निवासी ग्राम नानेमऊ थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद, हाल निवासी जैन भट्टा के पीछे प्रतापपुर रोड, कस्बा व थाना शिकोहाबाद को गिरफ्तार किया है। हत्यारोपित के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## ठेकेदार की हत्या में फरार दो भाई गिरफ्तार

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले के जरिया थाना क्षेत्र स्थित गोहांड-बागीपुर मार्ग पर नहर कोठी के पास ठेकेदार देशराज की हत्या में फरार दो सगे भाईयो को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया है।इनके पास से एक नहीं, बल्कि दो कुल्हाड़ियां बरामद की गई हैं। थाना प्रभारी दिनेश कुमार पांडेय ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपित चरण सिंह और राजेंद्र सिंह दोनों गांव के ही निवासी हैं। दोनों सगे भाई हैं। दोनों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगातार दबिश दे रही थीं। पूछताछ में दोनों ने जमीनी विवाद के चलते हत्या करना करना स्वीकारा है। इनके पास से दो कुल्हाड़ियां बरामद की गई हैं। बताया कि हत्या के बाद कुल्हाड़ियों को इटौरा गंग तिराहे के पास झाड़ियों में फेंक दिया था। ये दोनों मृतक देशराज के पड़ोसी है। देशराज के पुत्र कमलेश ने दोनों भाईयों के खिलाफ पिछले दिनों थाने में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कमलेश का कहना था कि चरण सिंह और राजेंद्र सिंह का चचेरे भाई हरेंद्र से भूमि विवाद था। उनके पिता मृतक देशराज का इस विवाद से कोई वास्ता नहीं था। पड़ोसी और वृद्ध होने के नाते वह इन दोनों भाइयों को सुलह करने की सलाह देने राठ तहसील गए थे, ताकि विवाद का निस्तारण हो जाए, लेकिन इन दोनों भाइयों ने वापस आते समय घेरकर उनकी ही कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ प्रहार कर हत्या कर दी। फिलहाल ठेकेदार देशराज की हत्या में दोनों भाईयों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

## देवरिया रेलवे स्टेशन पर टिकट दलाल गिरफ्तार

देवरिया। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और अपराध आसूचना शाखा (सीआईबी) की संयुक्त टीम ने शनिवार को देवरिया रेलवे स्टेशन के आरक्षण हाल में कार्रवाई करते हुए एक कथित टिकट दलाल को गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से तत्काल आरक्षित एसी टिकट, आरक्षण मांग पत्र तथा मोबाइल फोन बरामद किया है।

आरपीएफ देवरिया के सहायक उपनिरीक्षक अक्षय कुमार सिंह ने बताया कि वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी एवं सहायक सुरक्षा आयुक्त (अपराध) गोरखपुर के निर्देश पर अपराध आसूचना शाखा छपरा सब युनिट भटनी तथा आरपीएफ पोस्ट देवरिया की टीम आरक्षण केंद्र पर निगरानी कर रही थी। इसी दौरान टीम ने इंदिरानगर निवासी अमित सोनकर (38) को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से पीएनआर 2258400083 का गोरखपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी) के लिए 28 जून का थ्री एसी श्रेणी का तत्काल आरक्षित टिकट, जिसकी कीमत 9,220 रुपये है, एक सादा एवं एक भरा हुआ आरक्षण मांग पत्र तथा वीवो वाई-21 मोबाइल फोन बरामद हुआ।

पूछताछ में आरोपित ने कथित रूप से बताया कि वह जरूरतमंद यात्रियों को टिकट के निर्धारित मूल्य से 400 से 500 रुपये प्रति व्यक्ति अधिक लेकर चोरी-छिपे तत्काल एवं सामान्य टिकट उपलब्ध कराता था। इसके बाद आरोपित के विरुद्ध रेल अधिनियम की धारा 143 के तहत आरपीएफ पोस्ट देवरिया में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक अक्षय कुमार सिंह कर रहे हैं। रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों से अपील की है कि, वे टिकट केवल अधिकृत माध्यमों से ही खरीदें और किसी भी प्रकार की दलाली की सूचना तत्काल रेलवे सुरक्षा बल को दें।

# आधुनिक पालिकाध्यक्ष कक्ष का लोकार्पण चेयरमैन ने फीता काटकर किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। नगर पालिका परिषद के प्रशासनिक ढांचे को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में शनिवार को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई। लगभग 18 लाख रुपये की लागत से तैयार किए गए आधुनिक पालिकाध्यक्ष कक्ष का नगर पालिका अध्यक्ष फात्मा रज़ा ने फीता काटकर लोकार्पण किया। लोकार्पण के उपरांत उन्होंने अपने नवनिर्मित एवं अत्याधुनिक कक्ष में बैठकर कार्यभार भी संभाला। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। लोकार्पण के बाद पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने नए कक्ष का निरीक्षण किया और उपस्थित अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यालय की नई कार्यप्रणाली पर चर्चा की। समारोह में मौजूद लोगों ने आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस कक्ष की सराहना करते हुए इसे नगर पालिका के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने कहा कि पालिका केवल विकास कार्यों को कराने वाली संस्था नहीं, बल्कि आम जनता की समस्याओं के समाधान का प्रमुख केंद्र है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं और आवश्यक कार्यों को लेकर नगर पालिका कार्यालय पहुंचते हैं। ऐसे में यह आवश्यक था कि कार्यालय का वातावरण आधुनिक, व्यवस्थित और जनहित के अनुरूप बनाया जाए। इसी सोच के साथ पालिकाध्यक्ष कक्ष का आधुनिकीकरण कराया गया है। उन्होंने बताया कि लगभग 18 लाख रुपये की लागत से तैयार इस आधुनिक कक्ष में उच्च गुणवत्ता की फॉल्स सीलिंग, आकर्षक एलईडी प्रकाश व्यवस्था, आधुनिक फ्लोरिंग, नई विद्युत वायरिंग, बेहतर वातानुकूलन व्यवस्था, आधुनिक फर्नीचर, आगंतुकों के लिए आरामदायक बैठक व्यवस्था, डिजिटल मीटिंग सिस्टम तथा अन्य अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। इससे प्रशासनिक बैठकों का संचालन अधिक व्यवस्थित होगा तथा निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी तेजी आएगी।

फात्मा रज़ा ने कहा कि किसी भी संस्था की कार्यक्षमता उसके कार्य वातावरण पर निर्भर करती है। आधुनिक कार्यालय कर्मचारियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और बेहतर कार्य संस्कृति विकसित करता है। इसका सीधा लाभ जनता को मिलेगा, क्योंकि शिकायतों का निस्तारण अधिक पारदर्शी, व्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से किया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका शहर के विकास के साथ-साथ प्रशासनिक व्यवस्था को भी आधुनिक बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सड़क, नाली, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, स्वच्छता, पार्कों के सौंदर्यीकरण और अन्य विकास कार्यों के साथ अब कार्यालयों के आधुनिकीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि पालिका भवन शहर की महत्वपूर्ण प्रशासनिक पहचान है। यहां प्रतिदिन सैकड़ों नागरिक विभिन्न कार्यों के लिए आते हैं। इसलिए भवन का प्रत्येक हिस्सा स्वच्छ, सुव्यवस्थित, तकनीकी रूप से सक्षम और जनसुविधाओं के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने बताया कि पालिकाध्यक्ष कक्ष के आधुनिकीकरण के बाद नगर पालिका भवन के अन्य कार्यालयों का भी चरणबद्ध तरीके से नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण कराया जाएगा।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि नए कक्ष में डिजिटल संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया गया है, जिससे बैठकों का संचालन अधिक प्रभावी होगा और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता के साथ गति भी आएगी। आधुनिक बैठक व्यवस्था एवं तकनीकी सुविधाओं से जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। समारोह में मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नगर पालिका भवन का आधुनिकीकरण समय की आवश्यकता थी। इससे कर्मचारियों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा और आम नागरिकों को भी सम्मानजनक एवं सुविधाजनक माहौल में अपनी समस्याएं रखने का अवसर प्राप्त होगा। अपने संबोधन के अंत में पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने कहा कि नगर पालिका परिषद का उद्देश्य केवल विकास कार्य कराना नहीं, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और जनकेंद्रित बनाना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आधुनिक पालिकाध्यक्ष कक्ष का लोकार्पण नगर पालिका परिषद के आधुनिकीकरण की दिशा में एक नया अध्याय साबित होगा और आने वाले समय में पूरा नगर पालिका भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त जनसेवा केंद्र के रूप में नई पहचान स्थापित करेगा। इस मौके पर सभासद रवि, भूदेवी चंदेल, प्रेमलता सिंह, लियाकत अली खां, ममता, राजीव नारायण रायजादा, शाजमा, मोहम्मद अनवर, अनवर खां, मनोज, किशोर, जया साहू, जीनत बी उर्फ जीनत बेगम, कनीज फात्मा, अख्तरी, मोहित सक्सेना समेत तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

# घटना स्थल पर मारपीट करने वाला पुलिसकर्मी, लाइन हाजिर

**कैनविज टाइम की खबर का असर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पुलिसकर्मी द्वारा मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। बिनावर क्षेत्र में मंगलवार दोपहर बरेली-मथुरा हाईवे पर भीषण सड़क हादसा हो गया। गांव भाटपुरी के पास रोडवेज बस और छोटा हाथी वाहन की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में छोटा हाथी का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे वाहन से मुश्किल से निकालकर बरेली भेजा गया है।

आपको बता दें कि बिनावर थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे बरेली-मथुरा हाईवे पर गांव भाटपुरी के पास रोडवेज बस और छोटा पिकअप वाहन (छोटा हाथी वाहन) की आमने-सामने से भीषण भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और चालक उसमें फंस गया। हादसे के बाद बस का चालक और परिचालक बस को छोड़कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से वाहन में फंसे चालक को निकालने का प्रयास किया। केबिन को संबल और सरिया से उठाया, फिर काटा गया। उसके बाद जेसीबी से केबिन खिंचवाकर चालक को बाहर निकाला। चालक की हालत नाजुक है। उसे एंबुलेंस से बरेली भेजा गया। उसके क्लीनर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के दौरान बस में सवार यात्रियों को भी चोटें आई, लेकिन हादसे के बाद सभी यात्री अन्य वाहनों से अपने गंतव्य स्थानों के लिए रवाना हो गए। वहीं सोशल मीडिया पर एक वीडियो बहुत तेजी से प्रसारित हो रहा है और बिनावर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है, वहीं वीडियो में एक पुलिसकर्मी एक्सीडेंट वाली जगह पर एक व्यक्ति को पीटते हुए नजर आ रहा है, वही वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है और लोग कार्यवाही की मांग कर रहे हैं, वही वीडियो की कैनविज टाइम समाचार पत्र पुष्टि नहीं करता है।

बदायूं। बिनावर क्षेत्र में बरेली-मथुरा हाईवे पर भीषण सड़क हादसा हो गया। गांव भाटपुरी के पास रोडवेज बस और छोटा हाथी वाहन की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में छोटा हाथी का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे वाहन से मुश्किल से निकालकर बरेली भेजा गया है। आपको बता दें कि बिनावर थाना क्षेत्र में बरेली-मथुरा हाईवे पर गांव भाटपुरी के पास रोडवेज बस और छोटा पिकअप वाहन (छोटा हाथी वाहन) की आमने-सामने से भीषण भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और चालक उसमें फंस गया। हादसे के बाद बस का चालक और परिचालक बस को छोड़कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से वाहन में फंसे चालक को निकालने का प्रयास किया। केबिन को संबल और सरिया से उठाया, फिर काटा गया। उसके बाद जेसीबी से केबिन खिंचवाकर चालक को बाहर निकाला। चालक की हालत नाजुक है। उसे एंबुलेंस से बरेली भेजा गया। उसके क्लीनर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के दौरान बस में सवार यात्रियों को भी चोटें आई, लेकिन हादसे के बाद सभी यात्री अन्य वाहनों से अपने गंतव्य स्थानों के लिए रवाना हो गए। वहीं घटना स्थल एक पुलिसकर्मी मारपीट का सोशल मीडिया पर वीडियो बहुत तेजी से प्रसारित हो रहा है और बिनावर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है, वहीं वीडियो में एक पुलिसकर्मी एक्सीडेंट वाली जगह पर एक व्यक्ति को पीटते हुए नजर आ रहा है, वही वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है और लोग कार्यवाही की मांग कर रहे हैं, वही कैनविज टाइम समाचार पत्र इस खबर को प्रमुखता से छापा था और अब यह पुलिसकर्मी को सीओ की जांच में दोषी पाया गया, वहीं तेजतर्रार एसएसपी अंकिता शर्मा ने लाइन हाजिर की कार्रवाई की है।

## हरी खाद अपनाकर मिट्टी की सेहत सुधारें, रासायनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग करें : डॉ. शशिकांत

कानपुर। हरी खाद के उपयोग और रासायनिक उर्वरकों के संतुलित प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता बढ़ाई जा सकती है, जिससे खेतों की सेहत के साथ किसानों की आय में भी सुधार होगा। गर्मी के मौसम में ढैंचा, सनई, उड़द और मूंग जैसी हरी खाद वाली फसलों के अवशेष खेत में मिलाना लाभदायक है। यह बातें शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र, दलीप नगर के वैज्ञानिक डॉ. शशिकांत ने चौबेपुर विकासखंड के ग्राम निगोहा में आयोजित खेत बचाओ अभियान के दौरान कहीं।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, दलीप नगर की ओर से खेत बचाओ अभियान के तहत ग्राम निगोहा में किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को मृदा संरक्षण, जैविक पदार्थों के महत्व और टिकाऊ खेती के तरीकों की जानकारी दी गई। डॉ. शशिकांत ने बताया कि मृदा में जीवांश पदार्थ बढ़ने से उसकी गुणवत्ता में सुधार होता है, जबकि रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग से मिट्टी और मानव स्वास्थ्य दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

# एसपी ग्रामीण नें सुनी जनसमस्याएं, दिये दिशा–निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। समाधान दिवस के अवसर पर एसपी ग्रामीण डॉ0 ह्रदेश कठेरिया द्वारा थाना वजीरगंज पर उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके विधिक एवं समयबद्ध निस्तारण कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया,साथ ही संबंधित अधिकारियों को जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। समाधान दिवस रजिस्टर को चेक कर सम्बन्धित को अद्यावधिक हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक वजीरगंज अश्विनी कुमार व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# महराजगंज क्षेत्र के कुबना गांव में फलदार पेड़ों की अवैध कटान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**मामला सामने आने से क्षेत्र में हड़कंप मचने काआरोप**

**लकड़ी ठेकेदार 'जादूगर' द्वारा आम के हरे एवं सूखे फलदार पेड़ों पर बिना वैध अनुमति आरा चलवाकर कराई गई क कटान**

**मामले के सामने आने के बाद स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी, कार्रवाई की मांग**

महराजगंज,रायबरेली। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के कुबना गांव में फलदार पेड़ों की कथित अवैध कटान का मामला सामने आने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। आरोप है कि, लकड़ी ठेकेदार 'जादूगर' द्वारा आम के हरे एवं सूखे फलदार पेड़ों पर बिना वैध अनुमति आरा चलवाकर शुक्रवार को कटान कराई गई। मामले के सामने आने के बाद स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है और कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। आपको बता दें कि, वन विभागीय सूत्रों के अनुसार, संबंधित पेड़ों की कटान के लिए आवश्यक अनुमति होने को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। प्रारंभिक जानकारी में बिना वैध स्वीकृति के कटान किए जाने की बात सामने आई है। हालांकि, विभागीय स्तर पर मामले की जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। इस बीच कथित अवैध कटान से जुड़े फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। वायरल तस्वीरों के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है और ग्रामीणों ने दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है। लोगों का कहना है कि, यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले ऐसे मामलों को बढ़ावा मिलेगा। सूत्रों का यह भी कहना है कि, यदि जांच में अवैध कटान की पुष्टि होती है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा सकती है। फिलहाल पूरे मामले पर वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की निगाहें टिकी हुई हैं। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि, जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है।

# मिठाई की दुकान पनीर के भाप से निकलने वाले और गंदे पानी की बदबू से लोग परेशान

## लोगों ने कहा इसे घनी आबादी से दूर किया जाए शिफ्ट,बीमारियों का बना रहता है खतरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिले करनैलगज तहसील क्षेत्र बालपुरबजार में रिहायशी इलाकों के बीच सड़क पर एक मिठाई की दुकान पर पनीर बनाने की डेयरी चल रही हैं। सूत्रों के द्वारा इस मिठाई की दुकान पर पनीर भी बनाया जाता है,जो मिलावटी होती है,यहाँ पर घनी आबादी के बीच एक निजी फैक्ट्री के संचालन से फैक्ट्री से निकलने वाला पनीर का पानी सड़क पर दुकानों के सामने भरा रहता है पनीर के पानी से इस कदर दुर्गन्ध आती है लोगो को सास लेने में दि क्कत हो रही है लोगो को एक मिनट भी खड़ा हो पाना मुश्किल है लेकिन दुकानदार तो मजबूर है। अपनी दुकान छोड़ कर कहाँ चले जाय उनको तों अपनी दुकान चलाना है।सोशल मीडिया पर चर्चा है की मिठाई दुकान संचालक के खिलाफ एक बा र आवाज निकाल दे मजाल है कि कोई उफ़ तक बोल दें। वही चर्चा है कि मिठाई दुकान संचालक की एक ही नाम से जिले में पूरे जिले में कई दुकानें संचालित हो रही हैं, सूत्र बता रहे हैं कि संचालक खाद्य विभाग से सम्बंधित विभाग के अधिकारी मिठाई संचालक को कुछ बोल पाने मे असमर्थ दिखाई दें रहे।क्यों कि न तो इस मिठाई की दुकान पर विभाग द्वारा छापा मार कर कार्रवाई की जाती है,न इस मिठाई कि दुकान पर मानकों और नियमों का ध्यान नहीं रखा जाता है,जिससे स्थानीय लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ ता है। इनमें से रास्ते से निकलने वाले लोग व स्था नीय निवासियों की मुख्यपरेशानी है कि मिठाई क़ी दुकान से निकलने वाला गंदा पानी और उससे फै लनी वाली बदबू। साथ ही इससे बीमारियों फैलने का भी खतरा बना रहता है।लेकिन फूड सेफ्टी वि भाग का इस और कोई ध्यान नही है।

### मिठाई क़ी दुकान से निकलने वाला गंदा पानी सड़क हो जाता है जमा, बच्चे हो रहे बीमार

क्षेत्र की महिलाओं बच्चों का कहना है कि अमित मिष्ठान भंडार से पनीर से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर और लोगो के घरो के सामने जमा हो जाता है।जिसकी बदबू से यहां पर रहना बड़ा मु श्किल है।हमारे बच्चे बीमार रहते हैं,उल्टियां आती है।इस मिठाई क़ी दुकान को आबादी से दूर ले जा ने की क्षेत्रवासी मांग कर रहे हैं। स्थानीय लोगों के बीच में यह भी चर्चा है क़ी काफी बार शिकायत की गई लेकिन फूड सेफ्टी विभाग का इस और को ई ध्यान नही दे रहा है।वही फ़ूड विभाग से जानका री ली गईं तो उन्होंने बताया अगर लोगों को परेशा नी हो रही है और शिकायत है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।मिठाई क़ी दुकान से निकलने वाला ब दबूदार पानी जैसे तथ्यों की जांच प्रदूषण विभाग देखता है।

# पुरानी रंजिश में युवक पर लाठी-डंडों से पीटा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के इटियाथोक कोतवाली क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते हुए विवाद का एक वीडियो सोश ल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।वीडियो में एक युवक हाथ में फरसा थामे लोगों को धमका ते हुए हमले के इरादे से दौड़ता नजर आ रहा है।

हालांकि,कैनविज टाइम्स किसी भी वायरल वीडि यो की पुष्टि नहीं करता है, मौके पर मौजूद लोगों ने समय रहते युवक को काबू में कर लिया, जिससे कोई बड़ा हादसा टल गया।बताया जा रहा है कि यह घटना दो दिन पहले जगदीशपुर वृंदावन गांव की है।तेलियानी पाठक बैरागीजोत निवासी विजय कुमार शुक्ल ने पुलिस को दी अपनी तहरीर में ब ताया कि वे गुरुवार को अपनी बुआ के घर जगदी शपुर वृंदावन गए थे।उनका आरोप है कि वहां पु रानी रंजिश को लेकर सूबेदार, राम रंग और दिनेश कुमार ने उनके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। इसी दौरान एक अन्य युवक फरसा लेकर उन पर हमला करने के लिए दौड़ पड़ा।विजय कुमार ने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई।पीड़ित का यह भी आरोप है कि हमलावरों ने उनका मोबाइल फोन तोड़ दिया और जान से मार ने की धमकी दी।प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रि पाठी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुक दमा दर्ज कर लिया गया है।वायरल वीडियो के आधार पर फरसा लेकर दौड़ने वाले युवक की पहचान की जा रही है और उसकी तलाश जारी है।फिलहाल पूरे मामले की विवेचना की जा रही है।

# डीआईजी ने सुनी जनता की फरियाद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जन समस्याओं के समाधान को लेकर शनि वार को सभी थानों पर थाना समाधान दिवस आ योजित किया गया। डीआईजी अशोक शुक्ला ने इटियाथोक थाने पर पहुंच कर जनता की समस्या ओं को सुना और समाधान का मातहतों को निर्देश दिया।डीआईजी ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान नियमानुसार समय बद्ध तरीके से कि या जाना जरूरी है।यह शासन की प्राथमिकता वा ले कार्यक्रमों में शामिल है।ऐसे में किसी भी तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।डीआईजी के द्वारा थाना समाधान दिवस के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शा सन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुसार शिकाय तों के निस्तारण के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि जनशिकायतों के निस्तारण में पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता सुनिश्चित की जाए। समाधान दिवस में किसी भी स्तर पर शिथिलता अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।तत्पश्चात डीआईजी अशोक कुमार द्वारा थाना इटियाथोक के कार्यालय का निरीक्षण किया गया एवं ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों से संवाद कर विभिन्न जानकारियां प्राप्त की गई तथा थाना प्रभारी को थाना क्षेत्र में कानून/शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया।

# थानों में नहीं सुनी जाती फरियाद, आला अधिकारियों तक लगानी पड़ती है गुहार



### क्या फ़ेल हो रहा निचला तंत्र..?

किसी भी जिले में लोग अपनी पहली शिकायत लेकर थाने तक पहुंचते हैं अगर वहां उनकी बात नहीं सुनी जाती है तब वे डीएसपी और फिर उसके ऊपर के अधिकारियों के पास फरियाद लेकर जाते हैं सवाल यह है कि क्या वाकई में गोंडा पुलिस का निचला तंत्र फ़ेल हो चुका है.....?....एसपी विनीत जायसवाल के अनुसार दिन के पहले हाफ में वे आमलोगों से मिलते हैं अपने जूनियर पर अधिका रियों का बचाव करते हुए एसपी बताते हैं कि ऐसा नहीं है कि पुलिस का निचला तंत्र फ़ेल है वर्तमान समय में छोटी-छोटी बातों को लेकर भी लोग उन तक पहुंचते हैं लेकिन कुछ ऐसे मामले भी होते हैं जिनमें थाना स्तर से लोगों को उचित न्याय नहीं मिल पाता है या फिर थाना उन्हें उचित माध्यम समझा नहीं पाता है ऐसे में लोग उनके पास पहुंच ते हैं,लेकिन यह कहना थोड़ा गलत होगा कि पुलि स का निचला तंत्र फ़ेल है।

### आला अधिकारियों के पास उमड़ती है भीड़

एसपी के जिम्मे कई महत्वपूर्ण काम है मुख्यालय होने के नाते एसपी को कई अहम जिम्मेदारियां दि न भर निभाना होता है लेकिन आपको जानकर है रानी होगी कि गोंडा एसपी का आधा समय लोगों की फरियाद सुनने में निकल जाता है ऐसा कोई भी दिन नहीं होता है जिस दिन पचास से अधिक लोग एसपी के पास अपनी फरियाद लेकर नहीं पहुंचते हैं,अगर आंकड़ों की बात करें तो एक मही ने में लगभग सात से आठ सौ से ज्यादा लोग एस पी के कार्यालय पहुंचकर यह शिकायत करते नज र आते हैं कि उक्त थानेदार ने उनकी बात नहीं सु नी है यह आंकड़ा तो सिर्फ एसपी का है अगर पूरे जिले की बात करें तो कई डीएसपी के कार्यालय पहुंचकर हर दिन दर्जनों लोग अपनी फरियाद सुनाते हैं।

### क्या कहते हैं फरियादी

बड़े अधिकारियों के द्वार पर फरियाद लगाने वाले कई लोग तो कैमरे पर कुछ भी कहने से सिर्फ इस लिए बचते हैं क्योंकि उन्हें यह डर रहता है कि क हीं थाना स्तर से मामला बिगड़ ना जाए,एसपी के कार्यालय में शिकायत लेकर पहुंची थी,अपने बेटी के साथ एसपी से मिलने आई थी,उनका कहना था कि थाने में उनकी फरियाद नहीं सुनी गई है दर असल उनके साथ कुछ लोग मारपीट करते हैं ले किन जब वह थाने पर गई तो वहां उनकी बात न हीं सुनी गई जिसके बाद मजबूरी बस उन्हें एसपी के यहां अपनी फरियाद लेकर आना पड़ा,जिनकी फरियाद थानों में अनसुनी कर दी जाती है इसलि ए वे पुलिस कप्तान के पास अपनी फरियाद लेकर पहुंचते है।

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । सुरक्षा आपकी,संकल्प हमारा'' स्लोगन उत्तर प्रदेश पुलिस का है लेकिन आंकड़े इस बात की गवाही दे रहे हैं कि पुलिस का निचले तंत्र पर से लोगों का भरोसा उठ रहा है वैसे तो बड़े अधिका रियों का यह आदेश है कि थानों में फरियादियों को न्याय मिलना चाहिए,इसके बावजूद इंसाफ देना तो दूर, थानों में कई मामलों में सुनवाई तक नहीं हो पाती है,ऐसी परिस्थिति में आला अफसरों के यहां फरि यादियों की भीड़ बढ़ती जा रही है।सोमवार से ले कर शनिवार तक एसपी कार्यालय में अपनी फरि याद पहुंचाने के लिए आम लोगों की भीड़ लगी रहती है सब की एक ही समस्या रहती है कि थाना स्तर पर उनकी बात नहीं सुनी जा रही है,इसलिए अभी आपके पास आए हैं।

# अकीदत, अमन और भाईचारे के माहौल में नानपारा में सम्पन्न हुआ मुहर्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## मुहर्रम कमेटी की ओर से सीओ, कोतवाल सहित प्रशासनिक अधिकारियों को अंगवस्त्र भेंट कर किया सम्मानित



नानपारा, बहराइच। हक और इंसाफ की राह में शहीद हुए हजरत इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला की याद में मनाया जाने वाला मुहर्रम इस वर्ष भी अकीदत, अमन और आपसी भाईचारे के साथ सम्पन्न हुआ। पूरे दस दिनों तक नगर में मजलिस, फातिहाख्वानी, सबील और मातम के जरिए लोगों ने कर्बला के शहीदों को याद किया।

मुहर्रम की शुरुआत के साथ ही नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो गया। सातवीं मुहर्रम को परम्परागत रूप से छड़ व अलम रखे गए। जगह-जगह स्टाल लगाकर सबील व पानी राहगीरों को पिलाया गया। शिया समुदाय की ओर से परम्परागत जुलूस निकाला गया। नवीं मुहर्रम की रात चौकों पर ताजिए रखे गए और इमामबाड़े के पास अंजुमन अब्बासिया के बच्चों ने अंगारों पर चलकर आग का मातम किया। दसवीं मुहर्रम को नानपारा सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में अकीदतमंद इमामगंज चौराहे पर पहुंचे। आलम और ताजियों के साथ उमड़ी भीड़ के बीच लोग कर्बला की तरफ रवाना हुए, जहां देर रात ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। मुहर्रम कमेटी के सदर नदीम चौधरी के नेतृत्व में कार्यक्रमों को व्यवस्थित किया गया। इस मौके पर ताजियादारों ने शहीदाने कर्बला को श्रद्धा और सम्मान के साथ खिराज-ए-अकीदत पेश किया। हाफ़िज़ अली रजा और हाफ़िज़ नफीसुल कादरी ने नात-ए-पाक पढ़ी। शफीक कुरैशी और भोला कुरैशी ने संचालन में सहयोग किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। सीओ पहुप सिंह के निर्देशन में कोतवाल राजनाथ सिंह पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमण करते रहे साथ ही सीओ ए.एम ज़ैदी, एसडीएम अमिता यादव ने भी मौके पर पहुंचकर व्यवस्था का जायजा लिया। इमामगंज चौराहे सहित प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई। नगर की व्यवस्था में नगर पालिका का भी अहम सहयोग रहा। चेयरमैन अब्दुल वहीद की ओर से मुहर्रम के मद्देनजर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और अन्य जरूरी इंतजाम कराए गए। आयोजन के दौरान चेयरमैन अब्दुल वहीद भी मौजूद रहे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आयोजन में सामाजिक संगठनों और नगरवासियों ने भी सहयोग किया। मुहर्रम कमेटी की ओर से अधिकारियों को अंगवस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया, लगभग 11 बजे तक चले कार्यक्रम के बाद ताजिए शांतिपूर्ण माहौल में कर्बला में सुपुर्द-ए-खाक किए गए। इस मौके पर पत्रकार एवं समाजसेवी सत्य प्रकाश गुप्ता व डॉ शकील अंसारी, सैय्यद अब्दुल वली, डॉ एखलाक, मुबारक पिंटू, व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुहैल अहमद, पूर्व चेयरमैन नाशिबुननिशा, अज़मत अली चुन्ना, खैरुलनिशा, मास्टर हसीब सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

# संत कबीर जयंती पर नानपारा में होगा संत सम्मेलन, सत्य यात्रा और भंडारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। संत शिरोमणि सद्गुरू कबीर साहेब की जयंती के उपलक्ष्य में श्री कबीर आश्रम (बाबा मैदनी साहेब कुट्टी), भटेहटा, नानपारा में तीन दिवसीय धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सत्संग एवं भंडारे में सम्मिलित होने की अपील की है। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ 27 जून 2026 (शनिवार) को प्रातः 6 बजे सत्य नाम जाप से हुआ। 28 जून रविवार को सत्य यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद 29 जून सोमवार को प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक चौका आरती एवं सत्संग का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में व्याप्त अंधविश्वास, पाखंड, जातिवाद, ऊंच-नीच तथा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संत कबीर के समता, मानवता और सद्भाव के संदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है। संत कबीर की वाणी के माध्यम से मानव मात्र को सत्य, सदाचार, कर्म, ज्ञान एवं आत्मचिंतन का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम स्थल श्री कबीर आश्रम (बाबा मैदनी साहेब कुट्टी), भटेहटा, नानपारा (बहराइच) स्थित है, जो श्मशान भूमि बैकुंठधाम नानपारा से पूर्व दिशा में लगभग ढाई सौ मीटर की दूरी पर है। आयोजन एवं व्यवस्थापन की जिम्मेदारी महंत बाबा राम दास तथा आश्रम परिवार द्वारा निभाई जा रही है। आयोजन समिति ने सभी सनातन धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से समय से पहुंचकर सत्संग, संत सम्मेलन एवं भंडारे में सहभागिता कर संत कबीर साहेब के विचारों को आत्मसात करने का आग्रह किया है।

# भाजपाइयों ने काशी क्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष का फूल मालाओं से किया स्वागत



अमेठी । भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक चौरसिया के प्रथम आगमन पर शनिवार को जगदीशपुर औद्योगिक क्षेत्र,रोड नंबर चार पर भव्य एवं आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया गया।स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने किया। कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं एवं अंगवस्त्र से उनका अभिनंदन कर उनके सफल कार्यकाल के लिये शुभकामनाएं प्रेषित कीं।इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक चौरसिया ने संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने समर्पित कार्यकर्ताओं की शक्ति से निरंतर संगठन का विस्तार कर राष्ट्रहित के संकल्पों को साकार कर रही है।स्वागत समारोह के उपरांत भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव शुक्ला की फैक्ट्री परिसर में जलपान एवं आत्मीय संवाद का कार्यक्रम आयोजित हुआ जहां संगठनात्मक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र पासी, चंद्रभान पासवान, राहुल चौरसिया, रोहित चौरसिया, प्रवीण चौरसिया, प्रशांत चौरसिया, संदीप चौरसिया, सुधाकर सिंह, प्रवेश दीक्षित सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीएमओ साहब आखिर कब होंगी मानकविहीन नर्सिंगहोमों पर कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता




### गोंडा जिले में आये दिन नर्सिंगहोम संचालको की लापरवाही से होती हैं मौतें..

गोंडा । जिले में चल रहे मानक विहीन नर्सिंग होम खुले आम प्रशाशन को चुनौती दे रहे हैं ग्रामीण व नगर के अधिकंाश नर्सिंग होमो के बाहर लगे बोर्डों पर नामी गिनामी चिकित्सको के लिख कर मरीजों को फसा कर धन उगाही करने का काम खुलेआम किया जा रहा है,जो नामी गिरामी चिकित्सक लि खें है वह कब आते है ज़ब कोई मरीज के साथ घट ना घट जाती है तब पता चलता है कि यहां पर बगै र चिकित्सक के नर्सिंग होम संचालित किया जा रहा था उसके बाद आनन फानन में स्वास्थ्य विभा ग के जिम्मेदार लोगो की नीद खुलती है तब कार्य वाही की जाती है,आये दिन मरीज नर्सिंगहोम होम संचालको के मौत का शिकार हो रहे है और जिम्मे दार अंजान बने रहते है। आखिर मानक विहीन नर्सिंग होम संचालको पर घटना के पूर्व स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियो द्वारा आखिर क्यों ऐसे नर्सिंग होमो को नजर अंदाज किया जा ता है जो लोगो के जहन में गूज रहा है, ? बताते चले कि परसपुर,करनैलगंज,कटरा बजार,वजीर गंज,धानेपुर,मनकापुर, बेलसर,तरबगंज,मोतीगंज नबाबगंज में खुले मानकविहीन हॉस्पिटल संचालि त हो रहे है। मजे की बात यह है शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के नर्सिंगहोम में जब मरीज भर्ती होता है तो आपरेशन करने के लिए डाक्टर को फोन करके बुलाया जाता है। आखिर मानक विहीन नर्सिंग होमो पर कब जिम्मे दारो का चाबुक चलेगा और नर्सिंग होम संचालको की लवरवाही से लगातार हो रही मौते पर आखिर कब लगाम लगेगा।

# योग और शारीरिक शिक्षा से राष्ट्र निर्माण का संकल्प विद्या भारती के प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग का भव्य समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, ब्रज प्रदेश द्वारा आयोजित प्रांतीय शारीरिक एवं योग प्रशिक्षण वर्ग का भव्य समापन शुक्रवार को रामस्वरूप रामदुलारी सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पूरनपुर में गरिमामय वातावरण के बीच संपन्न हुआ समापन समारोह में शिक्षा, संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने सभी अतिथियों का परिचय कराते हुए उनका आत्मीय स्वागत किया समारोह के मुख्य अतिथि ओम प्रकाश गंगवार (पूर्व अध्यक्ष, आर.एस.आर.डी. सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, विभाग संचालक बरेली विभाग एवं अध्यक्ष, भारतीय शिशु शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश) तथा अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूरनपुर के नगर संघचालक रवि गुप्ता ने की विशिष्ट अतिथियों में होडल सिंह, प्रेमा पानू, विद्यालय के अध्यक्ष केशव कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, प्रबंधक हर्ष कुमार गुप्ता, सह प्रबंधक अनुराग गुप्ता, कोषाध्यक्ष देवेश कुमार बंसल, मोनिका गुप्ता एवं सुधा गुप्ता सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे कार्यक्रम के सफल संचालन में कमल प्रकाश, सुभाष कुमार, लोकेश्वर प्रताप सिंह, सुरेंद्र कुमार गोला, लोकनाथ वर्मा,विवेक दुबे,नरेंद्र कुमार, शिवेंद्र एवं चंचल त्यागी सहित सभी प्रशिक्षकों, प्रधानाचार्यों एवं आचार्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा मुख्य अतिथि ओम प्रकाश गंगवार ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि योग और शारीरिक शिक्षा भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं उन्होंने कहा कि प्रशिक्षार्थी इस प्रशिक्षण को केवल अपने तक सीमित न रखें, बल्कि अपने-अपने विद्यालयों में इसे प्रभावी रूप से लागू कर स्वस्थ, अनुशासित एवं राष्ट्रनिष्ठ पीढ़ी के

**प्रशिक्षार्थियों को वितरित किए गए प्रमाण-पत्र, अनुशासन और उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की अतिथियों ने की सराहना**

निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं समापन समारोह में प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए विद्यालय प्रबंध समिति ने अतिथियों एवं प्रशिक्षार्थियों को स्मृति-चिह्न एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। समारोह के अंत में सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों, प्रशिक्षार्थियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने प्रशिक्षण वर्ग की उत्कृष्ट व्यवस्था, अनुशासन, समयबद्ध संचालन एवं संस्कारमय वातावरण की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्या भारती द्वारा संचालित ऐसे प्रशिक्षण वर्ग भारतीय संस्कृति, योग, शारीरिक दक्षता एवं राष्ट्रभावना को सुदृढ़ करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता ने पेश की हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने हिंदू-मुस्लिम एकता की अनूठी मिसाल पेश की है। मुस्लिम समाज के पावन पर्व मोहर्रम के अवसर पर नगर पालिका द्वारा पहली बार विशेष आयोजन किया गया। पालिका की ओर से मुख्य मार्ग पर टेंट लगाया गया, जहां विशेष संप्रदाय के लोगों ने शरबत का प्याऊ लगाकर राहगीरों और ताजियादारों को ठंडा शरबत पिलाया।नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने बताया कि मोहर्रम के दिन त्याग और भाईचारे का संदेश मिलता है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए नगर पालिका ने यह पहल की है। उन्होंने कहा कि पूरनपुर गंगा-जमुनी तहजीब का शहर है। यहां सभी धर्मों के लोग आपसी सौहार्द के साथ रहते हैं। पालिका का प्रयास है कि हर पर्व को मिलजुलकर मनाया जाए। नगर पालिका पहली बार इस तरह का आयोजन कर रही है, लेकिन आगे भी सभी त्योहारों पर इसी तरह की व्यवस्था की जाएगी।स्थानीय लोगों ने इस कदम की सराहना की। ताजियादारों और आम नागरिकों ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता की इस पहल से आपसी भाईचारा और मजबूत हुआ है। कार्यक्रम में सभासदगण, पालिका कर्मचारी और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# पैमाइश और अवैध कब्जा हटाने की मांग पर किसानों का अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल, एसडीएम से कहासुनी के बाद गरमाया माहौल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के गांव मुड़िया में भूमि की पैमाइश कराकर अवैध कब्जा हटाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानु।के बैनर तले चल रहा किसानों का आंदोलन शनिवार को और तेज हो गया। बीते बुधवार से धरना दे रहे किसानों ने प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई न होने पर शनिवार सुबह आठ बजे से अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दी महिला किसानों के भूख हड़ताल पर बैठने से तहसील प्रशासन में भी हलचल मच गई भूख हड़ताल पर गीता देवी (पत्नी जागनलाल), सोमवती (पत्नी रामकुमार), गीता देवी (पत्नी राजेंद्र प्रसाद), जगदेवी (पत्नी बनवारी लाल), मिथलेश शर्मा (पत्नी मनोज शर्मा) तथा शिवम कुमार (पुत्र ठाकुर प्रसाद) बैठे हैं किसानों का कहना है कि उन्होंने कई बार तहसील प्रशासन और राजस्व विभाग को शिकायती पत्र देकर जमीन की पैमाइश कराने और अवैध कब्जा हटाने की मांग की, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिले मजबूर होकर उन्हें आंदोलन और भूख हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा आंदोलनकारी किसानों ने स्पष्ट कहा कि जब तक प्रशासन मौके पर पहुंचकर जमीन की निष्पक्ष पैमाइश नहीं कराता और अवैध कब्जा नहीं हटवाता, तब तक उनका अनशन और भूख हड़ताल जारी रहेगी किसानों का आरोप है कि प्रशासन की उदासीनता के कारण उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है कड़ाके की धूप और उमस के बीच चल रही भूख हड़ताल को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने भी चिंता व्यक्त की है संगठन का कहना है कि यदि आंदोलनरत किसानों की तबीयत बिगड़ती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी इसी बीच आंदोलन समाप्त कराने और किसानों को समझाने के लिए उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह एवं कोतवाल पवन कुमार पाण्डेय धरना स्थल पर पहुंचे अधिकारियों ने किसानों से वार्ता कर भूख हड़ताल समाप्त करने का आग्रह किया, लेकिन किसानों ने दो टूक कहा कि जब तक उनकी मांगों पर अमल नहीं होता, तब तक भूख हड़ताल अनिश्चितकालीन रूप से जारी रहेगी वार्ता के दौरान किसानों और उपजिलाधिकारी के बीच हल्की कहासुनी भी हो गई, जिससे कुछ देर के लिए माहौल गरमा गया हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस और अन्य अधिकारियों ने स्थिति को शांत कराया और वार्ता का प्रयास जारी रखा समाचार लिखे जाने तक प्रशासन की ओर से किसानों को कोई ठोस लिखित आश्वासन नहीं दिया गया था। इससे आंदोलनकारी किसानों और भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों में रोष बना हुआ है अब सभी की निगाहें प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हैं कि वह किसानों की मांगों का समाधान किस प्रकार करता है।

# जामा मस्जिद कमेटी पर करोड़ों की अनियमितताओं के आरोप, जांच के लिए पहुंचे समाज कल्याण अधिकारी व वक्फ इंस्पेक्टर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।पूरनपुर स्थित वक्फ संख्या 81/188 जामा मस्जिद एवं मदरसा अशफाकिया जामिया दारूल उलूम की पूर्व इंतजामिया कमेटी पर वित्तीय अनियमितताओं और अवैध वसूली के गंभीर आरोपों की जांच शुरू हो गई है शिकायत के आधार पर शनिवार को समाज कल्याण विभाग के अधिकारी और वक्फ इंस्पेक्टर राहुल मौके पर पहुंचे तथा शिकायतकर्ताओं, दुकानदारों और अन्य संबंधित लोगों के बयान दर्ज किए।शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि 9 मार्च 2026 को पूर्व इंतजामिया कमेटी द्वारा सामूहिक रूप से इस्तीफा दिए जाने के बावजूद कुछ सदस्य अब भी मस्जिद के नाम पर गोलक घुमाकर चंदा और अन्य मदों में धनराशि एकत्र कर रहे हैं, जबकि उन्हें ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं है आरोप यह भी है कि कमेटी ने अपने कार्यकाल के दौरान मस्जिद की दुकानों के आवंटन, हस्तांतरण और बिक्री के नाम पर लाखों रुपये की वसूली की, लेकिन यह धनराशि जामा मस्जिद के आधिकारिक खाते में जमा नहीं कराई गई प्रार्थना पत्र में दावा किया गया है कि जामा मस्जिद की लगभग 60 से 65 दुकानों से नियमित किराया वसूला जाता है आरोप है कि किसी दुकानदार की मृत्यु के बाद उसके वारिसों अथवा नए दुकानदारों से दुकान हस्तांतरण के नाम पर भारी रकम ली गई शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि एक दुकान के मामले में 42.50 लाख रुपये में सौदा होने के बाद भी मस्जिद के खाते में धन जमा नहीं किया गया इसके अलावा अन्य दुकानों के क्रय-विक्रय पर भी कथित रूप से पांच-पांच लाख रुपये तक की वसूली किए जाने का आरोप लगाया गया है शिकायतकर्ताओं ने अधिकारियों को बताया कि पूर्व कमेटी ने कभी भी आम बैठक आयोजित नहीं की, आय-व्यय का सार्वजनिक विवरण प्रस्तुत नहीं किया और न ही किसी प्रकार की वित्तीय रिपोर्ट जारी की इससे स्थानीय लोगों और नमाजियों में लंबे समय से नाराजगी बनी हुई थी कमेटी के इस्तीफ़े के बाद स्थानीय लोगों ने अस्थायी व्यवस्था के रूप में आसिम खान की अध्यक्षता में एक अंतरिम कमेटी गठित कर दी है, जो वर्तमान में मस्जिद के कार्यों की देखरेख कर रही है जांच के दौरान कई दुकानदारों ने अधिकारियों के समक्ष बयान देते हुए आरोप लगाया कि उनसे विभिन्न कार्यों के नाम पर धनराशि मांगी जाती थी तथा दुकान खाली करने या हस्तांतरण के समय भी वसूली की गई। कुछ दुकानदारों ने यह भी कहा कि जब पूर्व कमेटी इस्तीफा दे चुकी है तो नई कमेटी के गठन तक उनसे किराया न लिया जाए। उनका कहना था कि वे नई वैध कमेटी के गठन के बाद ही किराया जमा करेंगे शिकायतकर्ताओं ने जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराते हुए कथित रूप से वसूली गई धनराशि मस्जिद के खाते में जमा कराने तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करने की मांग की है।फिलहाल मामले की जांच जारी है। आरोपों की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी और प्रशासन की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी।

## लंगोटीपुर में करंट की चपेट में आने से नवयुवक की मौत

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के गांव लंगोटीपुर मजरे रतवलिया मंझार मे विद्युत करेंट की चपेट मे आने से एक नवयुवक की मौत हो गई है। इस हृदय विदारक घटना पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही सम्भ्रांत नागरिकों ने शोक संवेदना व्यक्त की है। थाना क्षेत्र के लंगोटीपुर गांव निवासी शत्रोहन यादव का छोटा बेटा संदीप यादव उम्र बाइस वर्ष खेत मे झटका मशीन का तार लगा रहा था तभी पास से गुजर रही ग्यारह हजार हाईटेंशन लाइन की चपेट मे आ गया। परिजन तत्काल उसे सीएचसी सिंहपुर ले गये जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।संदीप की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। संदीप के पिता परिवार के जीविकोपार्जन के लिये लखनऊ मे रहकर मालीगिरी का काम करते है।बेटे की मौत की सूचना मिलते ही लखनऊ से घर के लिये निकल पड़े। घटना की सूचना मिलते ही हल्का लेखपाल शिवम तिवारी, मानस शुक्ला ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से वार्तालाप किया तो परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने उक्त घटना पर अनभिज्ञता जताई है।

## रामगंज पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना रामगंज पुलिस ने कूड़ा फेंकने को लेकर हुई मारपीट के मामले वांछित दो नामजद युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवकों को जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना रामगंज के थानाध्यक्ष रामराज कुशवाहा मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर मारपीट के मामले में वांछित बृजलाल उर्फ विजय एवं पप्पू उर्फ जगदीश पुत्रगण स्वर्गीय शीतला निवासीगण ग्राम नरायनपुर मजरे अग्रेसर थाना रामगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया।इस सम्बंध में थाना रामगंज के थानाध्यक्ष राम राज कुशवाहा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों को जेल भेज दिया गया है।

## नाबालिग से छेड़छाड़ मामले में हिंदू महासभा का प्रशासन पर दबाव, आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ललौरीखेड़ा में 16 वर्षीय नाबालिग बालिका से कथित छेड़छाड़ के मामले को लेकर अखिल भारत हिंदू महासभा ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन सौंपकर आरोपी के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है संगठन ने आरोप लगाया कि जिले में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हो गई हैं तथा अपराधियों में कानून का भय कम होता दिखाई दे रहा है ज्ञापन में कहा गया है कि 24 जून को ग्राम ललौरीखेड़ा निवासी लगभग 80 वर्षीय नौबत सिंह पर आरोप है। कि उन्होंने घर में अकेली मौजूद 16 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ अश्लील हरकतें और छेड़छाड़ की संगठन का दावा है कि इस घटना से पीड़िता मानसिक रूप से आहत हुई है और क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। हिंदू महासभा ने अपने ज्ञापन में कहा कि पिछले कुछ दिनों के भीतर जिले में महिलाओं और बालिकाओं से जुड़े गंभीर अपराधों की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं संगठन का कहना है कि अपराधी का कोई धर्म या जाति नहीं होती और कानून सभी के लिए समान होना चाहिए ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि यदि पूर्व में ऐसे मामलों में प्रशासन ने त्वरित एवं कठोर कार्रवाई की है तो वर्तमान मामले में भी बिना किसी भेदभाव के उसी प्रकार की निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए संगठन ने आरोपी के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए उसके मकान पर बुलडोजर चलाने की भी मांग रखी है अखिल भारत हिंदू महासभा की नगर अध्यक्ष गीता मिश्रा ने चेतावनी दी कि यदि मामले में निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होगा उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता और आमजन के साथ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## अजंता स्वीट्स की मिठाई में निकला कीड़ा, ग्राहक ने उठाए खाद्य सुरक्षा पर गंभीर सवाल कार्रवाई की मांग तेज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के कोतवाली रोड स्थित अजंता स्वीट्स से खरीदी गई मिठाई में कीड़ा निकलने का मामला सामने आने के बाद खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस घटना ने उपभोक्ताओं में चिंता बढ़ा दी है और दुकानों पर बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर नई बहस छेड़ दी है जानकारी के अनुसार, एचडीएफसी बैंक में कार्यरत चमन भदौरिया ने कोतवाली रोड स्थित अजंता स्वीट्स से मिठाइयाँ खरीदी थीं उनका आरोप है कि जब उन्होंने आज मिठाई का डिब्बा खोला तो उसमें एक कीड़ा दिखाई दिया यह देखकर वह हैरान रह गए और उन्होंने इसे खाद्य सुरक्षा मानकों की गंभीर अनदेखी बताया चमन भदौरिया का कहना है।कि खाने-पीने की वस्तुओं में इस प्रकार की लापरवाही सीधे लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।यदि ऐसी मिठाई किसी बच्चे, बुजुर्ग या बीमार व्यक्ति द्वारा खा ली जाती तो गंभीर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ उत्पन्न हो सकती थीं उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है घटना की जानकारी सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में भी नाराजगी देखने को मिली लोगों का कहना है कि खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वाले प्रतिष्ठानों को साफ-सफाई और गुणवत्ता के मानकों का कड़ाई से पालन करना चाहिए समय-समय पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा निरीक्षण और सैंपलिंग की प्रक्रिया भी प्रभावी ढंग से संचालित होनी चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके उपभोक्ताओं का कहना है कि त्योहारों और सामान्य दिनों में भी मिठाई की दुकानों पर स्वच्छता की नियमित जांच आवश्यक है यदि किसी प्रतिष्ठान में लापरवाही पाई जाती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो फिलहाल इस मामले में संबंधित प्रतिष्ठान की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है वहीं, उपभोक्ताओं ने खाद्य सुरक्षा विभाग से मामले का संज्ञान लेकर मिठाई के नमूनों की जांच कराने तथा दोषी पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## पोल से टकराई बाइक, दो दोस्तों की मौत

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में तेज रफ्तार एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। कूरेभार थाना क्षेत्र में सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से बाइक टकराने के कारण दो दोस्तों की मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, धर्मदासपुर पटना गांव निवासी 22 वर्षीय छुन्नू लाल अपने दोस्त आदित्य के साथ बाइक से कहीं जा रहे थे। शुक्रवार को मुंशीगंज-अगना कोल मार्ग पर उनकी बाइक अचानक नियंत्रण से बाहर हो गई और सड़क किनारे लगे पोल से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आदित्य ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि छुन्नू लाल गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मदद की और घायल को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस स्थान पर पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं और सड़क किनारे लगे पोल के कारण खतरा बना रहता है।

# दिशा बैठक में विकास पीछे, राम मंदिर चंदा विवाद आगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। दिशा समिति की बैठक विकास योजनाओं की समीक्षा से ज्यादा राजनीतिक तकरार और सवालों के लिए चर्चा में रही। कलेक्ट्रेट सभागार में राम मंदिर चंदा प्रकरण ने ऐसा राजनीतिक ताप बढ़ाया कि विकास एजेंडा पीछे छूटता दिखा। अमेठी सांसद केएल शर्मा ने तीखा सवाल उठाते हुए कहा कि सिर्फ कठपुतलियां पकड़ी गई हैं, जांच असली जिम्मेदारों तक पहुंचनी चाहिए। वहीं सांसद रामभुआल निषाद ने जिले की बदहाल बिजली व्यवस्था और जल जीवन मिशन की सुस्त रफ्तार पर जवाब मांगा। बैठक में भाजपा एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने साफ कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ट्रस्ट में रामलला के वंशजों और मंदिर आंदोलन से जुड़े लोगों को जगह मिलनी चाहिए। सबसे ज्यादा चर्चा भाजपा के चारों विधायकों की गैरहाजिरी को लेकर रही। बैठक खत्म हुई लेकिन सवाल हवा में तैरते रहे। क्या यह सिर्फ संयोग था या सियासी संदेश? इस पर एमएलसी देवेंद्र सिंह ने भी जिम्मेदारी विधायकों पर छोड़ते हुए कहा कि सही जवाब वही दे सकते हैं। दिशा की बैठक में दिशा कम और राजनीतिक संकेत ज्यादा दिखाई दिए।८ अंबेडकर होर्डिंग लगाने को लेकर दो पक्ष भिड़े, पुलिस ने संभाला मोर्चा

सुल्तानपुर। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के घाटमपुर उत्तरी (महादेवा) गांव में शनिवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर का होर्डिंग लगाने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते विवाद कहासुनी और मारपीट में बदल गया, जिससे इलाके में

**भाजपा के चार विधायक रहे गायब, सवालों की सियासत तेज**

तनाव की स्थिति बन गई।

सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस की मौजूदगी में भी दोनों पक्षों के बीच नोकझोंक जारी रही। हालात को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। बाद में कोतवाल और क्षेत्राधिकारी भी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाकर शांत कराया। विवादित होर्डिंग हटवाकर स्थिति को नियंत्रण में लिया गया। क्षेत्राधिकारी लंभुआ ऋतिक कपूर ने बताया कि बिजली के खंभे पर पोस्टर लगाने को लेकर दो विजातीय पक्षों के बीच विवाद हुआ था। पुलिस ने तत्काल पहुंचकर शांति व्यवस्था कायम की। मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

## सकरिया तिराहे पर दर्दनाक सड़क हादसा, ट्रक की चपेट में आया युवक

पूरनपुर।आसाम हाईवे पर सकरिया तिराहे के पास तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और सूचना पर 108 एंबुलेंस पहुंची गजरौला थाना क्षेत्र के सिसैया गांव निवासी बब्लू शाहगढ़ की ओर से लौट रहा था, तभी पीलीभीत की दिशा से आ रहे ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी दुर्घटना में ट्रक का पहिया युवक के पैर पर चढ़ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस कर्मियों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया सूचना मिलने पर पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## अखंड नगर में सड़क हादसे में युवक की मौत

अखंडनगर/सुलतानपुर। थाना क्षेत्र में शनिवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक सनी राजभर की जान चली गई। यह दुर्घटना बिलवाई-शाहगंज मार्ग पर नायरा पेट्रोल पंप के सामने दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की भिड़ंत से हुई। जानकारी के अनुसार, ग्राम कलान निवासी सनी राजभर अपने घर से मोटरसाइकिल में पेट्रोल भरवाने के लिए निकले थे। शनिवार सुबह करीब 11 बजे जब वह बिलवाई चौराहा के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में सनी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखंड नगर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि सनी अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे और पिता के साथ खेती-किसानी में सहयोग करते थे। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# खेल एवं शिक्षा परिषद के खिलाड़ियों का भव्य सम्मान समारोह सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर । मुंशी प्रेमचंद पार्क, बढ़ैयावीर में शुक्रवार को सुल्तानपुर खेल एवं शिक्षा परिषद द्वारा राष्ट्रीय, राज्य, अंतरराष्ट्रीय एवं साउथ एशियन गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के सम्मान में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं अखिल भारतीय संत समाज कल्याण कमेटी के संरक्षक राम प्रकाश मिश्रा दधीचि अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित हुए और खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

सम्मान समारोह में खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र प्रदान करते हुए राम प्रकाश मिश्रा ने कहा कि खेलों के माध्यम से जिले, प्रदेश और देश का नाम रोशन करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ उनकी टीम सदैव खड़ी रहेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं या अन्य किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। सुल्तानपुर खेल एवं शिक्षा परिषद के महासचिव एवं ट्रेनिंग कोच शुभम धुरिया ने बताया कि परिषद के खिलाड़ियों ने लगातार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाया है। परिषद के कई खिलाड़ियों ने साउथ एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए पदक हासिल किए हैं। वहीं बॉक्सिंग सहित विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर भी उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि हाल ही में मथुरा में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे चौंपियनशिप में परिषद के छह खिलाड़ियों ने पदक जीतकर सुल्तानपुर का नाम पूरे प्रदेश में गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम में खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य, बेहतर प्रशिक्षण, शिक्षा और खेलों के समग्र विकास को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। परिषद के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, महासचिव शुभम धुरिया एवं कोषाध्यक्ष रेखा देवी ने कहा कि परिषद खेल और शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नए आयाम स्थापित कर रही है तथा समाज के सहयोगी एवं प्रतिष्ठित लोगों को जोड़कर खिलाड़ियों के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश खेल एवं शिक्षा परिषद के महासचिव पंकज पांडे द्वारा परिषद को मिल रहे निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग का भी उल्लेख किया गया। वक्ताओं ने कहा कि उनके सहयोग और प्रेरणा से संस्था निरंतर नई उपलब्धियां हासिल कर रही है। कार्यक्रम में आयुष भैया ने भी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को सहयोग के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों को हरसंभव सहायता देने का भरोसा दिलाया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## सम्पादकीय

# कौन है भारत का नागरिक

भारत का नागरिक कौन हो सकता है, क्या जिन लोगों के पास आधार कार्ड, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड और इन सबके साथ-साथ पासपोर्ट भी है, उन्हें भी भारत का नागरिक माना जाए या नहीं, यह एक गंभीर सवाल विदेश मंत्रालय के एक बयान के बाद उठ रहा है। दरअसल बुधवार को विदेश मंत्रालय ने 14वें पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर देश में पासपोर्ट सेवाओं के विस्तार और उपलब्धियों की जानकारी साझा की। इसी दौरान मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि पासपोर्ट अंतरराष्ट्रीय यात्रा को सुगम बनाने के लिए जारी किया जाने वाला सरकारी दस्तावेज है, लेकिन यह अपने आप में नागरिकता का ठोस प्रमाण नहीं है। इसके बाद सवाल उठने लगे कि आखिर मोदी सरकार अब कोई नयी खिचड़ी पका रही है। क्योंकि कुछ समय पहले एसआईआर पर जब सुनवाई हो रही थी तो आधार कार्ड को नागरिकता का सबूत नहीं माना गया। जबकि आधार बनवाना हो या पासपोर्ट, इन सबके लिए कई घर के पते से लेकर बिजली या टेलिफोन बिल और मैट्रिक के प्रमाणपत्र तक कई तरह के दस्तावेज मांगे जाते हैं, पुलिस जांच की प्रक्रिया होती है, ताकि संदिग्ध व्यक्ति के हाथ में ऐसे महत्वपूर्ण पहचान पत्र न चले जाएं। जब हर तरफ से जांच पूरी होती है, तभी आधार और पासपोर्ट जैसे दस्तावेज जारी होते हैं। लेकिन विदेश मंत्रालय के बयान के बाद सवाल पूछा जाने लगा है कि पैन कार्ड केवल आय से जुड़े कामों के लिए हैं, पासपोर्ट सफर के लिए, मतदाता कार्ड वोट डालने और आधार बैंक खाता खोलने आदि के लिए है, तो फिर नागरिकता और किस तरह से साबित की जा सकती है। बता दें कि भारतीय नागरिकता कानून के अनुसार 26 जनवरी 1950 से 1 जुलाई 1987 के बीच भारत में जन्म लेने वाला व्यक्ति जन्म से भारतीय नागरिक माना जाता है। इस दौरान माता-पिता की राष्ट्रीयता कोई मायने नहीं रखती थी। यानी माता-पिता विदेशी भी हों, तो भी बच्चा भारत में जन्म लेने पर भारतीय नागरिक होता था। लेकिन 1 जुलाई 1987 के बाद जन्मे व्यक्ति को नागरिकता तभी मिलेगी जब उसके माता-पिता में से कम से कम एक भारतीय नागरिक हो। 3 दिसंबर 2004 के बाद जन्मे व्यक्ति को तभी नागरिक माना जाएगा जब दोनों माता-पिता भारतीय हों या एक भारतीय नागरिक हो और दूसरा अवैध प्रवासी न हो। अब विदेश मंत्रालय के एक अविचारित बयान के कारण अनावश्यक विवाद खड़ा हो गया है। पासपोर्ट एक्ट के तहत पासपोर्ट जारी किया जाता है, और नागरिकता एक्ट, 1955 के तहत नागरिकता तय होती है। पासपोर्ट कानून दस्तावेज की पुष्टि करता हैय नागरिकता कानून नागरिक की कानूनी स्थिति को। इसमें कोई कानूनी विवाद अब तक खड़ा नहीं हुआ है। ध्यान दें कि पासपोर्ट पर श्रिपब्लिक ऑफ इंडियाश लिखा होता है, यानी यह भारतीय गणराज्य का दस्तावेज है, इसे रखने वाले की पहचान इस पर लिखी होती है। विदेश यात्रा के लिए इसकी अनिवार्यता है, क्योंकि इसी पर दूसरे देश की सरकारें प्रवेश की अनुमति यानी वीजा चस्पां करती हैं, क्योंकि उन्हें यकीन है कि भारत सरकार ने इसे जारी करने से पहले धारक की नागरिकता की पुष्टि कर ली है। सरकारी अधिकारियों, सांसदों आदि के लिए सरकारी पासपोर्ट बनता है और जब वे आम व्यक्ति की श्रेणी में आते हैं, तो उनके पासपोर्ट का दर्ज़ा भी बदल जाता है। भारतीय नागरिक भारत के साथ किसी अन्य देश का पासपोर्ट नहीं रख सकते हैं, याद कीजिए असम के मुख्यमंत्री हिमंताबिस्वा सरमा की पत्नी पर पवन खेड़ा ने तीन पासपोर्ट रखने के ही आरोप लगाए थे। ऐसे में यह सवाल जायज है कि अगर पासपोर्ट नागरिकता का सबूत नहीं है, तो फिर क्या है? कानूनी तौर पर पासपोर्ट से नागरिकता नहीं मिलती। और न ही यह वह कानूनी दस्तावेज है जो अदालत में नागरिकता पर सवाल उठने पर उसे तय करता है। धोखाधड़ी, माता-पिता के बारे में विवाद या गैर-कानूनी तरीके से नागरिकता हासिल करने जैसे दुर्लभ मामलों में, नागरिकता को नागरिकता अधिनियम के प्रावधानों और सहायक सबूतों के जरिए साबित करना पड़ सकता है। इसीलिए कानून की नजर में पासपोर्ट को हर स्थिति में पक्का सबूत नहीं माना जाता। मगर फिर भी यह तो तय है कि भारत का पासपोर्ट भारतीय नागरिक को ही जारी हो सकता है, किसी और को नहीं, इसलिए इसका व्यावहारिक महत्व अनदेखा नहीं किया जा सकता।

# वेनेजुएला का भूकंप: मानवीय त्रासदी और आपदा तैयारी की वैश्विक चेतावनी

**भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाएँ केवल भू-गर्भीय घटनाएं नहीं होतीं; वे किसी राष्ट्र की तैयारी, शासन-व्यवस्था, सामाजिक संरचना और मानवीय संवेदनशीलता की भी परीक्षा होती हैं। मलबे में दबे लोगों की पुकार, अपने परिजनों को खोजते परिवार, अस्पतालों में उपचार की प्रतीक्षा करते घायल, राहत शिविरों में अस्थायी जीवन और भय के साये में बीतती रातें यह बताती हैं कि आपदा का वास्तविक दर्द आँकड़ों से कहीं अधिक गहरा होता है। वेनेजुएला पहले से ही आर्थिक चुनौतियों, संसाधनों की कमी और प्रशासनिक दबावों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में आई यह प्राकृतिक आपदा केवल भौतिक विनाश तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं, संचार व्यवस्था, परिवहन, बिजली, पेयजल और राहत प्रणाली पर भी अतिरिक्त बोझ डालती है। यही कारण है कि किसी भी आपदा का प्रभाव उस समाज में अधिक व्यापक होता है, जहाँ बुनियादी ढाँचा पहले से ही कमजोर हो। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि आपदाएं सभी लोगों को समान रूप से प्रभावित नहीं करतीं। सुरक्षित और मजबूत भवनों में रहने वाले लोग अपेक्षाकृत कम नुकसान झेलते हैं, जबकि कमजोर निर्माण, अनियोजित बस्तियाँ और सीमित संसाधनों वाले परिवार सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। गरीब, श्रमिक, महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और दिव्यांग नागरिक आपदा की सबसे बड़ी कीमत चुकाते हैं। इसलिए प्राकृतिक आपदा धीरे-धीरे सामाजिक और आर्थिक असमानता का भी चेहरा बन जाती है। यहीं से शहरी नियोजन का महत्व सामने आता है। यदि शहरों का विकास वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप हो, भवनों का निर्माण भूकंप-रोधी तकनीक से किया जाए, खुले सुरक्षित स्थान उपलब्ध हों, आपातकालीन निकासी मार्ग विकसित किए जाएँ और अस्पतालों को आपदा-तैयार बनाया जाए, तो जान-माल की हानि को काफी हद तक कम किया जा सकता है। दुर्भाग्य से अनेक देशों में भवन निर्माण नियमों की अनदेखी, अवैध निर्माण और कमजोर निगरानी ऐसी त्रासदियों को और भयावह बना देते हैं। भूकंप के बाद के शुरुआती 72 घंटे सबसे महत्वपूर्ण माने जाते हैं। यही वह समय होता है जब मलबे में दबे लोगों को जीवित निकालने की संभावना सबसे अधिक रहती है। इसलिए राहत एवं बचाव कार्यों की गति, समन्वय और दक्षता ही अनेक लोगों के जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर तय करती है। बचाव दल, चिकित्सक, अग्निशमन कर्मी, सेना, स्थानीय प्रशासन और स्वयंसेवी संगठन इस कठिन समय में आशा की सबसे बड़ी किरण बनते हैं। राहत कार्य केवल भोजन और दवाइयां पहुंचाने तक सीमित नहीं होते।**

प्रकृति जब अपना रौद्र रूप दिखाती है, तब वह मनुष्य की तकनीकी उपलब्धियों, आर्थिक प्रगति और प्रशासनिक दावों की वास्तविक परीक्षा लेती है। वेनेजुएला में आए शक्तिशाली भूकंप ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया कि कुछ ही क्षणों में वर्षों की मेहनत, सपने और सुरक्षित जीवन का भ्रम मलबे में बदल सकता है। धरती के कुछ सेकंड के कंपन ने न केवल इमारतों को गिराया, बल्कि हजारों परिवारों की उम्मीदों, आजीविका और भविष्य को भी गहरे संकट में डाल दिया। भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाएँ केवल भू-गर्भीय घटनाएं नहीं होतीं; वे किसी राष्ट्र की तैयारी, शासन-व्यवस्था, सामाजिक संरचना और मानवीय संवेदनशीलता की भी परीक्षा होती हैं। मलबे में दबे लोगों की पुकार, अपने परिजनों को खोजते परिवार, अस्पतालों में उपचार की प्रतीक्षा करते घायल, राहत शिविरों में अस्थायी जीवन और भय के साये में बीतती रातें यह बताती हैं कि आपदा का वास्तविक दर्द आँकड़ों से कहीं अधिक गहरा होता है। वेनेजुएला पहले से ही आर्थिक चुनौतियों, संसाधनों की कमी और प्रशासनिक दबावों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में आई यह प्राकृतिक आपदा केवल भौतिक विनाश तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं, संचार व्यवस्था, परिवहन, बिजली, पेयजल और राहत प्रणाली पर भी अतिरिक्त बोझ डालती है। यही कारण है कि किसी भी आपदा का प्रभाव उस समाज में अधिक व्यापक होता है, जहाँ बुनियादी ढाँचा पहले से ही कमजोर हो। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि आपदाएं सभी लोगों को समान रूप से प्रभावित नहीं करतीं। सुरक्षित और मजबूत भवनों में रहने वाले लोग अपेक्षाकृत कम नुकसान झेलते हैं, जबकि कमजोर निर्माण, अनियोजित बस्तियाँ और सीमित संसाधनों वाले परिवार सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। गरीब, श्रमिक, महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और दिव्यांग नागरिक आपदा की सबसे बड़ी कीमत चुकाते हैं। इसलिए प्राकृतिक आपदा धीरे-धीरे सामाजिक और आर्थिक असमानता का भी चेहरा बन जाती है। यहीं से शहरी नियोजन का महत्व सामने आता है। यदि शहरों का विकास वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप हो, भवनों का निर्माण भूकंप-रोधी तकनीक से किया जाए, खुले सुरक्षित स्थान उपलब्ध हों, आपातकालीन निकासी मार्ग विकसित किए जाएँ और अस्पतालों को आपदा-तैयार बनाया जाए, तो जान-माल की हानि को काफी हद तक कम किया जा सकता है। दुर्भाग्य से अनेक देशों में भवन निर्माण नियमों की अनदेखी, अवैध निर्माण और कमजोर निगरानी ऐसी त्रासदियों को और भयावह बना देते हैं। भूकंप के बाद के शुरुआती 72 घंटे सबसे महत्वपूर्ण माने जाते हैं। यही वह समय होता है जब मलबे में दबे लोगों को जीवित निकालने की संभावना सबसे अधिक रहती है। इसलिए राहत एवं बचाव कार्यों की गति, समन्वय और दक्षता ही अनेक लोगों के जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर तय करती है। बचाव दल, चिकित्सक, अग्निशमन कर्मी, सेना, स्थानीय प्रशासन और स्वयंसेवी संगठन इस कठिन समय में आशा की सबसे बड़ी किरण बनते हैं। राहत कार्य केवल भोजन और दवाइयां पहुंचाने तक सीमित नहीं होते। अस्थायी आवास, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता व्यवस्था, मानसिक स्वास्थ्य सहायता, बच्चों की सुरक्षा, महिलाओं की आवश्यकताओं तथा संचार सेवाओं की बहाली भी समान रूप से आवश्यक होती है। किसी भी आपदा का वास्तविक पुनर्वास तभी संभव होता है जब प्रभावित लोगों को केवल जीवित रहने का सहारा ही नहीं, बल्कि सम्मानपूर्वक जीवन फिर से शुरू करने का अवसर भी मिले। ऐसी त्रासदी शासन की विश्वसनीयता की भी परीक्षा लेती है। जनता यह देखती है कि संकट की घड़ी में सरकार कितनी शीघ्र, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से कार्य करती है। स्पष्ट सूचना, त्वरित निर्णय, संसाधनों का समुचित वितरण और प्रशासनिक समन्वय लोगों का विश्वास बनाए रखते हैं। इसके विपरीत, यदि शुरुआती घंटों में भ्रम, विलंब या सूचना का अभाव हो, तो संकट और अधिक गहरा जाता है। आज आपदा-प्रबंधन केवल राहत कार्यों तक सीमित अवधारणा नहीं रह गया है। आधुनिक दृष्टिकोण इस बात पर बल देता है कि आपदा आने से पहले तैयारी सबसे बड़ा बचाव है। विद्यालयों, कार्यालयों, अस्पतालों और सार्वजनिक संस्थानों में नियमित मॉक ड्रिल, प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण, स्थानीय स्वयंसेवी नेटवर्क, समय पर चेतावनी प्रणाली और जन-जागरुकता कार्यक्रम हजारों लोगों का जीवन बचा सकते हैं। नागरिकों को यह जानकारी होना कि भूकंप के समय क्या करना है और क्या नहीं करना है, किसी भी तकनीकी व्यवस्था जितना ही महत्वपूर्ण है। इस त्रासदी का एक वैश्विक पक्ष भी है। प्राकृतिक आपदाएं राष्ट्रीय सीमाएं नहीं देखतीं। जब किसी देश की क्षमता सीमित पड़ जाती है, तब अंतरराष्ट्रीय सहयोग मानवता का सबसे मजबूत आधार बनता है। राहत सामग्री, चिकित्सा दल, खोज एवं बचाव विशेषज्ञ, तकनीकी सहायता, अस्थायी आश्रय और पुनर्निर्माण सहयोग जैसे प्रयास वैश्विक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करते हैं। यह वह समय होता है जब राजनीति से अधिक मानवता की आवश्यकता होती है। जलवायु परिवर्तन और तीव्र शहरीकरण के इस दौर में दुनिया के अधिकांश देश किसी न किसी प्रकार की प्राकृतिक आपदा के जोखिम का सामना कर रहे हैं। भूकंप को रोका नहीं जा सकता, लेकिन उसके विनाशकारी प्रभाव को निश्चित रूप से कम किया जा सकता है। इसके लिए वैज्ञानिक अनुसंधान, मजबूत अधोसंरचना, कठोर भवन मानक, सतत शहरी नियोजन और प्रभावी आपदा-प्रबंधन प्रणाली आवश्यक है। वेनेजुएला की यह त्रासदी विश्व समुदाय के लिए एक गंभीर चेतावनी भी है। हमें यह समझना होगा कि सुरक्षित समाज केवल आर्थिक विकास से नहीं बनते, बल्कि दूरदर्शी नीतियों, मजबूत संस्थाओं, वैज्ञानिक सोच और नागरिक सहभागिता से निर्मित होते हैं। विकास तभी सार्थक है जब वह संकट की घड़ी में लोगों के जीवन की रक्षा कर सके। अंततः, किसी भी भूकंप की सबसे बड़ी सीख यही है कि प्रकृति के सामने मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति उसका विज्ञान, उसका संगठन और उसकी संवेदना है। राहत, पुनर्वास, सुरक्षित निर्माण, आपदा-तैयारी और सामाजिक एकजुटता–ये पांच स्तंभ भविष्य की त्रासदियों को कम करने की दिशा में सबसे प्रभावी उपाय हैं। वेनेजुएला की पीड़ा केवल एक देश की पीड़ा नहीं है। यह पूरी मानवता के लिए चेतावनी है कि आपदाएं अचानक आती हैं, लेकिन उनसे होने वाली क्षति हमारी तैयारी तय करती है। इसलिए आवश्यक है कि हम हर त्रासदी को केवल समाचार बनाकर न छोड़ दें, बल्कि उसे भविष्य को सुरक्षित बनाने की प्रेरणा में बदलें। यही इस दुखद घटना के प्रति सच्ची संवेदना और सबसे सार्थक श्रद्धांजलि होगी। **–डॉ. प्रियंका सौरभ**

# चढ़ावा चोरी प्रकरण- होने लगा दूध का दूध और पानी का पानी

**मृत्युंजय दीक्षित**

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावा चोरी के अक्षम्य अपराध पर एसआईटी की रिपोर्ट आ जाने के बाद कार्यवाई आरंभ हो चुकी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करोड़ों रामभक्तों से कहा था कि आपने राम मंदिर के लिए 500 वर्षों तक प्रतीक्षा की है सत्यता जानने के लिए 15 दिन और प्रतीक्षा कर लें। मुख्यमंत्री जैसा कहते हैं वैसा करते हैं, रिपोर्ट आई, एफआईआर हुई और विवाद में शामिल सभी आठ आरोपी हिरासत में ले लिये गये। सभी आठ आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय व सदस्य अनिल मिश्रा के इस्तीफ़े की भी चर्चा है। अयोध्या का यह प्रकरण हिंदू समाज के लिए अत्यंत दुखद है। इस प्रकरण में जिस प्रकार विगत 35 वर्षों से अयोध्या आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले चंपत राय जी पर आरोप हैं वह पीड़ादायक है। चम्पत जी की निष्ठा और इमानदारी पर रंचमात्र संदेह न करने वाले भी कह रहे हैं कि अगर चंपत राय को इसकी जानकारी हो गई थी तो उन्होंने ट्रस्ट की ओर से यह बात पुलिस तक क्यो नहीं पंहुचाई? मामले पर रिपोर्ट क्यो नहीं दर्ज करवाई? संभवतः यही उनकी सबसे बड़ी गलती है। यदि उन्होंने स्वयं आगे आकर रिपोर्ट दर्ज करवा दी होती तो संभवतः बात इतनी आगे न बढ़ती। यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा मांगे जाने पर ट्रस्ट ने प्रधानमंत्री कार्यालय को भी जानकारी देने से मना कर दिया। अयोध्या की इस अनहोनी से विहिप की उस छवि को गहरा आघात पहुंचा है जिसे बनाने में संगठन ने वर्षों लगाए दिये थे। चंपत राय राम मंदिर आंदोलन से लेकर राम मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होने तक जितने भी कार्यक्रम हुए उन सभी में अग्रणी भूमिका में रहे। चंपत राय अयोध्या में आने वाले हर अतिथि का स्वागत करने के लिए आगे रहते थे। चंपत राय अपने सरल स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। चंपत राय का सामाजिक जीवन एक शिक्षक के रूप में प्रारंभ हुआ था। इंदिरा गांधी द्वारा थोपे गए आपातकाल का विरोध करने के कारण वह जेल गए थे और 8 महीने बाद बाहर आने पर संघ के प्रचारक बन गए। बाद में उनकी भूमिका विहिप में तय कर दी गई ।1984 की धर्मसंसद से उनकी भूमिका राम मंदिर आंदोलन से जुड़ गयी तभी से वह लगातार अग्रणी भूमिका में रहे। ऐसे व्यक्ति से इतनी बड़ी चूक हो जाने से रामभक्तों का व्यथित होना स्वाभाविक है। इस पूरे घटनाक्रम में प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी किसी भी आरोपी को बचने नहीं देंगे यह तय है। यह करोड़ों करोड़ हिन्दुओं से जुड़ा विषय है यही कारण है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस पूरे प्रकरण को लेकर अत्यंत गंभीर हैं और दूध का दूध और पानी का पानी करने के लिए संकल्पवान हैं। फ़िलहाल चोरी की घटनाएँ केवल दान पेटी में डाले गए नगद धन से ही समबन्धित लग रही हैं क्योंकि चांदी की ईंटें आदि सुरक्षित पाई गई हैं । निकल पड़े कालनेमि - अयोध्या प्रकरण सामने आने के बाद राजनीति होना स्वाभाविक ही है। अब जिन लोगों ने भगवान राम को काल्पनिक माना था, रामभक्तों पर गोलियां चलाई थीं और श्री रामजन्मभूमि पर शौचालय बनवाना चाहते थे वो विकृत राजनीति को चमकाने अयोध्या आ रहे हैं। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजीरवाल जो स्वयं शराब घोटाले के आरोपी हैं और कभी कहा करते थे कि मेरी नानी को तकलीफ होगी जो जो वहां राम मंदिर बना अब राजनीति चमकने अयोध्या पहुंच गए हैं। तत्कालीन सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव ने 1990 में गोलियां चलवाकर सरयू को रामभक्तों के खून से लाल कर दिया था ऐसे रामद्रोही की पार्टी को प्रभु श्रीराम के मंदिर की चिंता हो रही है। राम मंदिर आन्दोलन से लेकर प्राण प्रतिष्ठा तक में बाधा डालने वाले कालनेमि कपड़े बदलकर अयोध्या पहुँच रहे हैं। रामभक्त सब कुछ देख रहे हैं और सत्यको जान रहे हैं । सत्ता के लिए अयोध्या पहुँचने वाले कालनेमि इस मुगालते में न रहें कि अयोध्या प्रकरण उन्हें यूपी में सत्ता दिला सकता है। दूध का दूध और पानी का पानी होने पर इन कालनेमि यों का अयोध्या दौरा उल्टा इन्हीं पर भारी हो सकता है।

## सेहत मंत्र

# फॉलेट से भरपूर चुकंदर है खास, प्रेगनेंसी और ब्लड प्रेशर में मिलते हैं लाभ

चुकंदर में इतने ढेर सारे पोषक तत्व होते हैं कि इसके फायदों को जानकर हैरानी होती है। इसमें मौजूद सभी तत्व शरीर के लिए बहुत फायदेमंद हैं। इसके सेवन से शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ता है और खून की कमी पूरी होती है। चुकंदर में फॉलिक एसिड की मात्रा भरपूर होती है इसलिए ये कई बीमारियों और गर्भावस्था की कई समस्याओं में बहुत फायदेमंद है। इसे सलाद में कच्चा भी खाया जा सकता है और सब्जियों में पकाकर भी लोग खाते हैं। इसके अलावा चुकंदर के जूस को काफी गुणकारी माना जाता है। इसे खाने या पीने से शरीर को तुरंत एनर्जी मिलती है। आइये आपको बताते हैं कि चुकंदर किस तरह आपके लिए फायदेमंद है। चुकंदर में फॉलिक एसिड की मात्रा भरपूर होती है। ये तत्व शरीर के लिए जरूरी है क्योंकि ये कैंसर और हार्ट अटैक की आशंका को कम करता है। प्रेगनेंसी के दौरान महिलाओं को फॉलिक एसिड वाले आहार खाने की सलाह दी जाती है क्योंकि ये बर्थ डिफ़ेक्ट्स से बचाता है। हमारे शरीर को एक दिन में लगभग 180 से 400 माइक्रोग्राम फॉलिक एसिड की जरूरत होती है, वहीं गर्भवती महिलाओं को 400 से 800 माइक्रोग्राम फॉलिक एसिड की जरूरत पड़ती है। गर्भावस्था में फॉलिक एसिड की जरूरत आम दिनों से दोगुनी हो जाती है क्योंकि फॉलिक एसिड शिशु की निर्माण प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कई बार समय से पहले प्रेगनेंसी के मामले में भ्रूण के एम्बायरोज न्यूरल ट्यूब में कुछ परेशानी हो जाती है, तो भ्रूण का विकास ठीक से नहीं होता है। यही ट्यूब आगे जाकर बच्चे के स्पाइनल कॉर्ड और मस्तिष्क के रूप में विकसित होता है। फॉलिक एसिड की कमी के कारण बच्चा शारीरिक या मानसिक रूप से कमजोर पैदा हो सकता है या ऐसा भी हो सकता है कि उसके किसी अंग का पूरा विकास न हो पाया हो।

## धर्म मंत्र

# घर पर है बुरा साया या परेशान हैं राहु दोष से तो करें गोमूत्र के उपाय

हिंदू धर्म में गाय को माता कहा जाता है। ग्रंथों के अनुसार गाय में अनेक देवी-देवता निवास करते हैं इसलिए इसके गोबर और मूत्र को भी पवित्र कहा जाता है। महाभारत के अनुसार, गाय के गोबर और मूत्र में देवी लक्ष्मी निवास करती हैं। इसलिए पूजा-पाठ में भी गाय के गोबर और मूत्र का उपयोग किया जाता है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. प्रफुल्ल भट्ट के अनुसार, ज्योतिष शास्त्र में भी गोमूत्र के अनेक उपाय बताए गए हैं, जिनसे अनेक समस्याओं का समाधान हो सकता है। ये उपाय बहुत आसान है। कोई भी व्यक्ति इन्हें आसानी से कर सकता है। जानिए कौन-से गोमूत्र के वो उपाय 1. अगर किसी घर में नेगेटिव एनर्जी यानी ऊपरी शक्ति का असर है तो वहां रोज सुबह-शाम गंगा जल में गोमूत्र मिलाकर छिड़काव करना चाहिए। इससे बुरी शक्ति उस घर को छोड़कर जाती है। 2. घर में वास्तु दोष या किसी की नजर लगी तो भी गोमूत्र का छिड़काव करने से इस समस्या का समाधान हो सकता है। 3. जिस व्यक्ति की कुंडली में राहु अशुभ स्थान पर हो, उसे रोज पानी में गोमूत्र की कुछ बूंदे मिलाकर नहाना चाहिए। इससे राहु का दोष कम हो सकता है। 4. अगर किसी व्यक्ति पर बुरी शक्ति का प्रभाव है तो उस पर भी गोमूत्र छिड़कना चाहिए या उसे गोमूत्र का तिलक लगाना चाहिए। 5. नए घर में प्रवेश करने से पहले वहां गोमूत्र छिड़कने से सभी प्रकार के दोषों का निवारण हो जाता है।

## पर्यटन



# दुनिया के इन 7 देशों में सबसे ज्यादा घूमने जाते हैं लोग

हम में से बहुत से लोग ऐसे होते हैं, जिनका सपना विदेश घूमने का होता है।ऐसे में किसी का सपना पूरा हो गया है तो किसी का सपना अभी तक हकीकत में नहीं बदल पाया है।आज हम आपको बताने जा रहे हैं दुनिया के ऐसे 7 देश जहां सबसे ज्यादा पर्यटक घूमने जाते हैं। **फ्रांस**: घूमने-फिरने के लिहाज से सबसे पसंदीदा देश है फ्रांस। यहां सालाना करीब 8 करोड़ टूरिस्ट आते हैं। एफिल टॉवर से लेकर डिज्नीलैंड पेरिस तक कई खूबसूरत जगहों को देखना चाहते हैं तो फ्रांस की टूर प्लॉन कर सकते हैं। फ्रांस उन यूरोपीय देशों में शामिल है जो अपने पड़ोसी देशों के सीमाओं पर ज्यादा पाबंदी नहीं लगाता। यानी आप बॉर्डर के उस तरफ आसानी से आ जा सकते हैं। **मैक्सिको**: साउथ अमेरिका और यूएसए के बीच बसा मैक्सिको मिला-जुला देश है। यहां कोई अलग संस्कृति नहीं है, पड़ोसी देशों का इस पर काफी प्रभाव है। यहां कई खूबसूरत बीचेस हैं और सबसे बड़ी बात यहां के लोग अपने मेहमानों को दिल खोलकर स्वाागत करते हैं। **अमेरिका**: भारतीयों का सबसे पसंदीदा फॉरेन प्लेस अगर कोई है, तो वो है अमेरिका। न्यूयॉर्क, लॉस वेगास, लॉस एंजेल्स, फ्लोरिडा जैसे कई खूबसूरत शहर हैं जहां आप अपना दिन बना सकते हैं। यहां की नाइटलाइफ का अलग ही मजा है। यहां सालाना 7 करोड़ पर्यटक आते हैं जिसमें भारतीयों की संख्या भी काफी ज्यादा है। **स्पेन**: छुटियां बिताने का सबसे कूल डेस्टिनेशन है स्पेन। यहां खूबसूरत बीचेस भी हैं, तो फ़ेमस आईलैंड भी जहां घूमने का सपना हर किसी का होता है। अबकी बार कभी फॉरेन टूर प्लॉन करें तो स्पेन बेस्ट ऑप्शन साबित हो सकता है। यहां आप एक बार नहीं बार-बार आना पसंद करेंगे। **चीन**:दुनिया में सबसे ज्याबदा आबादी वाले देश चीन में भी काफी संख्याो में टूरिस्टस आते हैं। यहां सालाना करीब 5 करोड़ टूरिस्टम चीनी संस्कृति को समझने उनके देश आते हैं। चीन की दीवार तो विश्वट प्रसिद्ध है, एक बार तो इसे देखना बनता ही है। **इटली**: यूरोप के खूबसूरत शहरों में शामिल इटली का इतिहास, कल्चैर, आर्ट और म्यूरजियम तो विश्व प्रसिद्ध है। वेनिस हो या रोम, इटली के कई शहर आपको आकर्षित करते हैं। यहां साल में लगभग 5 करोड़ टूरिस्टस तो आ ही जाते हैं। इटली में घूमने-फिरने के लिए कई फ़ेमस स्पॉरट हैं। **यूके**: यूनाइटे किंगडम यानी यूके की चर्चा तो बहुत होती है लेकिन यह सबसे पसंदीदा टूरिस्ट् प्लेसेज में नहीं गिना जाता। यहां कुछ चुनिंदा जगहें ही हैं, जहां आप इंज्वॉय कर सकते हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो यूके में सालाना करीब 3.4 करोड़ विदेशी पर्यटक आते हैं।

# थाना समाधान दिवस से राजस्व विभाग बना उदासीन, नहीं पहुंचे लेखपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुड़वार/सुल्तानपुर। शासन द्वारा आम जनमानस की समस्या के सुलभ निस्तारण के लिए चलाए जा रहे थाना समाधान दिवस से राजस्व महकमा उदासीन बना हुआ है। फरियादी शिकायती प्रार्थना पत्र लेकर थाने तक तो पहुंचते है लेकिन मौके पर राजस्व लेखपालों की मौजूदगी न होने से उनका समाधान दिवस नहीं हो पाता।

शनिवार को स्थानीय थाने पर सुबह 10 बजे से समाधान दिवस का आयोजन हुआ। समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव फरियादियों की समस्या की सुनवाई कर रहे थे। लेकिन राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व विभाग का कोई भी अधिकारी कर्मचारी मौजूद नहीं रहा है। करीब 12 बजे समाधान दिवस में पहुंचे राजस्व निरीक्षक अलीगंज आईपी सिंह से जब थाना प्रभारी ने अन्य लेखपाल व राजस्व निरीक्षक के बारे में जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि अब कोई भी कर्मचारी नहीं आएगा सभी लोग फील्ड में लगे है। माह भर में दो बार होने वाले थाना समाधान दिवस में जो भी फरियादी राजस्व की समस्या के निस्तारण कराने की आस लगाए आए थे उन्हें निराशा के साथ प्रार्थना पत्र देकर वापस लौटना पड़ा।जबकि शासन की प्राथमिकता है कि गांव के गरीब व पीड़ित जनता की समस्या के निराकरण के लिए थाना समाधान दिवस आयोजित किया जाए लेकिन विभागीय कर्मियों की उदासीनता के चलते फरियादी कई कई बार शिकायती पत्र लेकर थाने पहुंचते है। थाना क्षेत्र के उत्तरगाव निवासी राधेश्याम ने बताया कि जमीनी विवाद में पिछले थाना दिवस को प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन कोई भी राजस्व कर्मी उनके प्रार्थना पत्र के निस्तारण के लिए नहीं पहुंचा।

तथा कोटवा गांव निवासी अजरुल निशा ने बताया कि उसके दरवाजे पर गांव का वह व्यक्ति गोबर फेंक रहा है जिसका घर 200 मीटर दूर है। कई बार थाने पर प्रार्थना पत्र देने के बाद थाना समाधान दिवस में आई थी लेकिन लेखपाल की मौजूदगी न होने से निस्तारण नहीं हुआ। हालांकि राजस्व निरीक्षक आईपी सिंह ने आश्वस्त किया कि लेखपाल को मौके पर भेजकर समाधान कराया जाएगा।

# भीषण गर्मी,के चलते स्कूल समय बदलने की मांग, बीएसए को ज्ञापन,



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार वर्मा ने संगठन के पदाधिकारियों के साथ शनिवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक को ज्ञापन सौंपकर परिषदीय विद्यालयों का समय प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक करने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि भीषण गर्मी के कारण विद्यालय आने वाले बच्चे अस्वस्थ हो रहे हैं, जिससे उनकी उपस्थिति भी प्रभावित हो रही है। मौसम विभाग की प्रतिकूल मौसम संबंधी एडवाइजरी का हवाला देते हुए छात्रहित और शिक्षा हित में विद्यालय संचालन का समय तत्काल परिवर्तित किए जाने की मांग की गई।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष विकास वर्मा, आशीष सिंह, ध्रुव कांत वर्मा, संग्राम वर्मा सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नहर में डूबे युवक का 11 घंटे बाद मिला शव, दो माह पहले हुई थी शादी

बहराइच । विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा पुरैना में आयोजित मोहर्रम मेले के दौरान नहर में डूबे युवक का शव शनिवार सुबह करीब पांच बजे बरामद कर लिया गया। मृतक की पहचान चन्द्रावा निवासी 20 वर्षीय सत्यम के रूप में हुई है। घटना के करीब 11 घंटे बाद नहर का जलस्तर कम होने पर उसका शव डूबने के स्थान से लगभग 20 मीटर दूर नहर किनारे आधा डूबा हुआ दिखाई दिया। शुक्रवार देर शाम मेले के दौरान सत्यम नहर में डूब गया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन, स्थानीय गोताखोर और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। प्रशासन ने घटना के लगभग एक घंटे बाद ही नहर का पानी रुकवा दिया, जिससे तलाश अभियान में सुविधा हो सके। इसके बाद पूरी रात पुलिस, गोताखोरों और ग्रामीणों ने युवक की तलाश जारी रखी।

# भुईंया माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, भव्य शोभायात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। नगर पंचायत रामनगर स्थित भुईंया माता मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत शनिवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर के विभिन्न मंदिरों से प्रतिमाओं का भ्रमण कर उन्हें मंदिर परिसर लाया गया, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अर्चन संपन्न हुआ। लगभग 1.30 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

धार्मिक अनुष्ठान को पंडित सुरेंद्र कुमार शुक्ला पंकज शुक्ला अरुण कुमार शुक्ला ओंकार शुक्ला शेखर तिवारी अर्पित तिवारी शास्त्री दुर्गेश मिश्रा तथा आचार्य रामनरेश मिश्रा ने संपन्न कराया।कार्यक्रम के मुख्य यजमान सोनू पाठक पंकज पाठक संजय पाठक व मोनू पाठक सहित अधिवक्ता अवनीश मिश्रा टिंकू तिवारी दयाशंकर तिवारी राहुल अवस्थी एवं देवेंद्र मिश्र सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## करंट की चपेट में आकर बिजली मिस्त्री की मौत

फर्रुखाबाद । जिले के मऊदरवाजा थानाक्षेत्र स्थित बिजली करंट की चपेट में आकर एक मिस्त्री की मौत हो गई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

थानाध्यक्ष अजब सिंह ने बताया कि थाना मऊदरवाजा के ग्राम अजमतपुर निवासी मेघनाथ शाक्य का 30 वर्षीय पुत्र योगेन्द्र शनिवार को बाईपास कृष्णा पेट्रोल पंप के निकट बिजली की फिटिंग का कार्य कर रहा था। उसी समय बिजली का करंट लगने से उसकी हालत गंभीर हो गई। योगेंद्र को लोहिया अस्पताल ले जाया गया,जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। योगेंद्र की बाईपास से रेलवे क्रॉसिंग की ओर जाने वाले रास्ते के नुक्कड़ पर बिजली की दुकान है। योगेंद्र चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी मौत पर मां पत्नी रिचा आदि परिवार की महिलाएं बिलखती रही। परिवार के लोगों ने शांत कराया। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## महीनों से बंद, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, जांच की मांग

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम बदोसराय स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर कई महीनों से बंद होने का मामला सामने आया है। जिला पंचायत सदस्य विजय कुमार यादव ने आरोप लगाया कि केंद्र पर तैनात स्वास्थ्यकर्मी नियमित रूप से अनुपस्थित रहते हैं, जिससे ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल रहा। उन्होंने बंद पड़े सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई तथा केंद्रों को तत्काल संचालित कराने की मांग की है।

## मैच देखकर लौटे युवक से अप्राकृतिक दुष्कर्म

निंदूरा बाराबंकी ।मैच देख कर वापस घर लौट रहे बालक के साथ गांव के ही एक युवक ने अप्राकृतिक दुष्कर्म किया।इस मामले में पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोपित अभी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

कुर्सी के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को दिए प्राथना पत्र में बताया कि उसका आठ वर्षीय पुत्र शुक्रवार को नयापुरवा गांव में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट देखने अपने दोस्तों के साथ गया था।शाम को मैच देखने के बाद वापस अकेले घर लौट रहा था। जहां पर रास्ते में गांव का ही आरोपित युवक सुऐब उसे घर छोड़ने के बहाने अपने साथ जंगल में लेकर चला गया। जहां पर उसके साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म किया।बालक ने आकर पूरी जानकारी अपने घर पर दी। इसको लेकर गांव में तनाव बना हुआ है।उधर घटना के बाद से फरार आरोपित को पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है।कुर्सी थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णकांत सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपित युवक की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## बदोसराय थाना समाधान दिवस, सात शिकायतें निस्तारित

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली बदोसराय में शनिवार को नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता एवं कोतवाल राम अवतार सरोज के संयोजन में थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ। कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 7 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 6 शिकायतों के समाधान के लिए राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। इस दौरान एडीआर अजित सिंह, लेखपाल सुभेन्द्र अवस्थी सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण,ब्लॉक में बैठक, सफाई पर जोर

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लॉक सभागार में शनिवार को खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण संबंधी बैठक आयोजित हुई। सीएचसी अधीक्षक डॉ. आरिफ सिद्दीकी ने डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया से बचाव के उपाय बताए तथा आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं को घर–घर सर्वे के निर्देश दिए। बीडीओ ने पंचायत सचिवों को नियमित सफाई, जलभराव हटाने और एंटी–लार्वा छिड़काव सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

## सुमली नदी में डूबने से दो किशोरों की मौत

रामनगर बाराबंकी। थाना क्षेत्र के करसा कला गांव के पास सुमली नदी में नहाने के दौरान दो किशोरों की डूबने से मौत हो गई। पुरैना निवासी 11 वर्षीय अर्पित और रतनपुर निवासी 13 वर्षीय अतुल भैंस चराने गए थे। नहाते समय दोनों गहरे पानी में चले गए। सूचना पर पुलिस और गोताखोरों ने शव बाहर निकाले। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को नियमानुसार आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है।

## रामनगर कोतवाली में समाधान दिवस, 16 शिकायतें दर्ज

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली रामनगर में प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुईं। मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए पुलिस एवं राजस्व विभाग की तीन संयुक्त टीमें गठित कर मौके पर भेजी गईं। सुनवाई के दौरान राजस्व अधिकारियों सहित समस्त पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

## होटल विवाद हमले के आरोपी अर्श की जमानत खारिज

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर स्थित होटल में भोजन करने गए अधिवक्ता धर्मात्मा सिंह समेत अन्य पर हुए जानलेवा हमले के मामले में जेल भेजे गए आरोपी अर्श श्रीवास्तव की तरफ से सीजेएम कोर्ट में जमानत अर्जी पेश की गई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह की अदालत ने मामले में आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दिया है। धम्मौर थाने के नरही भांटी के रहने वाले वादी मुकदमा अन्तरात्मा सिंह ने गत रविवार रात की घटना बताते हुए कोतवाली नगर में होटल संचालक पूरन पोपटानी, उनके भतीजे हर्षित पोपटानी सह आरोपी रजत गुप्ता उर्फ कल्लू, सूरज मोदनवाल,रवि अग्रहरि, रिंकू मोदनवाल, सद्दाम, हरिओम एवं उनके चार साथियों के खिलाफ अधिवक्ता धर्मात्मा सिंह, बिपिन पाण्डेय व राजन पाठक पर लोहे की रॉड व बेलचे सहित अन्य हथियारों से हमला करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में नामजद आरोपी पूरन पोपटानी, हर्षित पोपटानी निवासीगण कटहल की बाग–नबीपुर एवं प्रकाश में आए आरोपी चन्द्र भूषण गुप्ता निवासी आदर्श नगर व अर्श श्रीवास्तव निवासी शास्त्री नगर को गिरफ्तार कर पुलिस ने मंगलवार को बरामद हथियार बर्नर,स्टैंड,मुठिया व फ्राई पैन के साथ कोर्ट में पेश करने के लिए कई घण्टो तक कड़ी मशक्कत किया, पर वकीलों के विरोध की वजह से सफल नहीं हो पाए थे। जिसके बाद सुरक्षा व शांति व्यवस्था के कारणों को दर्शाते हुए पुलिस अधिकारियों ने प्रभारी जिला जज संध्या चौधरी से पुलिस लाइन परिसर में रिमांड कराने की इजाजत मांगी थी। पुलिस के आवेदन पर प्रभारी जिला जज ने सीजेएम नवनीत सिंह को पुलिस लाईन परिसर में रिमांड पर सुनवाई के लिए आदेशित किया था। जिसके उपरांत कड़ी सुरक्षा के बीच चारों आरोपियो के रिमांड की कार्रवाई पूरी हो पाई थी। वहीं मामले में अन्य आरोपियो की गिरफ्तारी के प्रयास में पुलिस लगी हुई है। मामले में आरोपी पूरन पोपटानी व हर्षित पोपटानी की जमानत सीजेएम कोर्ट से बुधवार को ही खारिज हो चुकी है। हमले के विरोध में अधिवक्ताओं का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। वकीलों ने आरोपियो पर गैंगस्टर लगाने एवं शहर में अवैध तरीके से संचालित होटलों को बंद कराने समेत अन्य मांग जिला प्रशासन से किया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव, मौत की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

मीरजापुर । चुनार कोतवाली क्षेत्र के जमुई बाजार में शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# वाराणसी : 11वीं मोहर्रम पर ,खामोशी से निकला लुटे हुए काफ़िले का जुलूस

## फातमान पहुंचकर हुआ जुलूस का समापन, 12वीं मोहर्रम पर उठेगा तीजे का जुलूस

एजेंसी



वाराणसी। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी में 11वीं मोहर्रम पर शनिवार अपरान्ह दालमंडी से ''लुटे हुए काफ़िले'' (चुप का डंका) का जुलूस डॉ. मुज्तबा जाफ़री और मुर्तु.ज़ा जाफ़री के संयोजन में दालमंडी स्थित स्व. डॉ. नाज़िम जाफ़री के निवास से निकला।

जुलूस के आगे-आगे सैयद आबिद नक़्वी लुटे हुए काफ़िले के जुलूस का एलान करते हुए चले। जुलूस में आगे–आगे ऊंट था। उस पर बैठे दो नगाड़ेबाज लयबद्ध स्वर में डंका बजा रहे थे। जगह-जगह लोग फरहरा को छूते तो दुलदुल को दुपट्टा, फूल चढ़ाते और दूध, मिठाई, काजू आदि खिला रहे थे। रास्ते में महिलाएं घरों की छतों से जुलूस देख रही थीं। इमाम की शान में लोग कलाम पढ़ रहे थे। पूरा काफिला खामोश होकर चल रहा था। अंजुमन हैदरी के नौजवान अलम का फरहरा (ध्वज)लहराते हुए चल रहे थे।

हज़रत अली समिति के सदस्य सलमान हैदर ने बताया कि कर्बला हादसा के बाद जब इमाम हुसैन का लुटा हुआ काफ़िला, यानी अहले-बैत के बच्चे और ख़वातीन क़ैदी बनाकर शाम की ओर रवाना किए गए, उसी ग़मनाक मंज़र की याद में यह जुलूस पूरी ख़ामोशी के साथ निकाला जाता है। रास्ते भर अज़ादार ख़ामोशी के आलम में नातिया कलाम पढ़ते हुए चले और यह जुलूस अपने पारंपरिक रास्तों से होते हुए दरगाहे फातमान पहुँचकर संपन्न हुआ।

–जुलूस में गूंजा हुसैन का नाम

जुलूस के दौरान सरफ़राज़ ने पूरे जुलूस में इमाम हुसैन के नाम को बुलंद रखा और सबको हुसैनियत का पैग़ाम दिया। इस मौक़े पर उन्होंने स्व. नाज़िम जाफ़री और स्व. हकीम मोहम्मद काज़िम के बेहतरीन कलाम भी पेश किए, जिन्हें सुनकर अज़ादारों की आँखें नम हो गईं। सलमान हैदर के अनुसार अज़ाख़ाना-ए-जाफ़री और दरगाहे फातमान में मौलाना वसी असग़र पाशा ने पुरदर्द मजलिस को ख़िताब किया। फातमान में अपने ख़िताब के दौरान उन्होंने कहा कि कर्बला महज़ एक हादसा नहीं, बल्कि इमाम हुसैन का अपने ख़ुदा के साथ बांधा गया एक मुआहिदा (अहद) है, जिसे इमाम ने अपने और अपने अज़ीज़ों के ख़ून से निभाया। उनके इस बयान ने पूरी मजलिस को रुला दिया। दरगाहे फातमान में अज़ादारों ने इमाम हुसैन की बारगाह में सलाम पेश किए। सलाम पढ़ने वालों में समर जाफ़री, सलमान हैदर, हैदर कैरतपुर, अज़ादारे-हुसैनी पद्मश्री ऐनुल हसन रिज़वी और शम्सुल हसन रिज़वी शामिल रहे। पूरे माहौल में ग़म और अक़ीदत की झलक साफ़ नज़र आई और भारी तादाद में अज़ादारों ने जुलूस व मजलिसों में शिरकत कर इमाम हुसैन को खिराजे-अक़ीदत पेश किया।

बारहवीं मोहर्रम तीजा

हज़रत अली समिति के सदस्य सलमान हैदर ने बताया कि सोमवार को बारहवीं मोहर्रम पर शहर भर में इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों का तीजा मनाया जाएगा। इस मौक़े पर इमामबाड़ों में फ़ातिहा दिलाई जाएगी, इमाम के फूल की मजलिसें होंगी और तीजे के जुलूस उठाए जाएँगे, जो अपने पारंपरिक रास्तों से होते हुए दरगाहे फातमान और सदर इमामबाड़ा (लाट सरैया) पर शाम को संपन्न होंगे।

# जालौन को मिली आधुनिक तरणताल की सौगात, आज से शुरू होगी तैराकी की सुविधा

उरई । जनपद मुख्यालय स्थित इंदिरा स्टेडियम का अत्याधुनिक तरणताल अब पूरी तरह तैयार है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने शनिवार को तरणताल का अंतिम स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सभी तैयारियां संतोषजनक पाए जाने पर आज से शुभारंभ किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तरणताल की सुरक्षा व्यवस्था, जल गुणवत्ता, फिल्ट्रेशन सिस्टम, चेंजिंग रूम, शौचालय, पाथवे, शेड, बाउंड्रीवाल, टाइल्स, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि संचालन के दौरान स्वच्छता, सुरक्षा मानकों और नियमित रखरखाव में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए, ताकि खिलाड़ियों एवं आमजन को उच्च गुणवत्ता की सुविधाएं निरंतर उपलब्ध होती रहें। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की निधि से कराए गए व्यापक जीर्णोद्धार कार्यों के बाद तरणताल आधुनिक स्वरूप में तैयार हुआ है। परिसर में आकर्षक सुंदरीकरण, बेहतर आधारभूत सुविधाएं और खिलाड़ियों की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यवस्थाएं विकसित की गई हैं। इससे जनपद के तैराकों को अब स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण अभ्यास एवं प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि खेल सुविधाओं का विस्तार प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। इंदिरा स्टेडियम का नवीनीकृत तरणताल न केवल खिलाड़ियों की प्रतिभा को नई उड़ान देगा, बल्कि युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और खेलों से जुड़ने के लिए भी प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक खेल अधोसंरचना विकसित कर जनपद को खेल गतिविधियों का मजबूत केंद्र बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। आज से तरणताल के शुभारंभ के साथ जनपद के खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों एवं युवाओं को एक ऐसी आधुनिक सुविधा उपलब्ध होगी, जिसकी लंबे समय से प्रतीक्षा थी। यह परियोजना निश्चित रूप से जालौन में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा और नई पहचान प्रदान करेगी। इस अवसर पर जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, आरईएस के अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसडीएम की छापेमारी, आधा दर्जन से अधिक निजी अस्पताल व डायग्नोस्टिक सेंटर सील




सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। लखनऊ अग्निकांड के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम अनिल कुमार सरोज के नेतृत्व में स्वास्थ्य, पुलिस, फायर और पूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने बदोसराय व रसूलपुर में निजी अस्पतालों और डायग्नोस्टिक सेंटरों पर छापेमारी की। जांच में अधिकांश संस्थानों पर पंजीकृत डॉक्टर अनुपस्थित मिले और कई जगह गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। टीम ने एक्सपायरी दवाएं व इंजेक्शन भी बरामद किए। कार्रवाई के दौरान तैफी, अपोलो डायग्नोस्टिक सेंटर, मेडिक्स अस्पताल, केयर पॉली क्लीनिक, नेशनल अस्पताल समेत आधा दर्जन से अधिक संस्थानों को सील कर आवश्यक अभिलेख एसडीएम कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। तैफी डायग्नोस्टिक सेंटर के मैनेजर द्वारा अधिकारियों से अभद्रता करने पर उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। कार्रवाई से क्षेत्र के निजी अस्पतालों और झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया।

# आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला बराबर करने के लिए भारतीय बल्लेबाजों को करना होगा सुधार

एजेंसी

बेलफास्ट। आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले में चौकाने वाली हार का सामना करने के बाद भारत की स्टार खिलाड़ियों से सजे शीर्ष बल्लेबाज़ी क्रम पर रविवार को होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव होगा। आयरलैंड ने नए कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली विश्व चैंपियन टीम को शुक्रवार को पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में हराकर इतिहास रच दिया। भारतीय टीम टी20 विश्व कप जीत के बाद अपने पहले मैच में 182 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 148 रन पर सिमट गई। यह किसी भी प्रारूप में आयरलैंड की भारत पर पहली जीत है। अय्यर की टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 963 दिनों बाद वापसी और राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की शुरुआत उतनी अच्छी नहीं रही। वह बुधवार से चेस्टर-ले-स्ट्रीट में इंग्लैंड के खिलाफ पाँच मैचों की श्रृंखला शुरू होने से पहले आयरलैंड दौरे का समापन जीत के साथ करना चाहेंगे। भारतीय टीम की सबसे बड़ी समस्या बल्लेबाज़ी का बिखर जाना रही। तीन महीने



पहले विश्व कप में नायक रहे संजू सैमसन सिर्फ चार गेंद खेलकर आउट हो गए। ईशान किशन और अय्यर भी बल्ले से कोई खास योगदान नहीं दे सके। अभिषेक शर्मा ने आक्रामक खेल जारी रखा और अच्छी शुरुआत दी, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला। पावरप्ले के बाद उनका आउट होना भारत की पारी के लिए बड़ा झटका साबित हुआ। आयरलैंड के पदार्पण करने वाले जय मूंद्रा और मैट हॉलार्ड ने भारतीय शीर्ष क्रम को झकझोर दिया। मूंद्रा ने अपनी पहली ही गेंद पर सैमसन को आउट किया, जबकि हॉलार्ड ने किशन और अय्यर को पवेलियन भेजा और बाद में वॉशिंगटन सुंदर को भी आउट किया। जरूरी रन-रेट का दबाव बढ़ने के कारण तिलक वर्मा, वॉशिंगटन सुंदर और शिवम दुबे भी पारी को संभाल नहीं पाए। अब दूसरे मैच का नतीजा काफी हद तक इस पर निर्भर करेगा कि भारतीय बल्लेबाज़ इस युवा लेकिन आत्मविश्वास से लबरेज़ आयरलैंड की तेज़ गेंदबाज़ी का सामना कैसे करते हैं। टीम प्रबंधन एक हार के बाद अधिक घबराहट में नहीं है। युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को अपने मौके के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा क्योंकि एक हार के बाद शीर्ष क्रम में बदलाव की संभावना कम है। गेंदबाजी में कुछ सकारात्मक बातें भी रहीं। हर्षित राणा ने चोट से वापसी करते हुए 24 रन देकर तीन विकेट के साथ अच्छा प्रदर्शन किया। अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने भी अंतिम ओवरों में बेहतर गेंदबाज़ी की। टीम को सबसे अधिक नुकसान वॉशिंगटन सुंदर के एक ओवर में 19 रन और प्रसिद्ध कृष्णा के चार ओवरों में 57 रन लुटाने से हुआ। कृष्णा ने पारी के 17वें ओवर में 27 रन दिए। आयरलैंड की ओर से कप्तान लोर्कान टकर ने 50 रन और गैरेथ डेलानी ने 49 रन की अहम पारियां खेलीं, जिससे टीम ने बड़ा स्कोर खड़ा किया। श्रृंखला के शुरुआती मैच में इतिहास रचने के बाद आयरलैंड का मनोबल ऊंचा है, जबकि भारतीय टीम श्रृंखला गंवाने की शर्मनाक स्थिति से बचने के साथ-साथ इंग्लैंड दौरे के लिए अपनी तैयारियों को मजबूत करना चाहेगी।

# भारत ने एफआईएच प्रो लीग में पाकिस्तान को 7-1 से रौंदा

एजेंसी

लंदन। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए एफआईएच प्रो लीग के लंदन चरण के दूसरे मैच में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 7-1 से करारी शिकस्त दी।

भारत ने शुरू में गोल खाने के बाद शानदार वापसी की और इसके बाद गोल वर्षा कर दी। उसकी तरफ से सुखजीत सिंह (20वें), हरमनप्रीत सिंह (26वें), हार्दिक सिंह (34वें), जुगराज सिंह (35वें), अभिषेक (41वें), राज कुमार पाल (44वें) और दिलप्रीत सिंह (54वें) ने गोल किए। मिडफील्डर हार्दिक को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच की शुरुआत बेहद तेज गति से हुई। मनदीप सिंह के शानदार प्रदर्शन से भारत ने 90 सेकंड के भीतर ही पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। भारत इसका फायदा नहीं उठा पाया और पाकिस्तान ने जवाबी हमला करते हुए 13वें मिनट में एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर दिया। भारत ने वीडियो रेफरल लिया लेकिन फैसला उसके पक्ष में नहीं गया और पाकिस्तान के कप्तान अबू बकर महमूद ने ड्रैग-फ्लिक से गोल करके अपनी टीम को




1-0 से आगे कर दिया। भारत ने हालांकि दूसरे क्वार्टर में अपने सटीक पास से मैच पर नियंत्रण हासिल कर लिया। पाकिस्तान को 18वें मिनट में उस समय झटका लगा जब अहमद नदीम के चेहरे पर उनके साथी खिलाड़ी अली ग़ज़नफ़र के एक पास से चोट लगी और उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। भारत ने लगभग तुरंत ही इसका फायदा उठाया। पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत के जोरदार ड्रैग-फ्लिक शॉट को सुखजीत ने चतुराई से गोल में बदल दिया। इस तरह से भारत ने 20वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया। भारतीय कप्तान ने छह मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके हाफ टाइम तक भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। भारत ने दूसरे हाफ में भी अपना दबदबा बरकरार रखा। उसे 34वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर के चलते पेनल्टी मिली, जिसे हार्दिक ने गोल में बदलकर स्कोर 3-1 कर दिया। पाकिस्तान ने लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने उसके प्रयासों को नाकाम कर दिया। भारत ने इसके बाद जवाबी हमला किया।

# सूर्यवंशी की बल्लेबाजी अविश्वसनीय, मौका मिला तो खुद को साबित करेंगे: वेंगसरकर

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान और पूर्व मुख्य चयनकर्ता दिलीप वेंगसरकर का मानना है कि 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी की बल्लेबाजी उनकी बेहतरीन 'हैंड-आई कोऑर्डिनेशन' के कारण बेहद खास और अविश्वसनीय नजर आती है। राष्ट्रीय चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष वेंगसरकर को उम्मीद है कि आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम में पदार्पण का मौका मिलने पर सूर्यवंशी उसका पूरा फायदा उठाएंगे। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) की टीम के साथ ब्रिटेन दौरे पर मौजूद वेंगसरकर ने पीटीआई से विशेष बातचीत में कहा, ''मुझे पूरा विश्वास है कि वैभव को मौका मिलेगा और जब भी मिलेगा, वह उसे पूरी तरह भुनाएगा। वह बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है और



उसकी बल्लेबाजी वाकई हैरत में डालने वाली है। उन्होंने कहा, ''उसमें अपार क्षमता है। वह कुछ ऐसे शॉट खेलता है, जिन पर यकीन करना मुश्किल होता है। उसकी बल्लेबाजी की शैली बिल्कुल अलग है। शानदार 'बैट स्विंग' और 'हैंड-आई कोऑर्डिनेशन' की बदौलत वह आसानी से गेंद को मैदान के बाहर पहुंचा सकता है। टी20 क्रिकेट में उसने शानदार प्रदर्शन किया है। सूर्यवंशी के टेस्ट क्रिकेट में भविष्य के बारे में पूछे जाने पर वेंगसरकर ने कहा, '' मैंने उसे लंबे प्रारूप में खेलते नहीं देखा है। लेकिन मुझे विश्वास है कि मौका मिलने पर वह वहां भी अच्छा प्रदर्शन करेगा। उन्होंने सूर्यवंशी को महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से सीख लेने की सलाह देते हुए कहा, '' तेंदुलकर अपनी उम्र से कहीं अधिक परिपक्व नजर आते थे। वह शीर्ष स्तर पर क्रिकेट खेलने के लिए मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार थे और इसी वजह से उनका चयन हुआ था। उन्होंने कहा, ''तेंदुलकर बेहद अनुशासित, जुनूनी और लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित थे। सूर्यवंशी जैसे युवा खिलाड़ियों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। वेंगसरकर ने भारतीय टी20 टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर की भी सराहना करते हुए कहा, ''वह उदाहरण पेश करते हुए टीम का नेतृत्व कर रहे हैं।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करो या मरो मैच में हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा भारत को

एजेंसी

लंदन। मध्यक्रम के बल्लेबाजों के नहीं चल पाने और खराब क्षेत्ररक्षण के कारण अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली भारतीय टीम को अगर महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनानी है तो उसे ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले ग्रुप ए के अपने अंतिम मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारतीय टीम के लिए यह मैच करो या मरो जैसा है। इस ग्रुप के अंतिम दो मैच से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमों का निर्धारण होगा। इन मैच में दक्षिण अफ्रीका (छह अंक) लॉर्ड्स में बांग्लादेश (चार) से भिड़ेगा, जिसके बाद भारत (छह) का सामना अपराजित ऑस्ट्रेलिया (आठ) से होगा। दक्षिण अफ्रीका के बांग्लादेश के खिलाफ शानदार रिकॉर्ड (12 मैचों में 9-2) को देखते हुए भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाला मुकाबला क्वार्टर फाइनल जैसा



होने की उम्मीद है। अगर पिछली बार फाइनल में पहुंचने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम उम्मीद के मुताबिक जीत जाती है, तो भारत को क्वालीफाई करने के लिए ऑस्ट्रेलिया को हराना होगा। ऐसी स्थिति में इस मैच में हार से मौजूदा वनडे विश्व चैंपियन की उम्मीदें खत्म हो जाएंगी। दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलिया आठ अंकों और 4.724 के बेहतर नेट रन रेट की बदौलत हार के बावजूद भी आगे बढ़ सकता है। बांग्लादेश अगर दक्षिण अफ्रीका को हरा देता है तो भारत पर से दबाव कम हो जाएगा क्योंकि हार के बावजूद भी हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम अंतिम चार में जगह बना सकती है अगर उसका नेट रन रेट 2.268 दक्षिण अफ्रीका के मौजूदा 0.734 से बेहतर बना रहता है। इस मैच में भारतीय टीम के जज्बे की परीक्षा भी होगी जो अभी तक प्रत्येक विभाग में कुछ ना कुछ समस्याओं से जूझ रही है। भारत टूर्नामेंट के शुरू में सलामी बल्लेबाजों की खराब फॉर्म को लेकर चिंता में था। स्मृति मंधाना (167 रन) और शेफाली वर्मा (145) की सलामी जोड़ी ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन भारतीय मध्यक्रम नहीं चल पाया जिसमें कप्तान हरमनप्रीत (85) और जेमिमा रोड्रिग्स (58) जैसी खिलाड़ी शामिल हैं। भारत के लिए एक और बड़ी चिंता खराब क्षेत्ररक्षण है। पिछले दो मैच में उसके खिलाड़ियों ने छह कैच छोड़े हैं। इनमें से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कैच छोड़ना उसे महंगा पड़ा क्योंकि टीम इस मैच में हार गई थी। मुख्य कोच अमोल मजूमदार और कप्तान हरमनप्रीत इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस तरह की गलती उसे भारी पड़ सकती है। राधा यादव को बेहतरीन क्षेत्ररक्षक माना जाता है लेकिन उन्होंने तीन कैच छोड़े हैं। इनमें से दो कैच उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टपकाए थे। भारत को वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर मिली जीत से निश्चित रूप से प्रेरणा मिलेगी, जिसमें जेमिमा की शानदार पारी ने उसे अंतिम बाधा को पार करने और अपने पहले वैश्विक खिताब की जीत की राह पर अग्रसर करने में मदद की।

# नीरज चोपड़ा एशियाई खेलों में हिस्सा लेंगे: एएफआई





एजेंसी

भुवनेश्वर। भारतीय भाला फेंक के सुपरस्टार नीरज चोपड़ा सितंबर-अक्टूबर में जापान में होने वाले एशियाई खेलों में अपने खिताब का बचाव करने के लिए मैदान पर उतरेंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) की चयन समिति के अध्यक्ष आदिल सुमारीवाला ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। चोपड़ा सितंबर 2025 में तोक्यो विश्व चैंपियनशिप से पहले पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट से उबर गए हैं। उन्होंने हाल में दोहा डायमंड लीग से अपने सत्र की शुरुआत की, जहां उन्होंने 85.69 मीटर के थ्रो के साथ चौथा स्थान हासिल किया। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 28 वर्षीय चोपड़ा ने राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने की पुष्टि तो कर दी थी, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया था कि वह 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों में हिस्सा लेंगे या नहीं। सुमारीवाला ने पीटीआई से कहा, ''वह (चोपड़ा) राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों दोनों में भाग लेंगे। उन्होंने क्वालीफाई कर लिया है और वह अभी चोट से पूरी तरह उबरने की प्रक्रिया में है। उन्हें सत्र की अपनी पहली प्रतियोगिता में ही 86 मीटर (85.69 मीटर) भाला फेंका, जो शानदार है। उन्होंने कहा, ''नीरज ने (चीन में 2022 में खेले गए एशियाई खेलों में) 88 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता था। वह अब 86 मीटर के करीब हैं, तो हमें कोई कारण नहीं दिखता कि जिससे यह लगता हो कि वह राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों दोनों में अच्छा प्रदर्शन नहीं करेंगे। एएफआई की चयन समिति यहां चल रही राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन रविवार को भारतीय टीम की घोषणा कर सकती है। चोपड़ा ने चीन के हांगझोऊ में पिछले एशियाई खेलों में 88.88 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। आइची-नागोया में चोपड़ा का सामना श्रीलंका के उभरते सितारे रुमेश थरंगा पथिरागे से होने की उम्मीद है, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में 90 मीटर का आंकड़ा पार किया और दो डायमंड लीग खिताब जीते। इनमें दोहा में जीता गया खिताब भी शामिल है। पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम भी इस दौड़ में शामिल हो सकते हैं, जिससे एशियाई खेलों में पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता और भी रोमांचक हो जाएगी। एएफआई ने हालांकि यह फैसला चोपड़ा पर छोड़ दिया है कि क्या वह 23 जुलाई से दो अगस्त तक ग्लासगो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों से पहले किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं या नहीं।

चोपड़ा को इससे पहले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 32 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया था। एएफआई के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान में विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष सुमारीवाला ने कहा, ''हमने यह फैसला उन पर छोड़ दिया है। वह इन प्रतियोगिताओं के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं और अब हमारा ध्यान उस प्रक्रिया पर है जिससे वह राष्ट्रमंडल खेलों के साथ-साथ एशियाई खेलों में भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें।

# उबर के पूर्व अधिकारी प्रभजीत सिंह करेंगे भारत में ओपनएआई का नेतृत्व

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और दक्षिण एशिया में उबर के ऐप आधारित टैक्सी सेवा कारोबार का नेतृत्व करने के बाद प्रभजीत सिंह अब भारत में कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण नेतृत्व भूमिकाओं में से एक संभालने जा रहे हैं। सैम ऑल्टमैन के नेतृत्व वाली ओपनएआई ने शुक्रवार को प्रभजीत सिंह को भारत के लिए अपना प्रबंध निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की। इस नियुक्ति के साथ वह भारत में कंपनी के सबसे वरिष्ठ अधिकारी होंगे और देश में कंपनी की रणनीतिक गतिविधियों का नेतृत्व करेंगे। कंपनी ने कहा कि सिंह भारत में उपभोक्ता वृद्धि, उद्यमों द्वारा एआई अपनाने, साझेदारियों, नियामकीय संवाद और परिचालन सहित सभी प्रमुख क्षेत्रों की जिम्मेदारी संभालेंगे। सिंह एशिया-प्रशांत क्षेत्र के प्रबंध निदेशक किरण मणि के अधीन कार्य करेंगे और सितंबर में अपना कार्यभार संभालेंगे। सिंह की नियुक्ति ऐसे समय हुई है जब ओपनएआई उद्यमों और



डेवलपर समुदाय के साथ साझेदारियों के जरिए भारत में अपनी रणनीति को तेजी से आगे बढ़ा रही है और साथ ही नीति-निर्माताओं के साथ भी अपना संवाद मजबूत कर रही है। कंपनी ने नवंबर, 2025 में नयी दिल्ली में अपना पहला कार्यालय खोला था। ओपनएआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सैम ऑल्टमैन कई अवसरों पर भारत को कंपनी के प्रमुख बाजारों में से एक बता चुके हैं। उन्होंने देश में कृत्रिम मेधा को तेजी से अपनाए जाने और पूरे प्रौद्योगिकी ढांचे में निवेश की प्रतिबद्धता की भी सराहना की है। सिंह 11 वर्षों तक उबर से जुड़े रहने के बाद ओपनएआई में शामिल हो रहे हैं। पिछले छह वर्षों से वह भारत और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे। इस दौरान उन्होंने भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका में कंपनी के यात्री परिवहन कारोबार का नेतृत्व किया और दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते ऐप आधारित परिवहन बाजारों में से एक में कंपनी के विस्तार का नेतृत्व किया। उन्होंने अगस्त, 2015 में उबर से जुड़ने के बाद विभिन्न जिम्मेदारियां निभाईं और 2020 में भारत एवं दक्षिण एशिया का अध्यक्ष नियुक्त किए गए। भारत में 2013 में ऐप आधारित यात्री परिवहन सेवा शुरू करने वाली उबर वर्तमान में 125 से अधिक शहरों में बाइक, ऑटो, कार और मेट्रो बुकिंग जैसी सेवाएं एक ही मंच के माध्यम से उपलब्ध करा रही है, जिसका प्रतिदिन लाखों लोग उपयोग करते हैं। पिछले महीने उबर के वैश्विक मुख्य कार्यपालक अधिकारी दारा खोसरोशाही ने भारत की यात्रा की थी। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्रियों और कंपनी के अधिकारियों से मुलाकात कर भारत के प्रति कंपनी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता दोहराई।

# सरल रणनीति से भारत को ऑस्ट्रेलिया पर जीत का भरोसा: शेफाली

एजेंसी

लंदन। भारत की विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कहा है कि महिला टी20 विश्व कप में टीम के करो या मरो जैसे अहम मुकाबले में खेल को सरल रखना ही ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को हराने की सबसे अच्छी रणनीति है। ग्रुप ए में सेमीफाइनल की दौड़ बेहद रोमांचक हो गई है। दक्षिण अफ्रीका के छह अंक हैं और वह बांग्लादेश से भिड़ेगी, जबकि भारत (छह अंक) का मुकाबला अजेय ऑस्ट्रेलिया (आठ अंक) से होगा। शेफाली ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया जैसी विश्व स्तरीय टीम के खिलाफ भारत का आत्मविश्वास मजबूत है। उन्होंने कहा, ‛‛हमने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में टी20 श्रृंखला जीती है, जिससे हमारा भरोसा मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा, ‛‛हम पिछले कई वर्षों से उनके खिलाफ खेल रहे हैं। हम उनके गेंदबाज़ों और रणनीतियों को जानते हैं। इसलिए हमें चीजों को सरल



रखना होगा और अपनी ताकत पर भरोसा करना होगा। ज्यादा सोचने से खेल मुश्किल हो जाता है। शेफाली ने कहा कि वह शुरुआती मैच में जरूरत से ज्यादा सोच रही थीं, लेकिन अब उन्होंने अपनी स्वाभाविक शैली पर लौटकर बेहतर प्रदर्शन किया है। पिछले तीन मैचों में दो अर्धशतक जड़ने वाली इस बल्लेबाज ने कहा, ''मैं अब हर गेंद को देखकर प्रतिक्रिया देती हूं, ज्यादा योजना नहीं बनाती। अगर बड़े शॉट नहीं लग रहे हों तो दौड़ कर रन चुराकर रन गति बनाए रखने की कोशिश करती हूं।

# कानूनी समीक्षा में एचडीएफसी बैंक को पूर्व चेयरमैन की चिंताओं को लेकर नहीं मिला कोई सबूत


एजेंसी

नयी दिल्ली। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने कहा है कि दो बाहरी विधि कंपनियों की एक स्वतंत्र कानूनी समीक्षा में पूर्व चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के अपने इस्तीफा पत्र या बाद के सार्वजनिक बयानों में जतायी गई चिंताओं को साबित करने वाला कोई सबूत नहीं मिला। बैंक ने कहा कि 24 मार्च को घोषित इस समीक्षा में यह जांच की गई कि क्या चक्रवर्ती ने जो चिंता जतायी उसका कोई सबूत है। इस बात का पता लगाया गया कि क्या उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कोई असहमति दर्ज कराई थी और क्या ऐसी किसी असहमति का समाधान किया गया था। चक्रवर्ती ने नैतिक चिंताओं का हवाला देते हुए देश के दूसरे सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया था। यह पहली बार था जब एचडीएफसी बैंक के किसी अंशकालिक चेयरमैन ने बीच में ही पद छोड़ दिया, जिससे बैंक के कामकाज पर चिंताएं उत्पन्न हुईं। चक्रवर्ती ने 17 मार्च के अपने इस्तीफ़े में कहा, ''मैंने पिछले दो वर्षों में बैंक के भीतर कुछ घटनाएं और जो तौर-तरीकों को देखा है, वह मेरे व्यक्तिगत मूल्यों और नैतिकता के अनुरूप नहीं हैं। यही मेरे उक्त निर्णय का आधार है। एचडीएफसी बैंक ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह समीक्षा विल्सन सोनसिनी गुडरिच एंड रोसाटी, पीसी और वाडिया गांधी एंड कंपनी ने तीन महीने में की है। इसमें कहा गया है कि विधि कंपनियों ने चक्रवर्ती के इस्तीफ़े से पहले के दो वर्षों में निदेशक मंडल और समिति की बैठकों के ब्योरे और एजेंडा पत्रों की समीक्षा की, हजारों दस्तावेजों की जांच की और समितियों के चेयरमैन, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी और वरिष्ठ कार्यकारियों समेत स्वतंत्र निदेशकों से पूछताछ की।

# जीआई टैग वाले रीवा सुंदरजा आम की पहली व्यावसायिक खेप भेजी गई यूएई

एजेंसी

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश के जीआई-टैग प्राप्त प्रसिद्ध रीवा सुंदरजा आम की पहली व्यावसायिक खेप संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को भेजी गई है। कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने इस निर्यात को सुगम बनाया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि एक मीट्रिक टन प्रीमियम गुणवत्ता वाले जीआई टैग प्राप्त प्रसिद्ध रीवा सुंदरजा आम यूएई को निर्यात किया गया है। इसके साथ ही आमों का पहला व्यावसायिक निर्यात संयुक्त अरब अमीरात के लिए शुरू हो गया है। मंत्रालय ने कहा कि जीआई-टैग वाले प्रसिद्ध रीवा सुंदरजा आमों की एक मीट्रिक टन की पहली कमर्शियल खेप 26 जून को मेसर्स सॉल्ट रेंज फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के जरिए





संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) भेजी गई। यह खास खेप रीवा सुंदरजा आम की अंतरराष्ट्रीय यात्रा की शुरुआत है, उम्मीद है कि इससे आने वाले सीज़न में नियमित निर्यात का रास्ता खुलेगा। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि इस व्यावसायिक निर्यात से रीवा इलाके के आम उत्पादकों को काफी आर्थिक फ़ायदा होने की उम्मीद है। जहां स्थानीय बाजार में रीवा के सुंदरजा आम की मौजूदा कीमत लगभग 100 से 110 रुपये प्रति किलोग्राम है। इसको एक्सपोर्टर ने इसे 150 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव से खरीदा। इस तरह 40 से 50 रुपये प्रति किलोग्राम का यह अतिरिक्त फ़ायदा सीधे किसानों को मिलता है, जो उत्पादकों को एक्सपोर्ट-ओरिएंटेड वैल्यू चेन से जोड़ने के आर्थिक लाभ को दिखाता है। मंत्रालय ने कहा कि इस पहल से रीवा के किसानों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच मिलेगी, जिससे रीवा के आम उत्पादकों को लाभ मिलेगा और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत के विशिष्ट कृषि उत्पादों को नई पहचान मिलेगी। मंत्रालय ने कहा कि ग्लोबल मार्केट में भारत के खास कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में यह एक अहम कदम है। इस सफल एक्सपोर्ट ने अंतरराष्ट्रीय बाजारों में क्षेत्र-विशेष के कृषि उत्पादों की अलग पहचान बनाने में जियोग्राफिकल इंडिकेशन (जीआई) रजिस्ट्रेशन के महत्व को उजागर किया।

अमित शाह ने गांधीनगर में 'भारत टैक्सी' सेवा का किया शुभारंभ, कहा–

# दो साल में 500 शहरों और गांवों तक पहुंचेगी सेवा

एजेंसी

गांधीनगर। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अमित शाह ने शनिवार को गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में सहकारी मॉडल आधारित 'भारत टैक्सी' सेवा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि दो वर्ष में यह सेवा 500 शहरों और गांवों तक पहुंचेगी। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान वडोदरा, अहमदाबाद, राजकोट और सूरत एयरपोर्ट सहित कई सरकारी संस्थानों के साथ विभिन्न एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए गए।

अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि भारत टैक्सी का उद्देश्य यात्रियों और ड्राइवरों दोनों का शोषण रोकना है। उन्होंने बताया कि यह सेवा सहकारी मॉडल पर आधारित है, जिसमें ड्राइवर केवल वाहन चालक नहीं बल्कि संस्था के भागीदार और मालिक भी होंगे। उन्होंने कहा कि अगले दो



वर्षों में भारत टैक्सी सेवा को देश के 500 छोटे-बड़े शहरों और गांवों तक विस्तार दिया जाएगा, जहां दोपहिया और चारपहिया दोनों प्रकार की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि निजी ऐप आधारित टैक्सी सेवाओं में अत्यधिक कमीशन, नए ड्राइवरों का पंजीकरण बंद करने और भुगतान में देरी जैसी शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इन्हीं समस्याओं के समाधान के लिए भारत टैक्सी की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि इस मॉडल में चालक को 'सारथी' कहा जाएगा, जो सेवा देने के साथ-साथ सहकारी संस्था का मालिक भी होगा। उन्होंने बताया कि भारत टैक्सी के तीन प्रमुख उद्देश्य हैं–सारथियों और ग्राहकों का शोषण रोकना, सारथियों को सम्मान एवं स्वामित्व देना तथा सुरक्षित और समृद्ध परिवहन व्यवस्था विकसित करना। वर्तमान में देशभर में 7 लाख से अधिक सारथी इस सहकारी संस्था से जुड़े हैं और 37 लाख से अधिक लोग इस सेवा का लाभ उठा चुके हैं। अमित शाह ने यह भी कहा कि कुछ लोग भारत टैक्सी के किराए को लेकर भ्रम फैला रहे हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि इसके किराए प्रतिस्पर्धी हैं। उन्होंने दावा किया कि भारत टैक्सी के शुरू होने के बाद निजी कंपनियों ने भी अपने किराए कम करना शुरू कर दिया है। भविष्य में सारथियों को ऋण, बीमा और व्यवसाय विस्तार जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि सहकारिता गुजरात की पहचान है और भारत टैक्सी केवल एक नई परिवहन सेवा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने वाली महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने विश्वास जताया कि सहकारी भावना के कारण गुजरात में यह मॉडल सबसे अधिक सफल होगा। उन्होंने कहा कि अब तक निजी कंपनियों में निश्चित आय पर काम करने वाले ड्राइवर सहकारी व्यवस्था के तहत लाभ में भी भागीदार बनेंगे। उल्लेखनीय है कि अमित शाह 27 और 28 जून को अपने दो दिवसीय गांधीनगर संसदीय क्षेत्र के दौरे पर हैं। इस दौरान वे करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे तथा संगठन और प्रशासन के साथ विभिन्न समीक्षा बैठकों में भी भाग लेंगे।

## गाजा की स्थिति पर सरकार की चुप्पी हैरान करने वाली है: सोनिया गांधी

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा है कि गाजा पर हो रहे हमलों के खिलाफ पूरी दुनिया लगातार आवाज उठा रही है, लेकिन भारत सरकार इस मुद्दे पर चुप्पी साधे है, जो हैरान करने वाली है। श्रीमती गांधी के शनिवार को एक अंग्रेजी दैनिक में इस विषय पर प्रकाशित लेख का समर्थन करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि सरकार की मौजूदा विदेश नीति ने भारत को अपने पारंपरिक सहयोगियों फलस्तीन, ईरान तथा पश्चिम एशिया के देशों से दूर कर दिया है और भारत वैश्विक जनमत से भी अलग-थलग पड़ता जा रहा है। श्री खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि श्रीमती गांधी का लेख मोदी सरकार की चुप्पी और निष्क्रियता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि फलस्तीनी भाइयों-बहनों, विशेषकर बच्चों, पर हो रहे हमलों के बीच भारत की चुप्पी न तो नैतिक रूप से उचित है और न ही तर्कसंगत। हमारी राष्ट्रीय भावना फलस्तीन के लोगों के साथ खड़े होने की मांग करती है, जबकि राष्ट्रीय हित भी यह अपेक्षा करता है कि भारत गाजा में इजरायली कार्रवाई तथा पश्चिमी तट में लाखों फलस्तीनी परिवारों के विस्थापन के खिलाफ उभर रहे वैश्विक जनमत के अनुरूप स्पष्ट राय रखे। श्री राहुल गांधी ने भी श्रीमती गांधी के लेख का समर्थन करते हुए कहा कि भारत इस मामले में लगातार रणनीतिक दायरे से खिसकता जा रहा है, जबकि दुनिया का बड़ा हिस्सा इस मुद्दे पर इजरायल से दूरी बना रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इजरायल यात्रा इतिहास में एक हैरान करने वाले रणनीतिक निर्णय के रूप में दर्ज होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्र की मूल भावना यह है कि फलस्तीनी भाइयों-बहनों और उनके उन बच्चों के पक्ष में आवाज उठायी जाये, जो इस संघर्ष में बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि श्रीमती गांधी ने अपने लेख के माध्यम से भारत से स्वतंत्र विदेश नीति की परंपरा को पुनर्जीवित करने, मानवीय मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और गाजा के मुद्दे पर नैतिक स्पष्टता के साथ अपनी बात रखने का आह्वान किया है।

## गाजा पर भारत की नीति संतुलित, कांग्रेस कर रही वोट बैंक की राजनीति : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को गाजा संघर्ष पर केंद्र सरकार की ''चुप्पी और निष्क्रियता'' संबंधी कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के लेख पर पलटवार करते हुए उन पर भारत के रुख को लेकर ''लोगों को गुमराह करने और वास्तविक सच्चाई छिपाने'' का प्रयास करने का आरोप लगाया। सत्तारूढ़ पार्टी ने कहा कि भारत ने गाजा और फलस्तीन के मुद्दे पर लगातार अपना रुख स्पष्ट किया है, मानवीय सहायता उपलब्ध करायी है और युद्धविराम की मांग वाले संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के पक्ष में मतदान किया है। भाजपा की यह प्रतिक्रिया 'द इंडियन एक्सप्रेस' में शनिवार को प्रकाशित सोनिया गांधी के उस लेख के बाद आयी, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि ''इजराइल द्वारा गाजा में किए जा रहे नरसंहार पर मोदी सरकार की चुप्पी और निष्क्रियता न केवल नैतिक रूप से निंदनीय है'', बल्कि ''राष्ट्रीय हित के दृष्टिकोण से भी समझ से परे है।

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने दावा किया कि भारत ने खुद को अपने पारंपरिक सहयोगियों फलस्तीन, ईरान और वृहद पश्चिम एशिया से अलग-थलग कर लिया है, वैश्विक जनमत से दूरी बना ली है और पाकिस्तान को मध्यस्थ की भूमिका निभाने का अवसर दे दिया है। सोनिया गांधी के लेख पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि इससे एक बार फिर साबित हो गया कि कांग्रेस के लिए ''विदेश नीति'' से अधिक ''वोट बैंक की राजनीति'' महत्वपूर्ण है। उन्होंने एक वीडियो बयान में कहा, ''सोनिया गांधी अपने लेख के माध्यम से लोगों को गुमराह करने और वास्तविक सच्चाई छिपाने की कोशिश कर रही हैं। सच्चाई यह है कि भारत ने गाजा और फलस्तीन के मुद्दे पर कई अवसरों पर अपना स्पष्ट रुख रखा है और ठोस मानवीय सहायता भी उपलब्ध कराई है। पूनावाला ने कहा कि युद्धविराम संबंधी संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के समर्थन में भारत का रुख स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फलस्तीन का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भी प्रदान किया जा चुका है। प्रधानमंत्री की कूटनीतिक पहल का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी वैश्विक संघर्षों में आमने-सामने खड़े देशों के साथ भी समान रूप से संबंध बनाए रखने में सफल रहे हैं। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी ही ऐसे नेता हैं, जिन्होंने एक साथ इजराइल और फलस्तीन, अमेरिका और रूस तथा यूक्रेन और पश्चिमी देशों और ईरान, सभी के साथ संवाद बनाए रखा है।

## एमएसएमई 'विकसित भारत 2047' की रीढ़, गुणवत्ता से समझौता नहीं : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली। उप-राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) 'विकसित भारत 2047' की दिशा में भारत की यात्रा की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक प्रगति में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 'एमएसएमई दिवस 2026 उद्यमी भारत' समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने इस अवसर पर अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि गुणवत्ता से कभी समझौता नहीं किया जा सकता। सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम की लंबी अवधि की



सफलता के लिए इनोवेशन, टेक्नोलॉजी को अपनाना और लगातार सीखते रहना जरूरी है। उन्होंने उद्यमियों से आग्रह किया कि वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को खतरे के बजाय विकास के एक अवसर के रूप में अपनाएं। अपनी उद्यमिता यात्रा के बारे में बताते हुए उप-राष्ट्रपति ने याद किया कि कैसे उन्होंने ग्रेजुएशन के बाद अपने पिता की आर्थिक मदद से कपड़ों का एक छोटा सा कारोबार शुरू किया था। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में आने से पहले लगन, लगातार सीखते रहने और कड़ी मेहनत की बदौलत ही वे निटवियर निर्यात का एक बड़ा कारोबार खड़ा किया। युवा उद्यमियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्होंने उनसे कहा कि वे शुरुआती चुनौतियों से निराश न हों, बल्कि अपने चुने हुए क्षेत्र में महारत हासिल करने पर ध्यान दें। उपराष्ट्रपति ने इस अवसर पर पूरे भारत में एमएसएमई को सशक्त बनाने के उद्देश्य से परिवर्तनकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म, पोर्टल और प्रकाशनों की एक श्रृंखला शुरू की। इनमें पीएमईजीपी 2.0 पोर्टल, समाधान 2.0 पोर्टल, पीएमएस पोर्टल, एमएसएमई ग्लोबल मार्ट 2.0 पोर्टल, एमएसएमई टेस्टिंग पोर्टल और एमएसएमई आइडिया हैकथॉन 6.0 शामिल हैं। इस कार्यक्रम में केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी, एमएसएमई राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे, खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष मनोज कुतार और मंत्रालय तथा इसके संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इसके अलावा एमएसएमई इकोसिस्टम से जुड़े नीति-निर्माता, उद्योग जगत के दिग्गज, महिला उद्यमी, वित्तीय संस्थान, शिक्षाविद और अन्य प्रमुख हितधारक भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

## सेना प्रमुख ने सैनिकों से सतर्क और अभियान के लिए तैयार रहने का आह्वान किया, पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

एजेंसी

श्रीनगर। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने लद्दाख में 'फायर एंड फ्यूरी कोर' की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सैनिकों से उभरती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए सतर्क और अभियान के लिए हमेशा तैयार रहने का आह्वान किया। इस मौके पर उन्होंने पांच पूर्व सैनिकों को सम्मानित भी किया। सेना ने बताया कि जनरल द्विवेदी को मौजूदा सुरक्षा स्थिति, परिचालन तैयारियों, बुनियादी ढांचे के विकास तथा निगरानी, गतिशीलता और एकीकृत परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए चल रहे प्रयासों की जानकारी दी गयी। सेना के अपर जनसूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जनरल द्विवेदी ने लेह स्थित 'फायर एंड फ्यूरी कोर' के मुख्यालय का दौरा किया और लद्दाख में इसकी परिचालन तैयारियों, युद्ध तैयारी और क्षमता विकास की समीक्षा की। पोस्ट में कहा गया कि सेना प्रमुख (सीओएएस) को मौजूदा सुरक्षा स्थिति, बुनियादी ढांचे के विकास और निगरानी और गतिशीलता बढ़ाने की पहलों से अवगत कराया गया। एडीजीपीआई ने कहा कि इस दौरे के दौरान सेना प्रमुख ने दुनिया के सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में से एक में काम करने वाले कोर के सभी रैंकों के असाधारण पेशेवर रुख, अटूट समर्पण और दृढ़ प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने सैनिकों को हमेशा मिशन पर ध्यान केंद्रित रखने, परिचालन रूप से फुर्तीला रहने और उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। इससे पहले जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पांच पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। सेवानिवृत्त कर्नल तोंडुप वांगैल, मेजर रिनचेन डोलमा कोल्टो, सूबेदार मेजर मानद कैप्टन सोनम मोरुत, सूबेदार मेजर मानद कैप्टन ताशी छेपाल (वीर चक्र) और नायक गुलाम हैदर को पूर्व सैनिकों तथा समाज कल्याण के लिए उनकी समर्पित सेवा और निरंतर प्रयासों के लिए 'वेटरन्स अचीवर्स अवार्ड्स' प्रदान किये गये।

## राम मंदिर ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं की आस्था से किया खिलवाड़ : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से जुड़े मामलों में शुरू से ही अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आते रहे हैं, लेकिन अब चढ़ावे और चंदे की चोरी का खुलासा होने से करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर गंभीर आघात हुआ है।

कांग्रेस प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि श्री राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण के लिए गठित ट्रस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पसंदीदा लोगों को शामिल किया गया। ट्रस्ट ने वित्तीय जांच-पड़ताल के लिए एजेंसियां नियुक्त की थीं, जिन्होंने कई सुझाव दिये, लेकिन ट्रस्ट ने उन्हें नजरअंदाज कर दिया। उनका कहना था कि जब कथित चोरी के मामलों का खुलासा होने लगा और मंदिर के कैश काउंटिंग एजेंट महिपाल सिंह ने कई तथ्य सार्वजनिक किये तो उन्हें पद से हटा दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बाद जैसे-जैसे और खुलासे होने लगे, मंदिर परिसर से सीसीटीवी कैमरे हटा दिये गये और उनकी रिकॉर्डिंग डिलीट कर दी गयी। विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट के बाद कुछ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी, लेकिन उसमें केवल छोटे कर्मचारियों के नाम शामिल किये गये। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा के इस्तीफ़े की खबरें हैं, हालांकि बाद में कहा गया कि ऐसा कुछ नहीं हुआ है। श्री सिंह ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि पर निर्माण कार्य शुरू होने के साथ ही भूमि खरीद में भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। सरकार ने जांच कराने की बात कही थी, लेकिन उस जांच का परिणाम आज तक सामने नहीं आया। इसके बाद मंदिर निर्माण में भ्रष्टाचार और अब चढ़ावे की चोरी के आरोप सामने आये हैं।

उन्होंने कहा कि शुरुआत में चंपत राय ने दावा किया था कि कोई उल्लेखनीय गड़बड़ी नहीं हुई है, लेकिन जैसे-जैसे मामले की परतें खुलती गयीं, ट्रस्ट के ही एक वरिष्ठ सदस्य ने इसे भ्रष्टाचार नहीं बल्कि 'डाका' बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि करोड़ों भारतीयों ने भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण के लिए श्रद्धा और विश्वास के साथ दान दिया, लेकिन ट्रस्ट से जुड़े लोगों ने श्रद्धालुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया और जमकर लूट की। कांग्रेस ने कहा कि वह पहले से ही ट्रस्ट की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाती रही है, लेकिन उसकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया गया।

## ट्रंप ने टेक टैक्स को लेकर यूरोपीय देशों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की दी धमकी

एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी दिग्गज टेक कंपनियों पर डिजिटल सेवा कर लगाने वाले किसी भी यूरोपीय देश के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार कर लिया है।

श्री ट्रंप ने चेतावनी दी है कि ऐसे देशों से अमेरिका आने वाले तमाम सामान पर तत्काल 100 प्रतिशत का दंडात्मक आयात शुल्क लगाया जायेगा। 'ट्रुथ सोशल' पर उन्होंने साफ किया कि यह दंडात्मक कार्रवाई तुरंत लागू होगी और दोनों देशों के बीच पहले से मौजूद सभी द्विपक्षीय व्यापार समझौतों को पूरी तरह निष्प्रभावी कर देगी। यह विवाद मुख्य रूप से एप्पल, गूगल, मेटा और अमेजन जैसी प्रमुख अमेरिकी कंपनियों को निशाना बनाकर लगाये जाने वाले करों को लेकर है। श्री ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब कई यूरोपीय देश इस तरह का टैक्स लगाने या उसकी तैयारी करने के बेहद करीब हैं। ब्रिटेन में साल 2020 से ही दो प्रतिशत का डिजिटल सेवा कर लागू है, जिससे ब्रिटिश राजकोष को साल 2024-25 में 80 करोड़ पाउंड (लगभग 8,800 करोड़ रुपये) से अधिक का राजस्व मिला है। इस कर के दायरे में वे टेक कंपनियां आती हैं, जिनका वैश्विक राजस्व 50 करोड़ पाउंड से अधिक है।

इसके अलावा फ्रांस, इटली और स्पेन में भी बड़ी कंपनियों पर तीन प्रतिशत का डिजिटल सेवा कर लागू है। श्री ट्रंप की इस खुली धमकी के बाद अमेरिका और यूरोपीय देशों के बीच बड़े 'व्यापार युद्ध' की आशंका गहरा गयी है, वो भी तब जब दोनों पक्षों ने हाल ही में एक नये व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति के इस तीखे बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए यूरोपीय आयोग ने कहा है कि यूरोपीय संघ (ईयू) और उसके सदस्य देशों के पास अपनी सीमाओं के भीतर आर्थिक गतिविधियों को विनियमित करने का संप्रभु अधिकार है।

## पेज एक का शेष

### जेवर बनेगा...

होने वाला है। एमएसएमई, लॉजिस्टिक और सहायक उद्योगों के साथ-साथ इंजीनियरों व टेक्नीशियनों को भी एक नए फील्ड में कार्य करने के अवसर प्राप्त होंगे। उत्तर प्रदेश के युवाओं को ग्रीन इकोनॉमी का नेतृत्व करने का भी अवसर इसके माध्यम से प्राप्त होने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी हम इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग की नई यूनिट का शिलान्यास करके आए हैं, जिसे भारत का अंबर ग्रुप व कोरिया सर्किट मिलकर आगे बढ़ा रहे हैं। यहां फिल्म सिटी व अपैरल सिटी भी बन रही है। विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय भी आ रहे हैं। टॉय पार्क भी बनने जा रहा है। भारत के सबसे बड़े लॉजिस्टिक हब के रूप में यह क्षेत्र विकसित होने जा रहा है। हमें पीएम मोदी जी के विजन को पूरे प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाना है। इस अवसर पर वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह, एसएईएल के डायरेक्टर सुखबीर सिंह, एसएईएल के सीईओ एवं कार्यकारी निदेशक लक्षित आवला, एसएईएल के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर जसवीर सिंह और यीडा समेत अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। एसएईएल कंपनी के मुताबिक इस परियोजना से 20 हजार प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इससे औद्योगिक गतिविधियों, सहायक उद्योगों और बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। निर्माण पूरा होने पर यहां अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए उच्च दक्षता वाले सोलर सेल और टॉपकॉन सोलर मॉड्यूल्स का निर्माण किया जाएगा, जिससे भारत में तेजी से बढ़ती अक्षय ऊर्जा क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलेगी। एसएईएल के सह-संस्थापक एवं निदेशक सुखबीर सिंह ने कहा कि कंपनी 8,200 करोड़ रुपये के प्रारंभिक निवेश से 5 गीगावाट सोलर सेल और 5 गीगावाट सोलर मॉड्यूल निर्माण सुविधा स्थापित कर रही है। यह केवल बुनियादी ढांचे में निवेश नहीं है, बल्कि भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण निवेश है। राज्य वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कंपनी 2029-30 तक अपना निवेश बढ़ाकर 20 हजार करोड़ रुपये तक पहुंचाएगी।

### सेशेल्स भारत...

को और मजबूत बनाएगी। वर्ष 2015 के बाद प्रधानमंत्री मोदी की सेशेल्स की पहली आधिकारिक यात्रा है। प्रधानमंत्री जैसे ही सेशेल्स पहुंचे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी ने स्वागत किया। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पैट्रिक के साथ कार में नेशनल बोटैनिकल गार्डेन का दौरा किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और सेशेल्स के संबंधों को नए आयाम पर पहुंचाने के तौर तरीकों पर मंथन किया। यात्रा के दौरान दोनों नेताओं ने कई क्षेत्रों को लेकर विस्तृत बातचीत की। सेशेल्स पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय लोगों से मुलाकात की। एयरपोर्ट के बाहर हाथ में तिरंगा लिए लोग लोग खुशी से भारत और प्रधानमंत्री मोदी के जयकारे लगाते नजर आए। भारतीयों के एक समूह ने प्रधानमंत्री मोदी के लिए कच्छ का लोक नृत्य पेश किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा कि भारतीय समुदाय द्वारा मिले स्नेह से मैं अभिभूत हूं।

### तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट ने क...

आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है और कुछ आरोपियों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। ट्रस्ट ने आरोप लगाया कि कुछ तत्व इस प्रकरण के माध्यम से सनातन आस्था को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरि ने विश्वास व्यक्त किया कि अंततः सत्य सामने आएगा और सभी भ्रांतियां दूर हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति पूर्ववत बनी रहेगी। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से राम मंदिर के दानपात्र और प्रसाद व्यवस्था में कथित अनियमितताओं को लेकर विवाद चल रहा है। विपक्ष द्वारा इस मुद्दे को उठाए जाने के बाद राज्य सरकार ने एसआईटी जांच के आदेश दिए थे। अंतरिम जांच रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिकी दर्ज होने और कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी के बीच ट्रस्ट के दो वरिष्ठ पदाधिकारियों के इस्तीफों ने इस पूरे घटनाक्रम को नया मोड़ दे दिया है।

### दिल्ली–उत्तराखंड...

जांच शुरू कर दी है। इससे पहले भी जनवरी में, गणतंत्र दिवस से पहले खुफिया एजेंसियों ने इसी तरह का अलर्ट जारी किया था। फरवरी में भी राष्ट्रीय राजधानी में एक खुफिया अलर्ट जारी किया गया था। उस दौरान इनपुट मिले थे कि लाल किले के आसपास आतंकी खतरा हो सकता है और आतंकवादी चांदनी चौक क्षेत्र के किसी मंदिर को निशाना बना सकते हैं।

### बिल्डर संदीप सिंह...

गोली लगने से घायल हो गया। उसे तत्काल डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। एसटीएफ ने घटनास्थल से एक .30 बोर पिस्टल, एक .30 बोर कार्बाइन, बिना नंबर की मोटरसाइकिल तथा एक बैग बरामद किया है। एसटीएफ के अनुसार मृतक संजीव कुमार उर्फ संजय उर्फ संजू अंबेडकरनगर का निवासी था और दिलीप वर्मा तथा खान मुबारक गिरोह का सक्रिय सदस्य एवं शार्प शूटर था। उसके विरुद्ध अंबेडकरनगर, अयोध्या, बस्ती, गोंडा तथा लखनऊ समेत विभिन्न जनपदों में हत्या, लूट, डकैती और अन्य गंभीर अपराधों के एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज थे। पुलिस का दावा है कि वर्ष 2011 में कई संगीन वारदातों में शामिल रहने के बाद वह जेल गया था और वर्ष 2023 में रिहा होने के बाद फिर से सक्रिय होकर सुपारी लेकर हत्याएं करने लगा था।

### आयुष्मान के पात्रों की...

पर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे मामलों का सत्यापन कर सही स्थिति दर्ज करना जरूरी है, ताकि वास्तविक पात्र परिवारों तक योजना का लाभ पहुंचाया जा सके। साचीज द्वारा मामलों को चिन्हित करने के लिए बेनिफिशियरी डाटा मैनेजमेंट पोर्टल विकसित किया गया है। पोर्टल के माध्यम से लाभार्थियों के डाटा में आवश्यक संशोधन की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन की जाएगी। नई व्यवस्था के तहत ब्लॉक स्तर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी पात्र लाभार्थियों के रिकॉर्ड का सत्यापन करेंगे और नियमानुसार आवश्यक संशोधन का प्रस्ताव पोर्टल पर अपलोड करेंगे। इसके बाद संबंधित जनपद के सीएमओ प्रस्ताव की जांच कर अपनी संस्तुति देंगे। सीएमओ की स्वीकृति के बाद यह प्रस्ताव विभाग से होते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण को अंतिम अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा।

### अमेरिकी हमलों ...

हालांकि, गुरुवार को ईरान ने ओमान के तट के पास फारस की खाड़ी से बाहर निकलने की कोशिश करते समय एक पोत पर हमला किया था। ये हमले इस बात का संकेत हैं कि ईरान युद्ध के फिर से नियंत्रण से बाहर होने का खतरा बना हुआ है, जबकि ईरान और अमेरिका संघर्ष समाप्त करने के लिए अंतिम समझौते तक पहुंचने के उद्देश्य से एक अंतरिम समझौते पर पहले ही सहमत हो चुके हैं।

### इजरायल और...

लेबनानी सशस्त्र बलों के प्रयासों से यह महत्वपूर्ण उपलब्धि संभव हो सकी। अमेरिका में इजरायल के राजदूत येचिएल लाइटर ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उनकी टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में शांति और सुरक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक प्रक्रिया आगे बढ़ी है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले ऐसा लग रहा था कि ईरान और उसके समर्थक इस प्रक्रिया को विफल करना चाहते हैं, लेकिन अमेरिका की पहल से वार्ता फिर सही दिशा में लौट आई।

# केंद्रीय स्वास्थ्य परिषद की 16वीं बैठक 29 जून को, नड्डा करेंगे अध्यक्षता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय 29 जून को विज्ञान भवन में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण परिषद (सीसीएचएफडब्ल्यू) की 16वीं बैठक आयोजित करेगा। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा करेंगे। इस दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल और प्रतापराव जाधव भी मौजूद रहेंगे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को जानकारी दी कि बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, सांसद, केंद्र और राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी, गैर-सरकारी सदस्य तथा स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल होंगे। सम्मेलन का उद्देश्य स्वास्थ्य क्षेत्र में केंद्र




और राज्यों के बीच समन्वय को मजबूत करना तथा अहम नीतिगत मुद्दों पर व्यापक चर्चा करना है। सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के एसडीजी लक्ष्य एवं प्राथमिकताएं, खाद्य एवं औषधि सुधार तथा सहायक स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विषयों पर मंथन होगा। साथ ही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, राज्यों की बेहतर कार्यप्रणालियों को साझा करने, नई चुनौतियों की पहचान करने और देशभर में स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बनाने के लिए साझा रणनीति तैयार करने पर भी चर्चा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण परिषद का गठन संविधान के अनुच्छेद 263 के तहत किया गया है। यह परिषद स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की सर्वोच्च सलाहकार संस्था है, जो चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य से संबंधित नीतियों और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा कर राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह सम्मेलन स्वास्थ्य क्षेत्र में सहकारी संघवाद को मजबूत करने और केंद्र-राज्य के बीच बेहतर तालमेल के माध्यम से जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# पंजाब में एक जुलाई से लागू होगी विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन योजना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**■ विधानसभा में निंदा प्रस्ताव पारित करने के बावजूद एक जुलाई से लागू होगी योजना**

चंडीगढ़। राजनीतिक विरोध के बावजूद पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार ने केंद्र सरकार की विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (वीबी-जीरामजी) योजना को राज्य में लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी है। शुक्रवार देर रात जारी अधिसूचना शनिवार को संबंधित विभागीय अधिकारियों को भेज दी गई। यह योजना एक जुलाई से पूरे राज्य के अधिसूचित ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होगी।केंद्र सरकार द्वारा जब यह योजना लागू की गई तो पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इसका खुलकर विरोध किया था। यही नहीं पंजाब सरकार ने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर केंद्र सरकार के विरूद्ध निंदा प्रस्ताव भी पारित किया था। इसके बावजूद अब राज्य में इसे लागू कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण अधिनियम लागू किया है। इस कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के रोजगार की गारंटी देने का प्रावधान किया गया है। विधेयक पिछले वर्ष दिसंबर में संसद से पारित होने के बाद राष्ट्रपति की मंजूरी प्राप्त कर चुका है। पंजाब सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार इस स्कीम का उद्देश्य पंजाब के ग्रामीण विकास ढांचे को 'विकसित भारत-2047' के राष्ट्रीय विज़न के साथ जोड़ना है। इसके तहत, उन ग्रामीण परिवारों को हर वित्त वर्ष में 125 दिनों के लिए बेहतर कानूनी मज़दूरी-आधारित रोजग़ार की गारंटी दी जाएगी, जिनके वयस्क सदस्य बिना हुनर वाले शारीरिक काम के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं। गजट नोटिफिकेशन के अनुसार, पंजाब में बीबी-जी राम जी स्कीम 1 जुलाई से लागू होगी और राज्य के सभी नोटिफाइड ग्रामीण इलाकों में प्रभावी होगी। पंजाब के राज्यपाल ने सेंट्रल एक्ट की धारा 3(1) के तहत इस स्कीम को नोटिफाई किया है। ग्रामीण विकास और पंचायत विभाग द्वारा जारी अधिसूचना पर प्रशासनिक सचिव अजीत बाला जी जोशी के हस्ताक्षर हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर रेखा गुप्ता नायब सैनी समेत कई नेताओं ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) दिवस के अवसर पर शनिवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित कई नेताओं ने देशभर के उद्यमियों, स्टार्टअप्स, कारीगरों और श्रमिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए एमएसएमई क्षेत्र को देश की अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव बताया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में कहा कि एमएसएमई क्षेत्र रोजगार सृजन, नवाचार एवं विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे प्रयास भारत की आर्थिक प्रगति और आत्मनिर्भरता को नई गति दे रहे हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के सभी उद्यमियों, स्टार्टअप्स, कारीगरों और श्रमिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एमएसएमई क्षेत्र नवाचार, आत्मनिर्भरता और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने विकसित हरियाणा और विकसित भारत के निर्माण में उद्यमिता को बढ़ावा देने का आह्वान किया। दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, परिवहन एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था की आधारशिला है, जो स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने, नवाचार को प्रोत्साहित करने और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने भी एमएसएमई दिवस पर देशभर के उद्यमियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लागू की गई नीतियों और सुधारों ने लाखों उद्यमियों को नई उड़ान दी है। एक मजबूत एमएसएमई क्षेत्र ही समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति बनेगा।

### बर्थडे पर निकले इवेंट मैनेजर की थार की टक्कर से मौत, आरोपित चालक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के रजोकरी फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार थार की टक्कर से बाइक सवार 34 वर्षीय इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के कर्मचारी की मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने सीसीटीवी और तकनीकी जांच के आधार पर थार को ट्रेस कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वाहन भी जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार, 25 जून को वसंत कुंज साउथ थाने में पीसीआर कॉल मिली कि एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी है, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पीसीआर द्वारा इंडियन स्पाइनल इंजरी सेंटर, वसंत कुंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में मृतक की पहचान सार्थक मट्टू (34) के रूप में हुई। वह गुरुग्राम के रहने वाले थे। वह गुरुग्राम स्थित एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी में कार्यरत थे। शनिवार को उनका बर्थ डे था। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम सफदरजंग अस्पताल में कराया और बाद में शव परिजनों को सौंप दिया। जांच के दौरान पुलिस ने दुर्घटना में शामिल महिंद्रा थार को ट्रेस किया। जांच में पता चला कि वाहन बेंगलुरु की एक निजी कंपनी के नाम पर पंजीकृत है और उसे कंपनी के कर्मचारी बिहार निवासी सागर साहा (29) को लीज पर दिया गया था। सागर साहा बेंगलुरु में तैनात है। पूछताछ में सागर साहा ने बताया कि हादसे के समय थार उसका दोस्त अपूर्व सिंह (30) चला रहा था। अपूर्व एक निजी कंपनी में कार्यरत है और वर्तमान में गुरुग्राम में रह रहा है। हादसे के समय सागर साहा आगे की सीट पर बैठा हुआ था। पुलिस ने आरोपित चालक अपूर्व सिंह को गिरफ्तार कर उसका मेडिकल परीक्षण सफदरजंग अस्पताल में कराया। दुर्घटनाग्रस्त थार को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

### व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है पुलिस

**भागलपुर।** भागलपुर एसएसपी कार्यालय के हवाले से शनिवार को बताया गया कि सोशल मीडिया एवं विभिन्न स्थानीय समाचार पोर्टलों पर भागलपुर के घंटाघर के समीप मुहर्रम जुलूस के दौरान हुई घटना को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किया जा रहा है। इस संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि घंटाघर के समीप दो मुहर्रम जुलूस के आगे-पीछे होकर गुजरने (ओवरटेक करने) के दौरान कुछ लोगों के बीच हल्का विवाद एवं कहासुनी की स्थिति उत्पन्न हुई थी। इसी क्रम में आपसी विवाद के दौरान एक व्यक्ति द्वारा वहां लगे साउंड सिस्टम पर डंडा मारने का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। तथापि, इस घटना में किसी भी व्यक्ति के साथ मारपीट नहीं हुई है तथा किसी को कोई चोट नहीं आई है। मौके पर पहले से तैनात पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल ने तत्परता एवं सतर्कता का परिचय देते हुए तत्काल स्थिति को नियंत्रित कर लिया, जिसके फलस्वरूप दोनों जुलूस शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में अपने-अपने निर्धारित मार्ग से आगे बढ़े। घटना के कारण कहीं भी विधि-व्यवस्था की कोई समस्या उत्पन्न नहीं हुई तथा स्थिति पूरी तरह सामान्य रही। उल्लेखनीय है कि वरीय पुलिस अधीक्षक, भागलपुर के निर्देशानुसार मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिसभी संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है। सभी वरीय पदाधिकारी लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। भागलपुर पुलिस द्वारा पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### खान सर की गिरफ्तारी पर 30 जून तक रोक

**पटना।** राजधानी के पटना सिविल कोर्ट में खान ग्लोबल स्टडीज के संचालक फैजल खान उर्फ खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर शनिवार को सुनवाई हुई। इस दौरान कदमकुआं थाना पुलिस ने मामले से जुड़ी अपडेटेड केस डायरी अदालत के समक्ष सबमिट कर दी है। कोर्ट ने केस डायरी का अध्ययन करने के लिए तीन दिनों का समय दिया है। अब इसकी अगली सुनवाई 30 जून को होगी, तब तक खान सर की गिरफ्तारी पर रोक लगी रहेगी। सुनवाई के दौरान खान सर के पक्ष की ओर से अदालत से आग्रह किया गया कि मामले में लगातार समय बढ़ाया जा रहा है और आज ही बहस पूरी कर निर्णय लिया जाए। हालांकि, लोक अभियोजक तथा शिकायतकर्ता पक्ष की ओर से इसका विरोध किया गया। उनका कहना था कि पुलिस द्वारा दाखिल की गई नई केस डायरी और दस्तावेजों का अध्ययन करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए।

# महिलाओं को टक्कर मारकर बनाता था वीडियो, सोशल मीडिया पर वायरल कर कमाता था पैसा, 'रोड सेफ्टी वाला' गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर 'रोड सेफ्टी वाला' नाम से महिलाओं और नाबालिग लड़कियों को निशाना बनाकर वीडियो बनाने वाले युवक को पश्चिमी जिला साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि वह सड़क पर महिलाओं और किशोरियों की स्कूटी या बाइक को जानबूझकर पीछे से टक्कर मारता था। इसके बाद उनका पीछा करते हुए अभद्र टिप्पणी करता, पूरी घटना का वीडियो रिकॉर्ड करता और बिना अनुमति फ़ेसबुक व यूट्यूब पर अपलोड कर उसे वायरल करता था। उसका मकसद सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाना, वीडियो वायरल करना और मोनेटाइजेशन के जरिए कमाई करना था। पश्चिमी जिले के पुलिस उपायुक्त हरेश्वर स्वामी ने शनिशार को बताया कि आरोपित के कब्जे से एक मोबाइल फोन बरामद किया है, जिसमें उसके सोशल




मीडिया अकाउंट, वीडियो, स्क्रीनशॉट और अन्य डिजिटल साक्ष्य मिले हैं। पुलिस ने उसके फ़ेसबुक और यूट्यूब अकाउंट हटाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है। पश्चिमी जिला पुलिस के अनुसार, दो जून 2026 को राजा गार्डन निवासी सनी अरोड़ा ने साइबर थाना पश्चिम में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि उनकी दो नाबालिग बेटियां स्कूटी से जा रही थीं। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने उनकी स्कूटी को जानबूझकर पीछे से टक्कर मार दी। इसके बाद दोनों युवकों ने उनका पीछा किया और रास्ते भर अभद्र टिप्पणियां करने के साथ गाली-गलौज भी की। कुछ दिनों बाद शिकायतकर्ता को पता चला कि उनकी बेटियों के वीडियो अध्द्वद्मद्गन्धद्ध्रन्धथद33 नाम के यूट्यूब चैनल और 'टधथद द्दथद्धद्गभ डथद्यथ' नाम के फ़ेसबुक पेज पर अपलोड किए गए हैं। इसके बाद साइबर थाना पश्चिम में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं और पॉक्सो अधिनियम के तहत एफआईआर संख्या 29/2026 दर्ज की गई। प्राथमिक जांच के दौरान पुलिस ने आरोपित के सोशल मीडिया अकाउंट खंगाले। जांच में सामने आया कि उसके अधिकांश वीडियो महिलाओं और नाबालिग लड़कियों को निशाना बनाकर बनाए गए थे। आरोप है कि वह सड़क पर अकेली चल रही महिला या लड़की की स्कूटी या बाइक को पीछे से हल्की टक्कर मारता था। घटना के तुरंत बाद वह ''सॉरी दीदी'' कहकर खुद को निर्दोष दिखाने की कोशिश करता, ताकि किसी को उस पर शक न हो।

## नदी में डूबने से दो बच्चियों की मौत, परिजन का रो-रोकर बुरा हाल

भागलपुर। जिले के घोघा थाना क्षेत्र स्थित कटरिया नदी में स्नान के दौरान डूबने से दो बच्चियों की मौत हो गई। घटना शनिवार सुबह करीब नौ बजे की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। गोताखोरों के करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों बच्चियों के शव नदी से बरामद किए गए। मृतक बच्चियों की पहचान आमापुर निवासी अनिल मंडल की 12 वर्षीय पुत्री प्रिया कुमारी तथा चार वर्षीय पुत्री पूजा कुमारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि संजू देवी अपनी दोनों बेटियों के साथ स्नान करने नदी में गई थीं। इसी दौरान तीनों गहरे पानी में डूबने लगीं। संजू देवी किसी तरह तैरकर बाहर निकलने में सफल रहीं, लेकिन दोनों बच्चियां नदी की तेज धारा में समा गईं। घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए।

# भारत-पाक सीमा पर तस्करों की नई चाल, ड्रोन की आवाज दबाने के लिए बजाते हैं तेज डीजे म्यूजिक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमृतसर। भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे इलाकों में तस्करी करने वाले नेटवर्क सुरक्षा एजेंसियों से बचने के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं। जांच में सामने आया है कि तस्कर ड्रोन के जरिए हथियारों और नशे की खेप गिराए जाने के दौरान तेज आवाज में डीजे म्यूजिक बजाते हैं, ताकि ड्रोन की आवाज और जमीन पर गिरने वाली खेप की आवाज दब जाए। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि भारतीय सीमा की तरफ सक्रिय तस्कर ड्रोन की भनभनाहट और खेप गिरने की आवाज को छिपाने के लिए हाई-वॉल्यूम म्यूजिक का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे सुरक्षा कर्मियों और स्थानीय लोगों के लिए ड्रोन गतिविधि का पता लगाना मुश्किल हो जाता है। सीमावर्ती इलाकों में हाल के दिनों में नशे और हथियारों की बड़ी बरामदगी के बीच यह नया ट्रेंड सामने आया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, तस्करी नेटवर्क लगातार अपने तौर-तरीकों में बदलाव कर रहे हैं, ताकि कानून प्रवर्तन एजेंसियों की नजर से बचा जा सके। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हाल की बरामदगियों से यह भी संकेत मिला है कि तस्कर अब बड़े ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। इन ड्रोन की क्षमता 10 से 15 किलो तक की खेप उठाने की होती है। इससे एक ही उड़ान में ज्यादा मात्रा में नशा, हथियार या नकदी पहुंचाई जा सकती है, जिससे ड्रोन उड़ानों की संख्या कम होती है और पकड़े जाने का खतरा भी घट जाता है। पिछले कुछ हफ्तों में हुई बड़ी बरामदगियां इसी बदलाव की ओर इशारा करती हैं। 19 जून को पंजाब पुलिस ने ऐके-47 राइफल सहित 26 अत्याधुनिक हथियार बरामद किए थे। इसके दो दिन बाद बीएसएफ और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने संयुक्त कार्रवाई में 27 किलो हेरोइन जब्त की थी। वहीं, 11 जून को अमृतसर सिटी पुलिस ने 30 किलो से अधिक हेरोइन बरामद की थी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक पहले छोटे ड्रोन का इस्तेमाल सीमित मात्रा में हेरोइन, पिस्टल या गोला-बारूद भेजने के लिए किया जाता था, क्योंकि उनकी आवाज कम होती थी। लेकिन हाल की घटनाओं से साफ है कि तस्कर अब बड़े ड्रोन के जरिए बड़ी खेप भेजने की कोशिश कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री श्री 1008 दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित वेदी प्रतिष्ठा समारोह हुईं शामिल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को पीतमपुरा स्थित श्री 1008 दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित वेदी प्रतिष्ठा समारोह एवं जिन बिम्ब स्थापना कार्यक्रम में शामिल हुईं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पूज्य महायोगी उपाध्याय श्री 108 गुप्तीसागर महाराज का सानिध्य और आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि जैन दर्शन का अहिंसा, सत्य, तप और संयम का संदेश मानवता को आत्मानुशासन, करुणा और सदाचार का मार्ग दिखाता है। यही शाश्वत मूल्य एक संवेदनशील, समरस और सशक्त समाज की आधारशिला हैं।

# राम घाट और कश्यप घाट पर चला विशेष स्वच्छता अभियान, श्रद्धालुओं से स्वच्छता बनाए रखने की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। तीर्थ नगरी हरिद्वार को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान लगातार जारी है। शनिवार को राम घाट एवं कश्यप घाट क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में आपदा प्रबंधन विभाग, आदर्श सेवा समिति, नगर निगम, डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स तथा गंगा सभा के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। अभियान के दौरान घाटों पर फैले कूड़ा-कचरे को एकत्र कर उसके उचित निस्तारण के लिए नगर निगम को सौंपा गया। प्रशासन का उद्देश्य गंगा स्नान और चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी




मीरा रावत ने श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों से अपील की कि तीर्थ नगरी की स्वच्छता बनाए रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि कूड़ा-कचरा खुले या सार्वजनिक स्थानों पर न फेंकें, बल्कि नगर निगम एवं जिला प्रशासन द्वारा स्थापित कूड़ेदानों का ही उपयोग करें। अभियान के दौरान लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया।

## मुहर्रम ड्यूटी में मोबाइल चलाना पड़ा भारी, महिला सिपाही निलंबित

किशनगंज। मुहर्रम जैसे संवेदनशील पर्व के दौरान ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर किशनगंज पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए एक महिला सिपाही को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने ड्यूटी के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल करती पाई गई महिला सिपाही अनुप्रिया कुमारी के खिलाफ यह कार्रवाई की। साथ ही पूरे मामले की विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं। शनिवार को पुलिस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार शुक्रवार दोपहर करीब 12:15 बजे पुलिस अधीक्षक शहर के विभिन्न संवेदनशील स्थलों का औचक निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान सौदागर पट्टी चौक पर तैनात महिला सिपाही संख्या-853 अनुप्रिया कुमारी अपने निर्धारित कर्तव्यों के निर्वहन के बजाय मोबाइल फोन का उपयोग करती मिलीं। आरोप है कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बुलाए जाने के बावजूद वह मोबाइल में ही व्यस्त रहीं और ड्यूटी के प्रति अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063